तापमान अधिकतम :24°C न्यूनतम: 10°C

सेंसेक्स 75,996.86 निफ्टी 22,959.50

सोना 87,615 चांदी 100,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

बरेली, मंगलवार 18 फरवरी 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 86 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2081 19 शाबान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

एआई को बौद्धिक बेहतरी की ताकत बनाने की जरूरत: नकवी

विस्तृत खबर देश-विदेश पर

ऑस्ट्रेलियाई टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान पहुंची

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

रिस्पना व बिंदाल कॉरिडोर का कार्य जल्द होगा शुरू: सीएम धामी

मुख्यमंत्री ने दिए निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में देहरादून एलिवेटेड कॉरिडोर की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिस्पना और बिंदाल कॉरिडोर का कार्य जल्द शुरू किया जाए। देहरादून एलिवेटेड कॉरिडोर को एक्सप्रेसवे से जोड़ते हुए केन्द्र से सहयोग का अनुरोध करने और स्टेट सेक्टर से शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए हैं।

देहरादून में आबादी और वाहनों की संख्या में तेजी से हो रही वृद्धि, पर्यटकों की संख्या में हो रही वृद्धि और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के बनने के बाद यातायात में संभावित वृद्धि के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने देहरादून एलिवेटेड कॉरिडोर का कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं। रिस्पना नदी के तल पर 11 किलोमीटर और बिंदाल नदी के तल पर

आबादी और वाहनों की वृद्धि के दृष्टिगत राज्य के अन्य शहरों के लिए भी सुनियोजित प्लान पर कार्य किया जाए

15 किलोमीटर लंबे चार लेन एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कार्य होना है। इन नदियों -**शेष पृष्ठ दो पर**

इकोलॉजी एवं इकोनॉमी संतुलन बनाकर हो रहे विकास कार्य

जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर कार्यशाला में बोले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

शाह टाइम्स ब्यूरो

देहरादून। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, अल्मोड़ा और अन्तर्राष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केन्द्र के साथ 'स्प्रिंगशेड प्रबंधन एवं जलवायु अनुकूलन: भारतीय हिमालयी क्षेत्र में सतत विकास के लिए रणनीतियां विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

स्प्रिंगशेड प्रबंधन एवं जलवायु अनुकूलन: भारतीय हिमालयी क्षेत्र में सतत विकास के लिए रणनीतियां

इस अवसर पर हे.न. बहुगुणा विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल द्वारा लिखित पुस्तक 'भारतीय हिमालय क्षेत्र एक सतत भविष्य की ओर' का विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करते हुए कहा कि इस कार्यशाला से जहां भारतीय हिमालयी क्षेत्र में -**शेष पृष्ठ दो पर**

प्राकृतिक जलस्रोतों पर नकारात्मक प्रभाव: महाराज

सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की वजह से प्राकृतिक जल स्रोतों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उत्तराखंड की परंपरा में जल स्रोतों को पवित्र माना जाता है और इनकी पूजा की जाती है। जल के महत्व को ध्यान में रखते हुए इसके संरक्षण के लिए सबको सामूहिक प्रयास करने होंगे।

लोगों को गांवों में वापस लाने पर हो काम: बेरी

उपाध्यक्ष नीति आयोग सुमन के. बेरी ने हिमालयी राज्यों में खाली हो रहे गांवों को फिर से पुनर्जीवन दिए जाने के लिए बाहर बस गए लोगों को अपने गांवों में वापस लाने के लिए जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने इसके लिए वाइब्रेंट विलेज योजना को गंभीरता से लेते हुए, ऐसे गांवों में रोजगार और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की बात कही। उन्होंने नीति आयोग के अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए विज्ञान, सामुदायिक सहभागिता एवं महिलाओं को सशक्तिकरण पर विशेष बल दिए जाने की बात कही। इसके लिए उन्होंने ब्रॉडबैंड सेवा के विस्तार, इन्टरनेट कनेक्टिविटी बढ़ाए जाने पर बल दिया।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 24 फरवरी से, तैयारी पूरी

लखनऊ। उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेंगी। प्रदेश सरकार के नकलविहीन परीक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। इस सिलसिले में सोमवार को सूबे के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की और सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री सिंह ने कहा कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा कुल 8140 परीक्षा केन्द्रों पर होगी, जिनमें 576 राजकीय, 3446 सहायता प्राप्त व 4118 स्ववित्तपोषित विद्यालय हैं।

यात्रियों की भीड़ प्रबंधन को मैनुअल तैयार करेगा रेलवे

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गत शनिवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए देश के करीब 60 स्टेशनों में होल्डिंग एरिया बनाने और एक समग्र मैनुअल तैयार करने की बात कही है। श्री वैष्णव ने रेल मंत्रालय में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्घटना को देखते हुए तय किया गया है कि देश के करीब 60 स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे। जहां संभव होगा, स्थाई होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे।

कांग्रेस ने फिर मांगा रेल मंत्री का इस्तीफा

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में भगदड़ में मारे गए लोगों के आंकड़े छुपाए जा रहे हैं और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जिम्मेदारी निभाने की बजाय आंकड़े छुपाने में व्यस्त हैं, इसलिए उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट कर कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुआ दर्दनाक हादसा रेल मंत्रालय और रेल मंत्री की लापरवाही का परिणाम है। रेल प्रशासन भगदड़ के लिए जिम्मेदार है और यह जिम्मेदारी लेते हुए रेल मंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। पार्टी ने इसके साथ ही कुछ पोस्टर भी पोस्ट किए हैं और कहा है कि रेल मंत्री ने रेलवे को बर्बाद कर दिया है। उन्हें अब पद पर रहने का अधिकार नहीं है।

उत्तराखंड सूचना केंद्र में नया सूचना अधिकारी नियुक्त

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में स्थित उत्तराखंड राज्य सूचना केंद्र में कुंदन कुमार को नया सूचना अधिकारी नियुक्त किया गया है। उत्तराखंड सूचना विभाग के अनुसार श्री कुमार 2021 की प्रांतीय सेवा के अधिकारी हैं और उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में तैनाती मिली है। उन्होंने सोमवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। मिलिट्री स्कूल शिमला से शिक्षा प्राप्त श्री कुमार ने पत्रकारिता में उच्च शिक्षा बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से हासिल की है।

कुशीनगर मस्जिद पर बुलडोजर एक्शन से भड़का सुप्रीम कोर्ट

कोर्ट ने 13 नवम्बर 2024 के आदेश के उल्लंघन को लेकर योगी सरकार को भेजा नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में सुप्रीम कोर्ट ने पूछा है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने कुशीनगर में मस्जिद में तोड़फोड़ करके उनके 13 नवम्बर 2024 के आदेश का उल्लंघन किया है।

13 नवम्बर 2024 को दिए आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने बिना पूर्व नोटिस और दूसरे पक्ष को सुने बिना तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल कुशीनगर मामले में आगे किसी भी तरह की तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए पूछा कि क्यों न संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अदालत की अवमानना करने के लिए कार्रवाई की जाए? सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर आदेश पारित करते हुए कुशीनगर मामले में आगे किसी भी तरह की तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी है। गौरतलब है कि कुशीनगर जिले में प्रशासन ने मदनी मस्जिद के

फिलहाल कुशीनगर मामले में आगे किसी भी तरह की तोड़फोड़ कार्रवाई पर लगी रोक

एक हिस्से में तोड़फोड़ की है। आरोप है कि मस्जिद का निर्माण जमीन पर अतिक्रमण करके किया गया। इस महीने की शुरुआत में प्रशासन ने बुलडोजर से मस्जिद के कथित अवैध हिस्से को गिरा दिया। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि जांच में पता चल गया था कि मस्जिद के निर्माण में कोई अतिक्रमण नहीं हुआ है और एसडीएम की रिपोर्ट में इसका जिक्र है। इसके बावजूद कार्रवाई की गई।

पूजा स्थलों के लिए कानून का मामला स्टे बरकरार, मामला तीन सदस्यीय बेंच को सौंपा, सुनवाई अप्रैल में

नई दिल्ली। पूजा स्थलों के संरक्षण कानून से संबंधित दायर याचिकाओं पर सोमवार को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के समक्ष सुनवाई हुई। इस दौरान सीजेआई ने पिछली सुनवाई में दिए गए स्टे को बरकरार रखते हुए साथ ही, अदालत ने नई याचिकाओं पर नोटिस जारी करने के बजाय उन्हें याचिका के रूप में दाखिल करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश के आदेश के अनुसार अब तीन सदस्यीय पीठ अप्रैल के पहले सप्ताह में इस मामले की सुनवाई करेगी।

सोमवार को इस कानून के खिलाफ पांच नई याचिकाएं सुनवाई के लिए पेश की गईं, लेकिन अदालत ने उन पर नोटिस जारी करने से इन्कार कर दिया। हालांकि वकीलों ने अदालत से अनुरोध किया कि अब तक दायर सभी याचिकाओं को

मस्जिद-मस्जिद मंदिर तलाश करने वाले इस देश की एकता के दुश्मन: मौलाना अरशद मदनी

सुनवाई के लिए स्वीकार किया जाए, लेकिन अदालत ने कहा कि किसी भी चीज की एक सीमा होती है और यह सीमा अदालत को तय करनी होती है। इसलिए जिन याचिकाओं पर पहले ही नोटिस जारी नहीं किया गया है, उन पर अब नोटिस जारी नहीं किया जाएगा, लेकिन उन्हें पक्षकार के रूप में आवेदन दाखिल करने की अनुमति होगी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने सोमवार को पूजा स्थल के संरक्षण कानून के समर्थन और विरोध में दायर सभी याचिकाओं की एक साथ सुनवाई -**शेष पृष्ठ दो पर**

दिल्ली-एनसीआर में लगे भूकंप के तेज झटके

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली- एनसीआर में सोमवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता चार मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र (एनसीएस) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह पांच बजकर 36 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए।

भूकंप की तीव्रता चार मापी गई और भूकंप का केन्द्र राष्ट्रीय राजधानी में जमीनी सतह से पांच किलोमीटर नीचे स्थित था। दिल्ली के अलावा फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, गाजियाबाद, नोएडा और उसके आसपास के क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के तेज झटकों के कारण घरों के छत के पंखे तेजी से हिलने लगे और घरों में रखे बर्तन खड़कने लगे। भय के मारे लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। एनसीएस के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.0 मापी गई। भूकंप का केन्द्र 28.59 डिग्री उत्तर अक्षांश और 77.16 डिग्री पूर्वी देशांतर, जमीनी सतह से पांच किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। कई साल के बाद भूकंप का केंद्र दिल्ली रहा। इसकी वजह से यहां लोगों को झटके काफी देर तक महसूस हुए। दिल्ली पुलिस ने किसी तरह की परेशानी होने पर लोगों से आपातकालीन सेवा 112 पर डायल करने की सलाह दी है। अभी तक किसी तरह की जनहानि और नुकसान की कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के निवासियों से 'शांत' रहने का आग्रह किया और कहा कि अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में झटके महसूस किए गए। सभी से शांत रहने और सुरक्षा सावधानियों का पालन करने, संभावित झटकों के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया जाता है। अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। भूकंप के कारण धौला कुआं में स्थित झील पार्क में 20 से 25 साल पुराना पेड़ गिर गया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता चार मापी गई

मोदी का दिल्लीवासियों को शांत रहने का आग्रह

भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील है दिल्ली

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह आए भूकंप से उत्तर भारत के कई इलाकों की धरती कांप गई। भूकंप के झटके इतने तेज महसूस किए गए कि लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल गए और लोगों में दहशत का माहौल देखा गया। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 4.0 रही और इस भूकंप का केंद्र दिल्ली के धौला कुआं इलाके में जमीन के पांच किलोमीटर भीतर था। चूंकि भूकंप का केंद्र दिल्ली में ही था और जमीन के बहुत अंदर नहीं था, तो इसकी वजह से भूकंप के तेज झटके महसूस हुए और कई लोगों ने बताया कि उन्हें ऐसा लगा जैसे जमीन के अंदर ट्रेन चल रही है। दिल्ली भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील है और यह सिस्मिक जोन-4 के अंतर्गत आती है। इस जोन के इलाकों में भूकंप का खतरा ज्यादा रहता है। दिल्ली आपदा प्रबंधन अधिकरण के अनुसार, इस जोन में तेज भूकंप आने का खतरा रहता है और इन भूकंपों की तीव्रता 5.6 मैग्नीट्यूड हो सकती है।

नई दिल्ली भगदड़ मामला: स्टेशन पर सीआरपीएफ तैनात

नई दिल्ली। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) और दिल्ली पुलिस की तैनाती की गई है। महाकुंभ के बीच बढ़ती भीड़ को कंट्रोल करने के लिए केंद्र सरकार ने यह फैसला लिया है।

इसके अलावा रेलवे ने 26 फरवरी तक शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक काउंटर से प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री बंद कर दी है। सूत्रों के मुताबिक रेलवे ने भविष्य में पीक सीजन में भगदड़ जैसी घटनाओं से बचने के लिए देश के 60 बड़े स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाने की योजना बनाई है। महाकुंभ के बाद 2027 में नासिक और हरिद्वार में

26 फरवरी तक काउंटर से प्लेटफार्म टिकट बंद, 60 स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाने की तैयारी

भी अर्धकुंभ लगेंगे। इसके अलावा 2028 में मध्य प्रदेश के उज्जैन में भी सिंहस्थ मेले का आयोजन होना है।

महाकुंभ में आग लगने से कई शिविर तबाह

महाकुंभनगर। प्रयागराज में महाकुंभनगर के सेक्टर आठ में सोमवार को आग लगने से कई टेंट जल कर राख हो गए। किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि सेक्टर आठ में बजरंगदास मार्ग के एक खाली शिविर में आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन दल की कई गाड़ियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। घटनास्थल की चारों तरफ से घेराबंदी कर लोगों को आसपास से आने जाने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि शिविर खाली कर श्रद्धालु जा चुके थे। आग लगने का तत्काल कारण नहीं पता चल सका।

दिल्ली के नए सीएम की शपथ 20 को

सीएम फेस तय नहीं, कल होगी विधायक दल की बैठक

पीएम समेत 20 राज्यों के मुख्यमंत्री आएंगे

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव रिजल्ट के 12 दिन बाद 20 फरवरी को नए मुख्यमंत्री रामलीला मैदान में शपथ लेंगे। हालांकि, भाजपा ने अब तक सीएम फेस तय नहीं किया है। पार्टी विधायक दल की बैठक 19 फरवरी को बुलाई गई है, जिसमें सीएम की घोषणा होगी।

इससे पहले 16 फरवरी शाम को खबर आई कि 17 फरवरी, यानी सोमवार को विधायक दल की बैठक होगी और 18 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह होगा। हालांकि, कुछ देर बाद इसे दो दिन के लिए टाल दिया गया। इसकी वजह नहीं बताई गई। सूत्रों के मुताबिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम दिल्ली के रामलीला मैदान में होगा। इसमें पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्री, भाजपा और एनडीए शासित 20 राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम शामिल होंगे।

10 दिन में भी सीएम नहीं चुन पाई भाजपा : 'आप'

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि चुनाव परिणाम के दस दिन बाद भी भाजपा दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाम का चयन नहीं कर पाई है। सुश्री आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन कर सोमवार को कहा कि पिछले दस दिन से मुख्यमंत्री के चयन नहीं कर पाने से यह साबित हो गया कि भाजपा के विधायकों में से एक भी मुख्यमंत्री बनने के लायक नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव के नतीजे आए हुए दस दिन बीत चुके हैं। दिल्ली की जनता इंतजार करती रह गई, लेकिन भाजपा मुख्यमंत्री पर कोई फैसला नहीं ले पाई। उन्होंने कहा कि आज यह साबित हो गया है कि भाजपा के पास दिल्ली सरकार चलाने के लिए कोई चेहरा नहीं है। अगर उनके पास मुख्यमंत्री बनने लायक ही नहीं है, तो सरकार कैसे चलाएंगे।

चुनाव आयोग को अलविदा कहा राजीव कुमार ने

नई दिल्ली। निवर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को कहा कि भारतीय चुनाव प्रणाली दुनिया की सबसे बड़ी और पारदर्शी चुनाव प्रणालियों में से एक है तथा देश लोकतंत्र का एक चमकता प्रकाश-स्तम्भ है। देश के 25वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार का भारतीय निर्वाचन आयोग में मंगलवार को आखिरी दिन है। उन्होंने आयोग के मुख्यालय पर आयोजित विदाई समारोह में कहा कि भारत को लोकतांत्रिक व्यवस्था अपने गुणों के साथ दुनिया के तमाम देशों के लिए प्रेरणा का विषय है। हमें अपनी इस 'सॉफ्ट पावर' का फायदा उठान चाहिए।

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष फिर विवादों के घेरे में

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष और राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा ने कहा कि भारत को चीन को अपना दुश्मन मानना बंद कर देना चाहिए। चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है।

हालांकि कांग्रेस ने सैम पित्रोदा के बयान से किनारा कर लिया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सैम पित्रोदा के चीन पर व्यक्त किए गए विचार कांग्रेस के विचार नहीं हैं। एक इंटरव्यू में सैम पित्रोदा ने कहा कि चीन को दुश्मन मानने के बजाय उसे सम्मान देना चाहिए। मुझे समझ ही नहीं आता कि भारत को चीन से क्या खतरा है। हम सभी को साथ आकर काम करना चाहिए। भारत को चीन के प्रति अपने

चीन भारत का दुश्मन नहीं: सैम पित्रोदा कहा: हमें उसके साथ मिलकर काम करना चाहिए, कांग्रेस ने बयान से किया किनारा

नजरिये को बदलने की जरूरत है। पित्रोदा ने कहा कि हमारा रवैया पहले दिन से ही टकराव का रहा है। यह दुश्मनी पैदा करता है। मुझे लगता है कि हमें इस पैटर्न को बदलने की जरूरत है। यह किसी के लिए भी ठीक नहीं है। पित्रोदा ने कहा कि अब सभी देशों को एक साथ आने का समय है। हमें सीखने, संवाद बढ़ाने, सहयोग करने और मिलकर काम करने की जरूरत है, हमें कमांड और कंट्रोल की मानसिकता से बाहर निकलना होगा। चीन चारों ओर है, चीन बढ़ रहा है, हमें इसे पहचानना और समझना होगा। दुनिया के सभी देश आगे बढ़ रहे हैं। कुछ तेजी से, कुछ धीमे। जो बहुत गरीब हैं, उन्हें तेजी से बढ़ना होगा और जो संपन्न हैं, उनकी वृद्धि धीमी होगी, जो विकसित हैं, उनकी आबादी बुजुर्ग होगी, जबकि विकासशील देशों की आबादी युवा होगी।

भाजपा ने पित्रोदा के बयान पर कांग्रेस से सफाई मांगी

नई दिल्ली। भाजपा ने ओवरसीज़ कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के चीन को लेकर दिए गए बयान को निंदनीय एवं गलवान के शहीदों एवं भारतीय सेना के बलिदान का अपमान करार दिया है और कांग्रेस से इस बयान पर सफाई मांगते हुए देश के विरोधी ताकतों के साथ भारत में सामाजिक आर्थिक विघटन में लिप्त होने का आरोप लगाया है। भाजपा के सांसद एवं प्रवक्ता डा. सुधांशु त्रिवेदी ने यह आरोप लगाया। डा. त्रिवेदी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ज्यों-ज्यों आर्थिक, सामरिक और कूटनीतिक दृष्टि से विश्व के पटल पर एक शक्तिशाली और प्रभावशाली देश के रूप में उभरता जा रहा है।

प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने में मदद करे विपक्ष : योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मंगलवार (आज) से शुरू होने वाले उप्र विधानसभा के बजट सत्र की पूर्व संध्या पर आयोजित सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष से जनहित के मुद्दों को सदन में रखने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ चर्चा से प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने में सरकार की मदद करें।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक में नेता सदन एवं मुख्यमंत्री योगी ने विपक्षी दलों से सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों के नेताओं से कहा कि जनहित के मुद्दों को सदन में रखें एवं स्वस्थ चर्चा कर प्रदेश में विकास को और गति प्रदान करने में सरकार का सहयोग करें। विधानसभा सत्र संचालन के संबंध में विधान भवन में सोमवार को सर्वदलीय बैठक हुई।

मुख्यमंत्री ने सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने का किया अनुरोध

एआई को बौद्धिक बेहतरी की ताकत बनाने की जरूरतः नकवी

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने आज सोमवार को कहा कि 'गुरुकुल से लेकर गूगल' तक भारतीय शिक्षा का स्वर्णिम सफर देश की 'आध्यात्मिक तक्षशिला विरासत' और 'आधुनिक तकनीकी विकास' की संयुक्त समावेशी शक्ति है।

नकवी ने हैदराबाद में मौलाना आजाद उर्दू विश्वविद्यालय में आयोजित सेमिनार 'सोशियोलॉजी ऑफ़ सबआल्टर्न कम्युनिटीज़: रीविजीटिंग दलित्स, माइनॉरिटीज एंड ट्राइबल स्टडीज़ इन साउथ इंडिया' को सम्बोधित करते हुए कहा कि इसी 'आधुनिक टेक्नोलॉजी के टावर और आध्यात्मिक ट्रांसफॉर्मेशन पावर' ने भारत को 'शिक्षा की शक्तिपीठ' बनाया है। उन्होंने कहा कि आज गूगल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दौर में व्यापारिक घराने, सरकारी सिस्टम, मीडिया, राजनीतिक दल, फिल्म उद्योग, शैक्षणिक संस्थान, कृषि क्षेत्र, अपनी ओरीजनल क़ाबिलियत की जगह आर्टिफिशियल कौशल की अंधी भगदड़ में भागते दिख रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को 'बौद्धिक बेहतरी की ताक़त' बनाने की ज़रूरत है 'बुद्धि को बंधक बनाने की आफ़त' नहीं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और गूगल जैसे विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म 'क़ुदरती काबिलियत' की मजबूती का साधन है मजबूरी का नहीं। भाजपा नेता ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों के सफल शानदार नेतृत्व क़ुदरती कौशल-काबिलियत की कसौटी में कस कर और समस्याओं और संघर्षों में तप कर निकलें हैं।

पीडीपी ने उमर सरकार की क्षमता पर उठाए सवाल

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने केन्द्रशासित प्रदेश में वर्तमान में भय के माहौल पर गंभीर चिंता जताई और जम्मू-कश्मीर सरकार पर प्रदेश की जनता की बुनियादी सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करने की क्षमता पर सवाल उठाए हैं। स्पीक अप न्यूजलेटर के नवीनतम संस्करण में पार्टी ने इस बात पर जोर दिया है कि विकास की किसी भी बात से पहले कश्मीरियों को भयमुक्त जीने के मौलिक अधिकार की गारंटी दी जानी चाहिए। कठुआ और बारामूला की दो हालिया घटनाओं का हवाला देते हुए पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हमेशा की तरह ट्वीट करके घटनाओं की निंदा की। पीडीपी ने कहा कि दोनों मामलों में पत्रकारों और विपक्षी नेताओं को शोक संतप्त परिवारों से बात करने से रोक दिया गया, पीड़ितों की तरह ही उनकी आवाज को भी दबा दिया गया।

महाकुम्भ का विरोध करने वालों से बेहतर हमारी इकोनॉमीः योगी

लखनऊ, वार्ता

■ श्रद्धालुओं के आगमन ने संस्कृति को नई पहचान दी अर्थव्यवस्था भी बढ़ाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देकर किस तरह देश की एकता और आर्थिकी को प्रोत्साहित किया जा सकता है, यह महाकुम्भ के अवसर पर सहज ही अनुभव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अयोध्या, काशी और प्रयागराज में जिस प्रकार श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है, उसने भारतीय संस्कृति को नई पहचान तो दी ही है, अर्थव्यवस्था को भी बड़ा बूस्ट दिया है।

अयोध्या, काशी और प्रयागराज ने भारत के पोटेंशियल को दर्शाया है। महाराष्ट्र से आए युवा उद्यमियों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि महाकुम्भ का विरोध करने वालों से हमारी इकोनॉमी बेहतर है। उन्होंने उद्यमियों से पूछा कि अगर केंद्र व राज्य की तरफ से मिलकर 7500 करोड़ रुपए खर्च करके अर्थव्यवस्था में तीन से साढ़े तीन लाख की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है, तो कौन सा सौदा सही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या, प्रयागराज, काशी, चित्रकूट, गोरखपुर, नैमिषारण्य में बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर है। अयोध्या में सड़क चौड़ीकरण, इंटरनेशनल एयरपोर्ट निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम के दौरान यह लोग विरोध कर रहे थे, लेकिन जब सरकार ने दृढ़ इच्छाशक्ति से निर्णय लिया, तो रिजल्ट सामने है। एक वर्ष में रामजन्मभूमि मंदिर में 700 करोड़ का चढ़ावा आया। इन लोगों को अब यह भी बुरा लगेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ में अब तक 53 करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की पावन डुबकी लगा चुके हैं। अगले 9 दिन तक यह उत्सव इसी रूप में चलेगा। यही भारत की पोटेंशियल है। भारत की आस्था को यदि सम्मान दिया गया होता, तो भारत और भी ऊंचाइयों को प्राप्त किया होता। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से कहा कि आप सभी को अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि, प्रयागराज, काशी समेत कई स्थलों को देखने का सौभाग्य प्राप्त होगा। वर्तमान में देश-दुनिया से श्रद्धालु तीनों स्थानों पर आकर भारत की आस्था को दुनिया के सामने भी दिखाकर अपनी ताकत का अहसास भी करा रहे हैं। उन्होंने कहा किदेश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य यूपी में 25 करोड़ की आबादी निवास करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में पिछले 10 वर्ष के अंदर पहली बार देश की आस्था को सम्मान प्राप्त हुआ। उन्होंने भारत के इस पोटेंशियल को पहचाना। उन स्थलों को फिर से मान्यता प्राप्त हुई, जिनके लिए भारत जाना जाता था। 500 वर्ष का इंतजार समाप्त हुआ और रामलला विराजमान हुए। 2016-17 में यूपी में जब भाजपा सरकार नहीं थी, तब यहां श्रद्धालुओं की संख्या महज 2.35 लाख हुआ करती थी, 2024 में यह संख्या बढ़कर लगभग 14.15 करोड़ से अधिक रही। उन्होने कहा कि अयोध्या के विकास के लिए जो कुछ भी हो रहा है, वह श्रद्धालुओं के सहयोग का परिणाम है।

सीएम योगी ने किया विधानसभा द्वार का उद्घाटन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र से पहले सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानभवन के मुख्य द्वार का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर विधानसभा परिसर में विभिन्न भित्तिचित्रों का अनावरण भी किया गया। विधानसभा को हाईटेक और अधिक कलात्मक बनाने के क्रम में इस कार्य को पूरा किया गया है। बता दें कि नव निर्मित भित्तिचित्रों में भारत की ऐतिहासिक घटनाओं और राजनीतिक व्यवस्था को उकेरा गया है। इनमें गीता के विभिन्न प्रसंग भी दर्शाए गए हैं, जिससे विधानसभा भवन अब और भी अधिक भव्य और आकर्षक दिखने लगा है। पहले लकड़ी का गेट हुआ करता था, जिसे अब अत्याधुनिक और नक्काशीदार स्टील के मजबूत गेट से बदल दिया गया है। विधानसभा के सौंदर्यीकरण और आधुनिकीकरण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली में 5 साल में बदले जाएंगे 3 सीएम

नई दिल्ली। दिल्ली की आप सरकार में मंत्री रहे गोपाल राय ने कहा कि बीजेपी की पिछली सरकार की तरह ही आगामी 5 साल में 3 मुख्यमंत्री बदले जाएंगे। दिल्ली में अस्थिर सरकार रहेगी। हमने फैसला लिया है कि संगठन दिल्ली की जनता के साथ पूरी ताकत के साथ खड़ा रहेगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के सभी पदा. धिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में कहा गया कि आप विपक्ष की भूमिका निभाते हुए चुनाव में बीजेपी द्वारा किए गए वादों पूरा कराने की कोशिश करेगी। आम आदमी पार्टी के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने बैठक में कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में दिल्ली के लोगों ने आप को 43 प्रतिशत वोट दिया और बीजेपी को 45.6 प्रतिशत वोट दिया है। आम आदमी पार्टी से 2 प्रतिशत वोट ज्यादा बीजेपी को मिला, जबकि बीजेपी ने दिल्ली के अंदर चुनाव आयोग की सरेआम धज्जियां उड़ाईं।

स्टैंडर्ड चार्टर्ड ने पीडी सिंह को भारत में सीईओ बनाया

नई दिल्ली। स्टैंडर्ड चार्टर्ड ने सोमवार को पीडी सिंह को भारत के लिए अपना मुख्य कार्यकारी अधिक. ारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की। उनकी नियुक्ति पहली अप्रैल से प्रभावी होगी। बैंक की एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री सिंह ज़रीन दारूवाला का स्थान लेंगे, जो 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सिंह को बैंकिंग और वित्त में लगभग तीन दशकों का अनुभव है। वह यूरोपीय और अमेरिकी बैंकों के कई व्यवसाय खंडों में नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभा चुके हैं।

मिल्कीपुर उपचुनाव में हार को देंगे चुनौती

मिल्कीपुर (अयोध्या। फैजाबाद से सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा है कि हम मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव को निरस्त कराने की मांग को लेकर सपा कोर्ट जाएगी। वह मिल्कीपुर में कार्यकर्ता सम्मान समारोह में शामिल हुए, जिसमें उन्होंने चुनाव में गड़बड़ी होने का आरोप लगाया है। सपा सांसद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे नेता अखिलेश यादव ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से बहुत बड़े वकीलों से राय ली है और उन्होंने ये बताया कि मामला बहुत गंभीर है।

इजरायल और लेबनान में युद्ध विराम के बीच दागे राकेट लॉन्चर

इजरायल का हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला

यरूशलम, वार्ता



■ दो हवाई हमले हरबता शहर के बाहरी इलाके में किए और तीसरा हमला हलबता शहर पर किया

इजरायल की सेना ने दोनों देशों के बीच एक नाजुक युद्धविराम के बीच कहा कि उसके युद्धक विमानों ने लेबनान में साइटों पर हमला किया, दावा किया कि वे हिजबुल्लाह सैन्य ठिकाने थे, जिनमें रॉकेट लॉन्चर और हथियार थे।

लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) के अनुसार युद्धक विमानों ने दो हवाई हमले हरबता शहर के बाहरी इलाके में किए और तीसरा हवाई हमला हलबता शहर पर किया, दोनों पूर्वी लेबनान में उत्तरी बेका घाटी में स्थित हैं। एनएनए ने कहा कि इजरायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के सिडोन के उत्तर में एक शहर वादी अल-जायनी पर भी हवाई हमला किया। वहीं इजरायल की सरकार ने रविवार को इयाल ज़मीर को देश के नए सैन्य प्रमुख के रूप में मंजूरी दे दी। अक्टूबर 2023 में हमास के हमले को रोकने में अपनी विफलता के कारण जनवरी में पूर्ववर्ती सैन्य प्रमुख हर्ज़ी हलेवी ने इस्तीफा दे दिया था। एक सरकारी बयान में कहा गया कि जमीर की नियुक्ति को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई।

जमीर (59) ने पिछले दो वर्षों से रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक के रूप में कार्य किया है और मार्च की शुरुआत में आधिकारिक तौर पर अपनी नई भूमिका ग्रहण करेंगे। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) में अपने 38 साल के करियर के दौरान, जमीर ने कई वरिष्ठ पदों पर काम किया है, जिसमें आईडीएफ के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ, आईडीएफ दक्षिणी कमान के कमांडर और प्रधान मंत्री के सैन्य सचिव शामिल हैं।

इजरायल गाजा में युद्ध विराम कायम रखने को लेकर गंभीर नहींः तुर्की

इंस्ताबुल। तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान ने कहा है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के साथ संघर्ष विराम के समझौते को कायम रखने के प्रति गंभीर नहीं दिखाई दे रहे हैं। फिदान ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के अवसर पर टीआरटी वर्ल्ड से बातचीत के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि नेतन्याहू का सभी बंधकों को छुड़ाने के बाद भी युद्ध विराम जारी रखने का कोई इरादा नहीं है। उनका इरादा फिर से युद्ध शुरू करने का है, क्योंकि अमेरिका के अलावा उन्हें रोकने के लिए अन्य किसी का कोई दबाव बनता नजर नहीं आ रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को नेतन्याहू पर दबाव बनाने की ज़रूरत है, ताकि युद्धविराम समझौते को सुरक्षित रखा जा सके, जिससे फिर से जनसंहार न हो। गौरतलब है कि 19 जनवरी से गाजा में इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम लागू है। दोनों पक्षों में 21 इजरायली बंधकों और पांच थाई नागरिकों को छोड़ने के बदले एक हजार से अधिक फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया गया है।

अफगान ने शरणार्थियों के साथ दुर्व्यवहार पर पाकिस्तान के समक्ष जताया विरोध

काबुल। अफगानिस्तान इस्लामी अमीरात के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने अफगान शरणार्थियों के साथ दुर्व्यवहार करने पर पाकिस्तान के समक्ष विरोध जताया। मंत्रालय ने रविवार को बताया कि पाकिस्तानी पुलिस ने शनिवार को क्वेटा शहर और बलूचिस्तान प्रांत के कुछ अन्य स्थानों पर अफगान शरणार्थियों के घरों पर छापे मारे और उनके साथ दुर्व्यवहार किया तथा उन्हें अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर किया। हिरासत में लिए गए लोगों में पुरुषों के अलावा 65 बच्चे और 30 महिलाएं भी हैं। बयान में कहा गया कि अफ़गानिस्तान के इस्लामी अमीरात के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय इस तरह की कार्रवाइयों का कड़ा विरोध और निंदा करता है, और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से पाकिस्तान में अफगान शरणार्थियों को सहायता तथा सहयोग प्रदान करना जारी रखने का आह्वान करता है, ताकि वे सम्मान के साथ घर लौट सकें। मंत्रालय ने बताया कि सभी बंदियों को तुरंत दक्षिण अफगानिस्तान के कंधार प्रांत के स्पिन बुल्दक शहर में सीमा पार करके अफगानिस्तान भेज दिया गया। बयान में कहा गया है कि पिछले दो सालों में पाकिस्तानी सरकार ने बार-बार इसी तरह की कार्रवाइयां की हैं, जो अंतर्राष्ट्रीय और इस्लामिक कानूनों के खिलाफ हैं।

प्रयागराज रेलवे स्टेशन २८ फरवरी तक बंद

प्रयागराज, वार्ता

■ यात्रियों की उमड़ रही भारी भीड़, गर्मी से बेहोश होकर गिर रहे श्रद्धालु

महाकुंभ में सोमवार को रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ गई, हालात बेकाबू हो गए हैं। इसी के चलते प्रशासन ने एक्शन लिया है और रेलवे स्टेशन में उमड़ी भीड़ के चलते लोगों के बीच भगदड़ न मचे इसीलिए पुलिस ने मेले से लौट रहे लोगों को रास्तों में रोक दिया है। हालात काबू में करने के लिए स्टेशन के अंदर पब्लिक का प्रवेश रोक दिया गया है। इसी के साथ 28 फरवरी तक स्टेशन को बंद कर दिया गया है।

महाकुंभ मेले में उमड़ रही भारी भीड़ के बीच ये अफवाह फैल गई कि उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) का प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है, जबकि सच्चाई है कि महाकुंभ शुरू होने के पहले ही इसे बंद कर दिया गया था। इसको लेकर रेलवे की ओर से कहा गया है कि ये अफवाह है कि भीड़ के बीच स्टेशन बंद किया गया है। प्रयागराज संगम स्टेशन महाकुंभ शुरू होने से पहले ही बंद कर दिया गया था। बता दें कि महाकुंभ में देश के हर कोने से आ रही लोगों की भारी भीड़ और शनिवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की घटना को देखते हुए प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, कानपुर और मिर्जापुर समेत धार्मिक आस्था से जुड़े नगरों के स्टेशनों पर पूर्व में जारी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि हम पूर्व में जारी प्रोटोकॉल का ही सख्ती से लागू करना सुनिश्चित कर रहे हैं।

अखिलेश ने कसा तंज

महाकुंभ रेलवे स्टेशन पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो जाने के बाद समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने एक पोस्ट किया। उन्होंने कुछ लोगों की वीडियो पोस्ट कर सीएम योगी पर सवाल उठाए। उन्होंने लिखा, सुन ले यूपी का शासन और प्रशासन श्रद्धालुओं के कटु अनुभव और वचन। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि आज कुंभ में बड़े पैमाने पर व्यवस्थाएं खराब हैं। वहां भगदड़ मची, लोगों की जान गई, मगर जिन लोगों की जान गई है, उनकी सूचि अभी तक नहीं आई है।

अर्थ व्यापार

आठ दिनों की गिरावट से उबरा बाजार

मुंबई, वार्ता

विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, हेल्थकेयर, यूटिलिटीज, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और सर्विसेज समेत ग्यारह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार न केवल शुरुआती बल्कि पिछले लगातार आठ दिनों की गिरावट से उबरने में कामयाब हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 57.65 अंक की बढ़त के साथ 75,996.86 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 30.25 अंक मजबूत होकर 22,959.50 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.51 प्रतिशत उछलकर 39,932.63 अंक पर पहुंच गया, वहीं स्मॉलकैप 0.56 प्रतिशत की गिरावट लेकर 45,156.89 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4221 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1354 में लिवाली जबकि 2733 में बिकवाली हुई, वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह में 34 कंपनियों में तेजी जबकि 16 में गिरावट रही।

बीएसई के 11 समूहों में बढ़त का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 0.53, ऊर्जा 0.89, वित्तीय सेवाएं 0.28, हेल्थकेयर 1.14, यूटिलिटीज 0.79, बैंकिंग 0.26, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.90, धातु 0.76, तेल एवं गैस 0.74, पावर 0.75 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.82 प्रतिशत उछल गए। वैश्विक स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.18, जर्मनी का डैक्स 0.84, जापान का निक्केई 0.06 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.27 प्रतिशत मजबूत रहा। वहीं हांगकांग के हैंगसेंग में 0.02 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 298 अंक लुढ़ककर 75,641.41 अंक पर खुला और भारी बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 75,294.76 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं लिवाली के पर कारोबार के अंतिम चरण में यह 76,041.96 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 75,939.21 अंक के मुकाबले 0.08 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 75,996.86 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी 119 अंक की गिरावट लेकर 22,809.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,725.45 अंक के निचले, जबकि 22,974.20 अंक के निचले स्तर पर रहा।

वाणिज्यिक निर्यात जनवरी में 2.4 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2025 में भारत से वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात सालाना आधार पर 2.4 प्रतिशत घटकर 36.43 अरब डॉलर रहा। जनवरी 2024 में यह आंकड़ा 37.32 अरब डॉलर था। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी में वाणिज्यिक वस्तुओं का आयात बढ़कर 59.42 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 53.88 अरब डॉलर था। इस तरह जनवरी में व्यापार घाटा (वस्तुओं के आयात की तुलना में निर्यात का अंतर) 22.99 अरब डॉलर रहा। जनवरी में देश से सेवाओं का निर्यात 24.31 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि के साथ अनुमानित 38.55 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 31.01 अरब डॉलर था।

खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय पर उठाव कमजोर रहने से सोमवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहनः वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 52 रिंगिट चढ़कर 4,752 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट की तेजी के साथ 46.21 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा।

चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7250-7350, मूंग दाल 9300-9300, उड़द दाल 8900-9000, अरहर दाल 7650-7750 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4280-4380, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15457 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16044 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

रिस्पना व... के अन्दर स्थित जन सेवाओं जैसे विद्युत लाइन, हाई टेंशन लाइन, सीवर लाइन का नदी से बाहर विस्थापन होना है। एलिवेटेड रोड के साथ नदी के दोनों किनारों पर रिटेनिंग वॉल और निर्माण और बाढ़ सुरक्षा का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राज्य में जो भी विकास के कार्य किए जा रहे हैं, उनका आउटपुट धरातल पर दिखे। कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी राजजात यात्रा के लिए भी तैयारी शुरू की जाए। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि यूआईआईडीबी, देहरादून एलिवेटेड रोड, गढ़वाल और कुमाऊं की कनेक्टिविटी के कार्यों, मानसखंड मंदिर माला मिशन, आगामी नंदा राजजात की तैयारियों कीं नियमित समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री भी समय-समय पर इनकी समीक्षा करेंगे। बैठक में राज्य अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक धनंजय मोहन, सचिव शैलेश बगोली, नितेश झा, डा. पंकज कुमार पांडेय, वी. षणमुगम, एसएन पांडेय, डा. आर. राजेश कुमार, रणवीर सिंह चौहान, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी, एसएसपी देहरादून अजय सिंह, नगर आयुक्त नमामि बंसल व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

इकोलॉजी एवं... जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के प्रयासों को बल मिलेगा, वहीं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए कार्ययोजना बनेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्प्रिंग शेड मैनेजमेंट और जलवायु संरक्षण की दिशा में प्राथमिकता से कार्य कर रही है। पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता बनाए रखने के लिए इकोनॉमी और इकोलॉजी के बीच समन्वय बनाकर कार्य किए जा रहे हैं। राज्य में जीडीपी की तर्ज पर जीईपी इंडेक्स तैयार कर जल, वन, भूमि और पर्वतों के पर्यावरणीय योगदान के आकलन के प्रयास किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देश का एक महत्वपूर्ण वाटर टावर भी है। यहां के ग्लेशियर पानी के अविरल स्रोत हैं। इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य डा. वीके सारस्वत, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, नीति आयोग के सलाहकार सुरेन्द्र मेहरा, प्रमुख वन संरक्षक धनंजय मोहन, उप निदेशक आईसीआईएमओडी इजाबेल, निदेशक एनआईएचई प्रो. सुनील नौटियाल उपस्थित थे।

पूजा स्थलों... की। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद केंद्र सरकार ने अभी तक अपना हलफनामा दाखिल नहीं किया, जिस पर इस कानून के विरोध में याचिका दायर करने वाले वकीलों ने नाराजगी व्यक्त की। इस पर सीजेआई ने कहा कि पहले याचिकाओं के दाखिले की प्रक्रिया पूरी हो जाए, उसके बाद केंद्र सरकार सभी याचिकाओं पर एक साथ हलफनामा दाखिल करेगी।सोमवार को अदालत में जमीयत उलमा-ए-हिंद के वकील एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड एजाज मकबूल (नोडल काउंसिल) ने अब तक इस मामले में दायर सभी याचिक. ाओं का सारांश प्रस्तुत किया, जिसे सीजेआई ने स्वीकार किया। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने सोमवार की कानूनी कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि स्टे को बरकरार रखने का निर्णय बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे सांप्रदायिक ताकतों की उकसाने वाली गतिविधियों पर रोक लगी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह एक अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण मामला है, क्योंकि इस कानून के बने रहने से ही देश की एकता और भाईचारा सुरक्षित रह सकता है। उन्होंने आगे कहा कि सांप्रदायिक ताकतों ने एक बार फिर अपने उग्र इरादों को उजागर कर दिया है, और निचली अदालतों द्वारा इस तरह के मामलों में दिए गए गैर-जिम्मेदाराना फैसलों से स्थिति और भी खराब हो गई है। मौलाना मदनी ने कहा कि बाबरी मस्जिद मामले में आए फैसले को हमने भारी मन से स्वीकार किया था, यह सोचकर कि अब मंदिर-मस्जिद का कोई विवाद नहीं रहेगा और देश में शांति एवं भाईचारे का माहौल बनेगा, लेकिन हमारा यह विश्वास गलत साबित हुआ। उन्होंने अंत में कहा कि हमारी आखिरी उम्मीद न्यायपालिका है। हमने अपनी कानूनी लड़ाई के माध्यम से कई बड़े मामलों में न्याय हासिल किया है, इसलिए हमें पूरा भरोसा है कि इस महत्वपूर्ण मामले में भी न्याय की जीत होगी। संभल की शाही जामा मस्जिद घटना और अजमेर दरगाह पर हिंदुओं के दावे के संदर्भ में जमीयत उलमा-ए- हिंद द्वारा इबादतगाहों के संरक्षण कानून को लेकर दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए मुस्लिम इबादतगाहों के खिलाफ चल रहे मुकदमों पर तत्काल रोक लगा दी थी और निचली अदालतों को नए मुकदमे दर्ज करने से भी मना कर दिया था। साथ ही, मुस्लिम इबादतगाहों के सर्वेक्षण पर भी रोक लगा दी गई थी और निचली अदालतों को किसी भी प्रकार का अंतिम निर्णय देने से मना किया गया था। सोमवार को अदालत में जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से सीनियर एडवोकेट यूसुफ हातिम मच्छाला, एडवोकेट वृंदा ग्रोवर, एडवोकेट आन रिकार्ड एजाज मकबूल, एडवोकेट शाहिद नदीम, एडवोकेट सैफ जिया आदि मौजूद थे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसंकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Clpzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप

खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@clpzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

संक्षिप्त समाचार

महिला लिपिक का बैग चुराने वाले बदमाश को रिमांड पर लेगी जीआरपी

शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला। न्यायालय में कार्यरत महिला लिपिक का नकदी भरा बैग चुराने वाला बदमाश गाजियाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय जीआरपी पुलिस अब उसे नियमानुसार रिमांड पर लेगी। आरोपी पर कई मुकदमे दर्ज हैं और वह ऑनलाइन गेम खेलने के लिये इस तरह की घटनाओं को अंजाम देता है। महिला लिपिक के बैग से चोरी किए पैसों को भी ऑनलाइन गेम में गंवा चुका है।

11 जनवरी को महिला लिपिक का बैग चुराया था

जानकारी के अनुसार जनपद बिजनौर के कस्बा चांदपुर के बसंतपुर निवासी शिवानी यादव हापुड़ की डिस्ट्रिक कोर्ट में लिपिक के पद पर कार्यरत हैं। वे 11 जनवरी को सिद्धबली एक्सप्रेस में सवार होकर मंडी धनौरा जा रही थीं। गजरौला में रेलवे स्टेशन पर उसका बैग गायब हो गया था। बैग में 35 हजार रुपये की नकदी, सोने की चेन व एक मोबाइल था। स्थानीय जीआरपी ने महिला लिपिक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए बदमाश की तलाश तेज कर दी थी। वहीं 15 जनवरी को गाजियाबाद जीआरपी ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने गजरौला में महिला लिपिक का बैग चोरी करने की घटना भी स्वीकारी। स्थानीय जीआरपी चौकी प्रभारी राजीव कुमार नयन ने भी बदमाश से जाकर पूछताछ की। अब जीआरपी आरोपी को रिमांड पर लेने के लिये जरूरी कदम उठाएगी।

चार साल से कर रहा था शारीरिक शोषण

जोया। शादी का झांसा देकर युवक चार साल से युवती का शारीरिक शोषण कर रहा था। इतना ही नहीं वह युवती के घर पहुंचा तथा बुरी नियत से दबोच लिया। परिजनों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। जहां से उसे जेल भेज दिया।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती के संबंध जिला संभल के थाना असमौली क्षेत्र के गांव शाहपुर डसर निवासी युवक रिहान पुत्र उसमान से हो गये। इस दौरान युवक ने शादी का झांसा देकर युवती को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया तथा चार साल तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। परन्तु शादी की बात लगातार टालता रहा। इतना ही नहीं आरोपी युवती के घर पहुंचा तथा उसे बुरी नियत से दबोच लिया। शोर मचाने पर परिजन पहुंच गये तथा उन्होंने युवक को पकड़कर धुनाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

डीसीएम में घुसी बाइक, तीन छात्रों की मौत

हाइवे पर सीएनजी पैट्रोल पम्प के नजदीक हुआ भीषण हादसा

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। हाइवे पर तेज गति से दौड़ रही बाइक खड़ी डीसीएम में घुस गयी। जिससे तीन छात्रों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हसनपुर कलां निवासी शोभित (18) पुत्र विरेन्द्र, शिवा (18) पुत्र प्रदीप कुमार व अमित कुमार (20) पुत्र दिनेश कुमार गांव लोधीपुर स्थित आईएफटीएम यूनिवर्सिटी से बीएससी कर रहे थे। सोमवार को तीनों छात्र एक ही बाइक सवार होकर कालेज से घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक पाकबड़ा थाना क्षेत्र स्थित सीएनजी पम्प के पास पहुंची तो वहां पहले खड़ी डीसीएम में घुस गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गये। जबकि तीनों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गयी। परन्तु स्थानीय लोगों ने एम्बूलेंस बुलाकर तीनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने देखते ही तीनों को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही हादसे की खबर मृतक छात्रों के परिजनों को लगी तो उनमें कोहराम मच गया। आनन फानन में परिजन अस्पताल पहुंच गये। जहां उनका रो रोकर बुरा हाल था। उधर दुर्घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा शवों को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया। मृतक

यूनिवर्सिटी से बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे घर

शिवा चार बहनों में तीसरे नम्बर का था जबकि शोभित कुमार दो भाईयों में बड़ा था। इसके अलावा अमित दो भाई व बहनों में सबसे छोटा था। तीनों छात्रों की मौत से गांव में मातम छाया है। जिसे भी सूचना मिली वह परिजनों को ढांढस बंधाने के लिए दौड़ पड़ा।

तेज रफ्तार बन रही हादसों का कारण

शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा। हाइवे पर तेज रफ्तार जिंदगी पर भारी पड़ रही है। आये दिन होने वाले हादसों में मरने वाले ज्यादातर युवा ही होते हैं। आज हुए इस हादसे से तीन परिवार पूरी तरह बिखर गये। बीएससी में पढ़ने वाले छात्र शोभित, शिवा व अमित कुमार को पता नहीं था कि आज का सफर उनकी जिंदगी का आखिरी सफर होगा। तीनों छात्र अक्सर साथ ही यूनिवर्सिटी जाते थे। क्योंकि तीनों एक ही गांव के रहने वाले थे इस कारण उनमें गहरी मित्रता थी। अधिकतर साथ रहने वाले तीनों दोस्त एक साथ ही इस दुनिया से रूखसत हो गये।

कुरआन में हर खुश्क व तर मौजूद: मुफ्ती इश्हाक

मदरसा बशीरउल उलूम में जलसा

शाह टाइम्स संवाददाता उझारी। अल्लाह ताअला की किताब कुरान ए मजीद में हर खुश्क व तर मौजूद है और रसूल की जिंदगी हमारे लिए नमूना ए अमल है। नगर के मोहल्ला कुरेशियान स्थित मदरसा बशीर उल उलूम में रजा ए मुस्तफा कॉन्फ्रेंस के शीर्षक से सालाना जलसे का आयोजन किया गया। जलसे का शुभारंभ कारी अब्दुल वहाब ने तिलावत ए कलाम ए पाक से किया। हाफिज अय्यूब ने नाते पाक पढ़ी। मुफ्ती नाजिर रजा ने लोगों को खिताब फरमाते हुए उलेमा ए किराम की फजीलत बयान की। मेवात राजस्थान से तशरीफ लाए मुफ्ती इस्हाक अहमद ने खिताब फरमाते हुए कहा कि हमें अपने मां-बाप की कद्र करनी चाहिए। मां के पांव तले जन्नत है और बाप उसका दरवा. जा है। जलसे में कारी आबिद अली, कारी फहीम रिजवी, कारी मुर्सलीन, कारी इशरतुल्लाह, सदर रहीमुद्दीन साबरी, अलाउद्दीन सैफी, हाफिज शाकिर, मेराज अली, इरशाद सलमानी, दिलशाद हुसैन आदि मौजूद रहे।

मैस्को व राशिद बेगम कालेज के ध्वस्तीकरण के आदेश

धनौरा रोड पर तीन कालेज तालाब पाटकर बनाने का मामला, मचा हड़कम्प

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। तालाब की जमीन पर अतिक्रमण कर बनाये गये तीन बड़े शिक्षण संस्थानों पर एनजीटी की गाज गिरी है। ऐतिहासिक फैसले में अवैध रूप से बनाये गये तीनों शिक्षण संस्थानों को गिराने के निर्देश दिये गये हैं।

धनौरा रोड स्थित मैस्को पब्लिक स्कूल, मैस्को इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी, राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय का निर्माण तालाब को पाटकर किया गया था। इस मामले में एनजीटी नई दिल्ली में वाद दायर किया गया था। आज तीन सदस्य चेयरपर्सन जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव, जस्टिस जूडिशियन मेम्बर सुधीर अग्रवाल व पीट के एक्सर्ट मेम्बर ए सेंथिल वेल ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते गाटा संख्या 403 व 404 पर बने दोनों स्कूल व राशिदा बेगम महाविद्यालय पर अवैध निर्माण को हटाने की मांग करते पुराने स्वरूप में लोटाने के आदेश दिये हैं। वाद पर सुनवाई करते हुए एनजीटी ने तालाबों व जल निकासी के संरक्षण को आवश्यक बताया। इसके लिए उन्होंने पर्यावरण संतुलन की बात भी रखी। जबकि संचयन व भूजल स्तर

एनजीटी दिल्ली की खण्डपीठ ने दिये आदेश

को बनाये रखने के लिए इनकी अहम् भूमिका है। न्यायालय ने साफ शब्दों में कहा कि सार्वजनिक तालाबों पर अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जायेगा। राज्य आर्द्र भूमि प्राधिकरण व जिला मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये हैं कि वह गाटा संख्या 403 व 404 से अतिक्रमण हटा इसे मूल स्थिति में बहाल करें। इस आदेश से अवैध निर्माणकर्ताओं में हड़कम्प मच गया। करोड़ो रूपये की लागत से बनाये गये इन स्कूलों की बिल्डिंग को जल्द नस्तोनाबूत किया जायेगा। निजी लाभ कमाने के लिए जिले में बड़े पैमाने पर सरकारी जमीन व तालाबों पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। एनजीटी के इस आदेश से खलबली

मची है। तत्कालीन प्रभारी अधिशासी अधिकारी सुखवीर सिंह ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि जो एनओसी नगर पालिका द्वारा जारी की गयी है उस पर उनके हस्ताक्षर नहीं है। इस पूरे मामले की शिकायत डा. सैयद अशहर तौसीफ ने की थी। इतना ही नहीं जब बिल्डिंग के मानचित्र की जांच की गयी तो उसमें भी बड़ी अनियमित्ताएं पायी गयीं।

अनियंत्रित होकर हाइवे के निर्माणाधीन डिवाईडर में गिरा कैंटर

शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला। हाइवे पर तेज रफ्तार कंटेर अनियंत्रित होकर फ्लाई ओवर के निर्माणाधीन कार्य में बनाए जा रहे डिवाइडर में गिर गया। हादसे में कैंटर चालक घायल हो गया, जिसे चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार संभल थाना क्षेत्र के गांव सरायतरीन निवासी रवि कुमार अपना कैंटर लेकर रविवार को दिल्ली गया था। वहां से काम पूरा करने के बाद वह अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान सोमवार सुबह 7:00 बजे हाइवे स्थित जुबिलेंट

चालक गंभीर रूप से घायल, हॉयर सेंटर रेफर

फैक्ट्री के पास रवि कैंटर से अपना नियंत्रण खो बैठा और कैंटर हाइवे पर बन रहे डिवाइडर में गिर गया। हादसे में एक ओर जहां कैंटर क्षतिग्रस्त हो गया तो वहीं दूसरी ओर चालक रवि भी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ लग गई और किसी ने सूचना पुलिस को भी दी। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कैंटर के केबिन में फंसे चालक रवि को काफी प्रयास के बाद बाहर निकाला गया और उसे उपचार के लिये निजी

अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सक ने उसको प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये हॉयर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी यहां पहुंच गए थे।

कार चालक ने ब्रेक लगाए पीछे से टकराई बाइक

शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला। कार चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से पीछे से आ रही बाइक, कार से टकरा गई। घटना के बाद कार चालक ने बाइक चालक के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की। आसपास के लोगों की भीड़ भी लग गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस कार व बाइक चालक को थाने ले गई, हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच में समझौता हो गई। जानकारी के अनुसार मोहल्ला सुल्ताननगर निवासी एक युवक अपनी बाइक से घर की ओर जा रहा था। उसकी बाइक के आगे एक कार चल रही थी। नगर के टीचर्स कॉलोनी के सामने अचानक कार चालक ने ब्रेक लगा दिए, इस कारण बाइक कार से टकरा गई। घटना के बाद दरियापुर बुजुर्ग निवासी कार चालक ने युवक के साथ अभद्रता करते हुए उसके साथ मारपीट की। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग भी बाहर निकल आए। वाहनों के पहिये भी थम गए। वहीं सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस दोनों युवकों को फटकार लगाते हुए थाने ले गई। बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया।

कार चालक व बाइक सवार में नोकझोंक

अमरोहा। कलेक्ट्रेट में स्वास्थ्य समिति की बैठक लेतीं डीएम निधि गुप्ता।

धनौरा, जोया के चिकित्सा प्रभारियों से स्पष्टीकरण

डीएम ने ली स्वास्थ्य समिति की बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। कम वैक्सीनेशन पर डीएम ने मंडी धनौरा व जोया के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा है। जबकि प्रगति में सुधार न होने पर विभागीय कार्रवाई को चेताया है।

कलेक्ट्रेट में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली। जिसमें उन्होंने कहा कि टीबी अभियान सौ दिन चलाया जायेगा। जिसमें सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने कम वैक्सीनेशन पर मंडी धनौरा व जोया के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं, धात्री किशोरियों को आयरन की गोली शत प्रतिशत दिलाये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि काम के प्रति लापरवाही किसी भी हाल में सहन नहीं की जायेगी। टीकाकरण का जो सत्र चल रहा है उसमें कोई भी वंचित नहीं रहना चाहिए। काम में प्रगति दिखनी चाहिए। राजकीय चिकित्सा इकाईयों, आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों, एनक्यूएएस सार्टिफिकेशन शत प्रतिशत किये जाने के निर्देश दिये।

पुलिस आज ले सकती है सोनिया का बयान

दो बेटियों की हत्या कर खुद किया था आत्महत्या का प्रयास

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। पति से झगड़ा कर अपनी ही दो बेटियों की हत्या कर खुद का गला काटने वाली हत्यारोपी सोनिया की हालत में अब तेजी से सुधार हो रहा है। सोमवार को चिकित्सक ने उसके गले का घाव भरने के लिए लगाए गए टांके काट दिए। लेकिन, बतौर एहतियात अभी पुलिस को पूछताछ नहीं करने का सुझाव दिया है। अब मंगलवार को पुलिस हत्यारोपी सोनिया का बयान दर्ज कर इस मामले में अग्रिम कार्रवाई कर सकती है।

जानकारी के मुताबिक बीती 10 फरवरी को नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव बहादरपुर खुर्द में बड़ी वारदात सामने आई थी। गांव में रहने वाले कोपिन सिंह की पत्नी सोनिया ने अपनी आठ वर्षीय बेटी अनुष्का व पांच वर्षीय बेटी किट्टो का गला दबाकर हत्या कर दी थी। इतना ही नहीं बाद में उसने चाकू से अपना भी गला काट कर आत्महत्या की कोशिश की थी। सोनिया ने जिस वक्त यह खतरनाक कदम उठाया था उस वक्त घर में कोई मौजूद नहीं था। अपना गला काटने के बाद उसने पति कोपिन को वीडियो कॉल भी की थी जब कहीं जाकर परिजनों को घटना की जानकारी हुई थी। घटना के समय पति कोपिन सिंह भी ड्यूटी करने गुरुग्राम गया था। को. पिन सिंह की तहरीर पर पुलिस ने सोनिया के खिलाफ बेटियों की हत्या करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। तभी से घायल सोनिया का उपचार शहर के निजी अस्पताल में चल रहा है। घाव गहरा होने पर चिकित्सक ने उसके गले की सर्जरी कर टांके भर दिए थे। हालत में सुधार होता देख शुक्रवार को चिकित्सकों ने सोनिया को आईसीयू से जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया था। गले में टांके लगे होने के कारण पुलिस सोनिया के बयान दर्ज नहीं कर सकी थी। सोमवार को चिकित्सक ने उसके गले के टांके काट दिए, उसकी हालत में अब पहले से काफी सुधार है। संभवत पुलिस मंगलवार को उसके बयान दर्ज कर सकती है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि चिकित्सक के मना करने पर अभी तक हत्यारोपी सोनिया के बयान दर्ज नहीं हो सके हैं। अब उसके टांके कट गए हैं, मंगलवार को उसके बयान दर्ज कर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

युवती का पीछा करने का आरोपी दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता जोया। युवती का पीछा कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती कस्बे से घर वापस लौट रही थी। इस दौरान गांव जोगीपुरा का रहने वाला साहुन पुत्र जुम्मा उसके पीछे लग गया। जब युवती ने इसका विरोध किया तो साहुन ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता किसी तरह कोतवाली पहुंची तथा पुलिस को घटना से अवगत कराया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुछ देर बाद ही आरोपी साहुन को गिरफ्तार कर लिया।

शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

शाह टाइम्स संवाददाता

हसनपुर। पालिका कर्मचारियों एवं पुलिस बल ने शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। सड़क के दोनों और पालिका ने निशान लगाते हुए एरिया को चिन्हित भी किया।

सोमवार को नगर पालिका परिषद ने अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह के नेतृत्व में रहरा बस स्टैंड चौराहा तक पुलिस बल एवं पालिका कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। कई स्थानों पर व्यापारियों से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के दौरान हल्की सी कर्मचारियों से कहा सुनी भी हो गई। पालिका टीम ने सड़क के दोनों और निशान लगाते हुए एरिया को चिन्हित भी किया। कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि जहां निशान लगाए जा रहे हैं उसके पीछे की ठेला एवं सामान को रखा जायेगा। पालिका द्वारा लगाये गये निशान से आगे कोई खड़ा नहीं होगा। इस दौरान कुछ स्थानों पर व्यापारियों की कर्मचारियों से अतिक्रमण हटाये जाने को लेकर हो गई। नगर के बाजारों में आये दिन अतिक्रमण होने के कारण जाम आदि लग रहा था। शहर के बाशिंदो द्वारा काफी लंबे समय से अधिकारियों को ज्ञापन आदि देकर नगर से अतिक्रमण हटाये जाने की मांग की जा रही थी। जिन स्थानों पर कर्मचारियों द्वारा सड़क पर निशान लगाये जा रहे हैं। यदि इसका पालन हो गया तो बाशिंदों को जाम से निजात मिल सकेगी।

भाजपा शासन में महंगाई व अपराध बेकाबू: लता

शेरपुर में सपा की पीडीए चौपाल आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडी धनौरा। सोमवार को क्षेत्र के गांव शेरपुर में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। इसमें सपा सरकार द्वारा जनहित में कराए गए कार्यों का भी बखान किया गया। पंचायत में बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी की राष्ट्रीय सचिव लता सागर ने कहा सपा कहा कि वर्तमान भाजपा शाशन में महंगाई और अपराध बेकाबू हैं। पीडीए परिवार को एकजुट करने, हक, अधिकार सम्मान दिलाने के लिए सपा सदैव तत्पर रहेगी।

पंचायत में पार्टी की नीतियों के बारे में जनता को अवगत कराया। एडवोकेट लता सागर ने कहा नेतृत्व वह नहीं जो केवल शासन करे, बल्कि असली नेतृत्व वह होता है जो समाज को साथ लेकर चलें. जिस प्रकार पीडीए को साथ लेकर चलने का काम अखिलेश यादव व देश की महिलाओं की आवाज को बुलंद करने का काम डिम्पल यादव कर रहीं हैं। साथ ही वर्तमान सरकार में महंगाई, बेरोजगारी सहित कई गंभीर समस्याओं पर भी लोगों को बताते हुए सपा से लोगों को जोड़ने का आग्रह किया। इस मौके पर डॉ रीना, सत्येंद्र सिंह प्रधान, राजपाल ,अली वारिस, इरफान, राकेश कुमार, तेजपाल सिंह, के पी सिंह, खलील अहमद,खट्टर भाई , प्रदीप, डॉ परम सिंह आदि मौजूद रहे

मंडी धनौरा। पीडीए की पंचायत में मौजूद सपाई।

स्वच्छता का जीवन में विशेष महत्व

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडी धनौरा। भगवती देवी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के साथ दिवसीय शिविर के चौथे दिन स्वच्छता अभियान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा स्वच्छता का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। सभी से अपने आसपास साफ-सफाई करने का आह्वान किया।

अपराजिता क्लब की अध्यक्षा सोनिया अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूक होने से हम बीमारियों से बच सकते हैं। साथ ही एक स्वच्छ समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होनें यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में सभी स्वयंसेवियों की भागीदारी निश्चित करने का आह्वाहन सभी से किया। प्रवक्ता डा० अवनीश कुमार नें कहा कि हमें हमेशा ही अपनी व अपने आस-पास के वातावरण की साफ-सफाई रखनी चाहियें। इस अवसर पर प्राचार्य डा० अभय कुमार, डा० ममता अग्रवाल, डा० अवनीश कुमार, डा० अनिल सिरोही, डा० रश्मि चतुर्वेदी, बृजेश कुमार, देवेन्द्र कुमार व छात्र-छात्राओं में दिष्ठा, सानिया, उपासना, साक्षी, शिन्टू, चीनू, वंशिका, पलक, मनोज, रूद्र, सचिन आदि उपस्थित रहे।

लोक गीत व नृत्य पर किया मंत्रमुग्ध

जेएस पीजी कालेज में कैम्प का समापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। कैम्प के आखिरी दिन रोबर्स रेंजर्स ने लोक गीत व नृत्य के माध्यम से सभी का मनमोह लिया। जबकि टैंट व टावर का निर्माण करना भी सीखा।

जेएस हिन्दू पीजी कालेज में चल रहे पांच दिवसीय रोबर्स रेंजर्स के कैम्प का सोमवार को समापन हो गया। आखिरी दिन छात्र छात्राओं ने टैंट व टावर निर्माण किया जबकि उत्तर जीविता सिद्धांत के बारे में जानकारी साझा की। इसके अलावा लोक गीत व नृत्य पर उन्होने सभी का मनमोह लिया। प्राचार्य डा. वीर विरेन्द्र सिंह ने कहा कि समाज व राष्ट्र के निर्माण में रोबर्स रेंजर्स का विशेष महत्व है। रेंजर्स प्रभारी नीरज त्यागी ने छात्र छात्राओं को टैंट में जीवन जीने के तरीके बताये जबकि रोबर्स प्रभारी डा. उमेश कुमार ने पर्यावरण के प्रति उन्हें जागरूक किया। इस मौके पर डा. अनिल रायपुरिया, डा. मनन कौशल, डा. प्रदीप सिंह, डा. हिमांशु शर्मा, डा. रश्मि गुप्ता, डा. मोहम्मद तारिक, डा मोहम्मद मूसा, डा. सत्यप्रकाश परमार आदि मौजूद रहे।

व्यापारियों का उत्पीड़न कर रही भाजपा सरकार

व्यापार सभा ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। समाजवादी व्यापार सभा ने सरकारी तंत्र द्वारा व्यापारियों के उत्पीडन के खिलाफ आवाज उठाई है। सभा के जिलाध्यक्ष सर्वेश सैनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल के नाम एक डिप्टी कलेक्टर को सौंपा।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में व्यापारियों का लगातार उत्पीडन हो रहा है। राज्य कर, बांट माप, श्रम और खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी जांच के नाम पर व्यापारियों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार कर रहे हैं। ऑनलाइन मार्केटिंग से पहले से ही प्रभावित व्यापारियों पर द्वेषपूर्ण कार्रवाई की जा रही है। आरोप लगाते हुए कहा कि विरोध करने वाले व्यापारियों पर झूठे मुकदमे दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जा रहा है। समाजवादी व्यापार सभा ने फर्जी मुकदमों की निष्पक्ष जांच और उन्हें तत्काल हटाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो वे लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान मुमताज खां, नवनीत गोला, शशिकांत गोयल, अब्दुल वहाब सैफी, शावेज खां, रजनीश यादव, विकिल चौधरी, आकाश सैनी, अंकुश, डॉ अनीश अहमद, रवि यादव, अशोक कुमार, कपिल कुमार, हीरालाल सैनी, महेश यादव, अरविंद सिंह, अंकुर गुप्ता, अमर सिंह, नवनीत कुमार, धीर सिंह, राजेन्द्र सिंह, रजनीश यादव, अजीज खां, प्रकाश सैनी, मोहम्मद तालिब,आमिर खां आदि मौजूद रहे।

मीटर रीडरों पर गलत बिल देने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

हसनपुर। बिजली विभाग के मीटर रीडरों द्वारा घरेलू बिलों में मनमर्जी अपनाये जाने का आरोप लगाते हुए व्यवस्था में सुधार किये जाने की मांग की है।

सोमवार को कई गाँवो के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मीटर रीडर मनमर्जी पर उतारू है। वह अनाप-शनाप बिल भेज रहे हैं। जिससे उपभोक्ता तनाव में है। उन्होंने कहा कि गोवंश पशु मुख्य रूप से सांड आये दिन किसी न किसी किसान की जान ले रहे हैं। अतिशीघ्र पकवाकर गौशालाओं में भिजवाया जाये। चीनी मिल को चालू हुए लगभग 4 माह बीत चुके हैं। परंतु अभी तक सरकार द्वारा गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया गया। जल्द से जल्द 450 रुपये कुंतल गन्ना मूल्य घोषित किया जाये।उन्होंने कहा की आपूर्ति विभाग द्वारा अनेकों राशन कार्ड से यूनिट कम कर दी गई है। जांच कर कर ठीक कराये जाने तथा नये नामों को जोड़ा जाये। इस अवसर पर ओमवीर सिंह चौहान, महावीर सिंह, लल्लू सिंह, उमेश चंद, दिलीप सिंह, महिपाल सिंह, अशोक कुमार, चौधरी कामेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

पालिका कर्मचारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला। आईटीसी लिमिटेड एवं नगर विकास विभाग उप्र के संयुक्त तत्वाधान में नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा राजेन्द्री उर्फ उमा देवी की अध्यक्षता एवं एसडीएम धनौरा चन्द्रकान्ता के आदेशों के अनुपालन में आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अंतर्गत नगर पालिका के सभागार में सामुदायिक नेतृत्व में विकेन्द्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु नगर निकाय स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स के क्षमता वर्धन हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला

कचरे के निस्तारण के प्रति किया जागरूक

में स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) नदीम अख्तर , समस्त सफाई नायक व अन्य कर्मचारियों को आईटीसी मिशन सुनहरा कल के कुशल प्रशिक्षक तबरेज, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नदीम अख्तर, शाहबाज अहमद के द्वारा दिया गया। इस कार्यशाला में डीपीएम ने कचरे का घरेलू स्तर पर कैसे निस्तारण किया जा सके, इसके बारे में समझाते हुए कचरे के प्रकारों, एवं कचरे के पृथकीकरण का महत्व एवं कचरे की नजदीकी इकाई पे प्रबंधन के बारे में बताया। इस मौके पर स्वच्छता प्रभारी आदेश कुमार, इरशाद खान, ललित कुमार, अक्षय शुक्ला, रविंद्र सिंह, सफाई नायक जयचंद, महेश, मुनेश, विभोर जिंदल, योगेश कुमार, दीपू कुमार, रितिक सिंघल, दिनेश कुमार, वंशिक शेखर आदि उपस्थित रहे।

समस्याओं को लेकर वकीलों ने सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

हसनपुर। अधिवक्ताओं ने कृषि रक्षा इकाई कार्यालय को ब्लॉक में एवं उसके स्थान पर रजिस्ट्री एवं चकबंदी विभाग के कार्यालय को स्थानांतरित किये जाने की मांग की है।

तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चन्द्र सैन अग्रवाल के नेतृत्व में बार के वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा मदन कुमार राणा महासचिव और अन्य अधिवक्ताओं के साथ विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी तथा हसनपुर की एसडीएम विभा श्रीवास्तव से तहसील को नवनिर्मित परिसर में स्थानांतरित कराने तथा नवनिर्मित तहसील परिसर में स्थित कृषि रक्षा इकाई के कार्यालय को ब्लॉक परिसर हसनपुर में स्थानांतरित कराने और उस कार्यालय में सब रजिस्ट्री कार्यालय हसनपुर व चकबंदी न्यायालयों को स्थानांतरित कराने की मांग की गई। अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी दिया। अधिवक्ताओं ने इस अवसर पर बार एसोसिएशन की समस्याओं के निराकरण के लिए गंभीरता प्रदर्शित करने और निरंतर सहयोग करने के लिए क्षेत्रीय विधायक का आभार व्यक्त किया। और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन महेंद्र सिंह खड़गवंशी को सौंप दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष चंद्रसेन अग्रवाल, महासचिव मदन कुमार राणा,पूर्व अध्यक्ष गंगा सरन खड़गवंशी,मुजाहिद चौधरी, महीपाल सिंह, महावीर सिंह चौहान (पूर्व प्रमुख हसनपुर), शिवचरन सिंह,मयंक अग्रवाल, राजेंद्र सिंह,शेर सिंह भड़ाना,वीर सिंह त्यागी, चरन सिंह चौहान आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

भाकियू एकता उगराहां की कार्यकारिणी का विस्तार

शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला। भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां की बैठक में मंडलीय व जनपदों की कार्यकारिणी के विस्तार के लिये मंथन किया गया। नगर के धनौरा मार्ग स्थित एक वेंकट हॉल में सोमवार को आयोजित बैठक में प्रदेश के जिला मेरठ , गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर , अमरोहा, रामपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल से संगठन के

रवि चौधरी को मुरादाबाद मंडल की कमान

कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक का मुख्य मुद्दा मेरठ व मुरादाबाद के मंडलों व इन मंडलों से जुड़े इन जिलों की कमेटियों का गठन करना रहा। मेरठ मंडल का अध्यक्ष अंकित लोधी व मुरादाबाद मंडल का अध्यक्ष रवि चौधरी को चुना गया। संबंधित जिला कमेटियों का गठन भी किया गया। आगे कमेटियों के विस्तार की योजना बनाई गई। बैठक में हरियाणा राज्य प्रधान कंव. रजीत सिंह , राज्य महासचिव अजय सिधानी, राज्य कैशियर निर्भय सिंह रतिया, राज्य कमेटी के वरिष्ठ सदस्य कुलदीप सिंह पुनिया, उत्तराखंड से राज्य प्रधान बल्ली सिंह चीमा व राज्य महासचिव अवतार सिंह, जिला उधम सिंह नगर के प्रधान महिन्द्र सिंह व ब्लॉक काशीपुर अध्यक्ष रघुबीर सिंह, हैप्पी चौधरी, अतुल चौधरी, कुशल चौधरी, विवेक चौधरी आदि मौजूद रहे।

संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र फिरासत को गलत संगत में पड़ने के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा उससे कोई मतलब वास्ता नहीं रह गया है।

इलियास पुत्र नजीर निवासी ग्राम शाहपुर कलां हसनपुर जनपद अमरोहा

ग्राम पंचायत ढयोटी
विकासखण्ड मंडी धनौरा, जनपद अमरोहा

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि विकासखंड मंडी धनौरा जनपद अमरोहा की ग्राम पंचायत ढयोटी के साप्ताहिक बाजार की नीलामी दिनांक 21 फरवरी दिन शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजे से ग्राम पंचायत ढयोटी विकासखंड मंडी धनौरा के पंचायत भवन ग्राम पंचायत ढयोटी पर होगी। इच्छुक व्यक्ति निश्चित् तिथि अथवा समय पर नीलामी की शर्तें पूरी कर बोली में भाग ले सकते हैं। नीलामी की शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर भी उपलब्ध हैं।

नियम व शर्तें:-

1- बोली में भाग लेने हेतु निर्धारित समय नियम एवं शर्तों का पालन करना अनिवार्य।

2- निर्धारित प्राइस से न्यूनतम बोली स्वीकार नहीं की जाएगी।

3- सार्वजनिक बाजार की साफ सफाई की जिम्मेदारी स्वयं ठेकेदार की होगी।

4- बाजार नीलामी की शर्तें कार्यालय में कार्यालयधीन कार्य दिवस व समय अवधि में अवलोकन की जा सकती हैं।

ग्राम प्रधान **ग्राम पंचायत अधिकारी**

ग्राम पंचायत ढयोटी, विकासखंड मंडी धनौरा, जनपद अमरोहा

किसी मुल्ला, किसी पंडित को दिखा लो चाहे...

अरबाबे दबिस्तान की ओर से महफिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। अदबी संस्था अरबाबे दबिस्तान-ए-अमरोहा के संयोजन में रविवार रात मोहल्ला बगला स्थित एवान-ए-अंदाज में मुशायरे का आयोजन किया गया। शायरों ने एक से बढ़कर एक बेहतरीन गजलें सुनाकर श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। शुरुआत करते हुए जुनैद अकरम फारूकी ने दगाबाजी पर यूं तंज किया...खून का जायका है दूध से बढ़कर,अब ये आस्तीनों से पिटारे में नही आएंगे। अनीस अमरोहवी ने मौजूदा दौर के बच्चों की सूरतेहाल बयां की...इनके हाथों में मोबाइल है इन्हें वक्त कहां आज के बच्चे गुब्बारे में नहीं आएंगे। मुब्शिर गौरी ने इस अंदाज में बात की... मोहब्बत के खसारे में नहीं आएंगे, दिल में आएंगे तुम्हारे में नहीं आएंगे। माइल आफन्दी ने फरमाया...और कुछ जीस्त के सफहात अता हों माइल, इतने गम एक शुमारे में नही आएंगे। नासिर अमरोहवी यूं नमूदार हुए...गर रिसाले में तेरे जुल्म-ओ-सितम छापे हम, सब के सब एक शुमारे में नही आएंगे। मेहरबान अमरोहवी ने पढ़ा... छोड़ दूं दूर रहूं उनसे ताअल्लुक न रखूं, ये ख्याल आपके बारे में नहीं आएंगे। नाजिश मुस्तफा ने कहा... किसी मुल्ला,किसी पंडित को दिखा लो चाहे, इश्क के भूत उतारे में नही आएंगे। मुशायरे में इनके अलावा शीबान कादरी, नुदरत नवाज, नफीस अहमद, नीरज नवीद, शाह फजल, जमशेद नवाज, मकारिम अली, कासिम अंसारी, कोनेन असगर,अंदाज अमरोहवी, जैद अमरोहवी समेत अन्य शायरों ने भी कलाम पेश किया। अध्यक्षता जुनैद अकरम फारूकी ने तथा संचालन डा.नासिर अमरोहवी ने किया। बतौरा अतिथि उपनिदेशक प्रशासन आर्थिक सहायता अनुभाग दिल्ली नफीस अहमद मौजूद रहे।

आधार कार्ड अपडेट की समस्या दूर करें

भाकियू लोकशक्ति ने सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप बच्चों की अपार आईडी बनाने में आ रही परेशानियों को दूर करने की मांग की।

यूनियन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड अपडेट न होने के कारण बच्चों की अपार आईडी नहीं बन पा रही है। हसनपुर एसबीआई बैंक की मशीन खराब होने से यह काम अधर में लटका है। नहरों पर जो पुलिया बनायी गयी है उस पर स्लेपिंग करायी जाये। किसान सेवा केन्द्र भदौरा में सड़क पर जो आबादी बसी हुई है वहां नाली न होने के कारण पानी सड़क पर भरा रहता है। जिससे जनता परेशान है इस समस्या को दूर किया जाये। अवारा पशु किसानों को लगातार परेशान कर रहे हैं। उन्हें गौशाला भिजवाया जाये। स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर फसलों का रेट दिलाया जाये। ज्ञापन देने वालों में हाजी हसन अहमद, ब्रहम सिंह, महेन्द्र सिंह, मीर हसन, आसिफ अली, गुलाब सिंह, राजपाल सिंह, नूर, उसमान, इंतजार, आबिद अली, नौबहार सिंह आदि मौजूद रहे।

शिवरात्रि व होली को लेकर शांति समिति की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला। आगामी महाशिव. रात्रि व होली पर्व को लेकर पुलिस ने शांति समिति की बैठक का आयोजन किया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने

त्यौहारों को मिल जुलकर मनाएं: एसएसआई

ग्राम प्रधानों व संभ्रांत नागरिकों से आह्वान किया कि सभी त्यौहारों को मिल जुलकर मनाएं। उन्होंने कहा कि यदि कोई समस्या आती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। सोमवार को कोतवाली में आयोजित बैठक में एसएसआई ने कहा कि नगर की सड़कों से महाशिवरात्रि पर्व पर कांवड़ियों के जत्थे निकलते हैं, पुलिस कांवड़ियों की सुरक्षा व यातायात व्यवस्था हेतु सुदृढ़ प्रयास करती है लेकिन स्थानीय लोगों व ग्रामीणों का सहयोग मिलता है तो पुलिस का यह प्रयास पूर्ण सफलता प्राप्त करता है। इसलिए सभी लोग त्यौहारों को मिल जुलकर मनाएं। कोई नयी परम्परा न डालें और किसी भी समस्या अथवा घटना दुर्घटना की सूचना पुलिस को दें। पुलिस प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा के लिये पूरी तरह से तत्पर है।

बजट के लिए प्रधानमंत्री को सराहा

मंडी धनौरा। भाजपाइयों ने शानदार आम बजट पेश किए जाने पर केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अभिनंदन पत्र लिखा। सोमवार को नगर के मोहल्ला सोसायटी में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिक. ाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की करनी व कथनी में कोई अंतर नहीं है। अंत्योदय तक विकास की किरण अब पहुंच रही है। आम बजट में भी किसान, मजदूर व व्यापारी हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। 12 लाख रुपये तक की सालाना आय पर आयकर में छूट दी गई है। सरकार जनकांक्षाओं पर खरी उतर रही है। इस दौरान सुनील प्रजापति, प्रत्यक्ष शर्मा, दिवेश तंवर, गीतेश अग्रवाल, राजीव उपाध्याय, मधुसूदन गोयल, राजू बादशाह, शैंकी अग्रवाल, शुभ अग्रवाल आदि रहे।

दो थानों की सीमा के जंगल में बड़े पैमाने पर हो रही गौकशी

कुएं में पड़े मिले प्रतिबंधित गौवंशीय पशुओं के सिर और खाल, सीमा विवाद में घंटों उलझी रही दोनों थाने की पुलिस

■ **बिनावर पर तैनात हल्का के एक सिपाही पर तस्करों से सांठगांठ का लगा आरोप**

शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। कुंवर गांव थाना बिनावर और कुंवर गांव दो थानों की सीमा बीच जंगल में बड़े पैमाने पर गौकशी का धंधा चल रहा है जो पुलिस को एक चुनौती बना हुआ है इसका खुलासा बंजरग सेना के जिलाध्यक्ष की टीम ने रविवार देर रात किया है टीम को जंगल में बंद पड़े एक किसान के कुएं में प्रतिबंधित गौवंशीय पशुओं के सिर और अवशेष मिले हैं बिनावर पुलिस जांच में जुटी हुई है । पुलिस ने अवशेषों को कब्जे में लिया है रविवार देर शाम बजरंग सेना के जिलाध्यक्ष मोहित चौहान को सूचना मिली कि खासपुर और रहमा और मुरा गौंटिया के जंगल में एक कुएं में प्रतिबंधित गौवंशीय पशुओं के अवशेष पड़े हुए हैं जिसपर वह रविवार देर रात अपनी टीम के साथ बताए हुए स्थान पर पहुंच गए ।जहां बिनावर थाना क्षेत्र की मुरा गौंटिया के वैसर असलम के कुएं में टार्च से देखा तो उसमें गौवंशीय पशुओं के कटे हुए सिर और अवशेष पड़े हुए थे । बजरंग सेना के जिलाध्यक्ष मोहित चौहान ने इसकी सूचना बिनावर पुलिस को दी जहां मौके पहुंचे एसआई सहंसावीर ने जांच पड़ताल की। कुंवर गांव थानाध्यक्ष भी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए । बंजरग सेना की टीम के साथी अंशुल ने कुएं में घुसकर कटे हुए सिर अवशेषों को बाहर निकाला तो गौकशी का मामला सत्य निकला ।मुरा गौंटिया बिनावर थाना क्षेत्र का गांव है जबकि खासपुर कुंवर गांव थाना क्षेत्र का गांव है इस बीच दोनों थानों की पुलिस सीमा विवाद में उलझ गई । दोनों थानों की पुलिस एक दूसरे के क्षेत्र में कुआं होने की बात पर अपने थाना क्षेत्र में गौकशी की घटना होने के मामले से पल्ला झाड़ने लगी।। खासपुर और मुरा गौंटिया के ग्रामीणों को मौके पर बुलाया गया ।जिसके बाद स्पष्ट हुआ कि कुआं बिनावर थाना क्षेत्र की सीमा में है बजरंग सेना की टीम ने बिनावर थाने पर तैनात एक सिपाही पर गौतस्करों से सांठगांठ का आरोप लगाया है कि सिपाही थाने पर लंबे समय से जमा हुआ है उसका हल्का क्षेत्र भी मुरा गौंटिया की तरफ है ।

सिपाही का ट्रांसफर दूसरे थाने को होने के बाद भी वह बिनावर थाने में जमा हुआ है। कुएं में सिर और अवशेष मिलने के बाद दोनों थानों की पुलिस में हड़कंप मचा हुआ है।।बिनावर के गांव रहमा गौंटिया ,मिलक गौंटिया ,मुरा गौंटिया , सिविल लाइन की नादे गौंटिया पहले से गौकशी के लिए बदनाम है जहां पहले भी गौकशी की घटनाएं हो चुकी है । पुलिस आसपास के गौतस्करों को पकड़कर कार्यवाही कर जेल भेज चुकी है ।जिसके बाद भी कुएं में गौवंशीय पशुओं के अवशेष मिलना पुलिस को एक चुनौती बने हुए हैं ।पीपल फॉर एनीमल्स संस्था के अध्यक्ष बिकेंद्र शर्मा ने पुलिस को ट्वीट कर गौतस्करों पर कार्यवाही की मांग की है ।

इस संबंध में कुंवर गांव थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह का कहना कि सूचना पर मौके पर पहुंचे थे कुएं में गौवंशीय पशुओं के सिर और अवशेष मिले हैं ।

बिनावर थानाध्यक्ष कुआं हमारे थाना क्षेत्र में बता रहे थे जिसके बाद गांव के बुजुर्ग ग्रामीणों को बुलाया गया तब स्पष्ट हुआ कि कुआं बिनावर थाना क्षेत्र की सीमा में है जो कार्यवाही होगी वह बिनावर थाने पर होगी ।

आरोप भले ही बिनावर थाने पर तैनात एक सिपाही पर लगे हो लेकिन सिपाही ने घटना वाली रात छुट्टी पर होने का दावा किया है कि वह एक दिन पहले ही छुट्टी चला गया था कुएं में सिर व अवशेष मिलने वाली रात वह ड्यूटी पर नहीं था । वह सोमवार दोपहर थाने पर लौटा है । अधिकारियों की जांच के बाद सच्चाई सामने आएगी कि सिपाही थाने पर था या नहीं ।

सूत्रों के अनुसार बिनावर पुलिस कुआं मालिक सहित तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जिनको छुड़ाने के लिए थाने पर लोगों जमावड़ा लगा हुआ है ।लोग राजनीतिक ताकत भी झोंक रहे।

इस संबंध में कई बार थाना बिनावर प्रभारी के सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया लेकिन उनका फोन ही नहीं लगा ।

बदायूं में तेज रफ्तार रोडवेज बस ने तीन बाइक सवार को रौंदा

बस की टक्कर लगने से बाइक सवार दो महिलाएं घायल, एक की मौत

नंद भाभी का जिला अस्पताल में चल रहा है इलाज

शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। जरीफनगर थाना क्षेत्र के दहगवां चौराहे के निकट रोड़वेज बस की टक्कर से बाइक सवार दो महिलाएं घायल, एक की मौके पर मौत हो गई। तीनों बाइक सवार अपने गांव से दिल्ली जाने के लिए चौराहे पर इंतजार कर रहे थे। 23 वर्षीय मृतक रिंकू पुत्र पूसे राम 20 वर्षीय घायल सीमा पत्नी रिंकू 17 वर्षीय घायल शीला पुत्री पूसे राम निवासी गांव गुरेठा रिंकू के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जबकि नंद भाभी का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। एंबुलेंस ने सीएचसी दहगवा पर भर्ती कराया था उसके बाद डॉक्टरों ने देखकर बदायूं रेफर कर दिया रिंकू दिल्ली में गार्डन में माली का काम प्राइवेट तौर पर करता था 12000 रुपए की नौकरी करता था। परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

सहसवान। एक गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। मायके वालों की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव जालिम नगला निवासी श्यामलाल ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी पुत्री बबीता की शादी अप्रैल 2023 में सहसवान कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला अकबराबाद निवासी किशन के साथ हुई थी। शादी के कुछ महीने बाद गर्भवती होने पर वह पति के साथ गुड़गांव में रह रही थी। 15 फरवरी को बबीता की तबीयत अचानक बिगड़ गई। आरोप लगाया कि मृतका का पति किशन उसे सीधे अस्पताल ले जाने के बजाय पहले झाड़-फूंक के लिए ले गया। जब स्थिति गंभीर हो गई, तब उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के परिजनों का आरोप है कि समय पर उचित इलाज मिलता तो उनकी बेटी की जान बच सकती थी। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र बहादुर सिंह का कहना था कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी

डीएम ने देर रात्रि किया रेलवे स्टेशन व बस अड्डे का निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने रविवार की देर रात्रि में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ रेलवे स्टेशन व बस अड्डे का निरीक्षण किया।

उन्होंने महाकुंभ यात्रियों के लिए की गई सुविधाओं का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को क्राउड मैनेजमेंट पर कार्य करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि महाकुंभ जैसे महापर्व में जा रहे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसको सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने रेलवे स्टेशन व बस अड्डे में समुचित सफाई व्यवस्था व प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस व प्रशास. निक अधिकारियों को नियमित रूप से रेलवे स्टेशन व बस अड्डे का निरीक्षण कर दी जारी व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त रखने के रखने के लिए कहा। इस अवसर पर पुलिस और प्रशास. निक अधिकारी मौजूद रहे।

महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करेगी आकांक्षा समिति

शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। उपजिलाधिकारी न्यायिक कल्पना जायसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को आकांक्षा समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में किया गया। बैठक में सम्बंधित नोडल अधिकारिओं द्वारा आकांक्षा समिति के नवीन सदस्यों को समिति के नवीन उद्देश्यों से परिचित कराते हुए समिति के कार्यों को बढाने के साथ ही महिला स्वावलंबन, उद्यमिता व नवीन कार्य योजनाओं पर कार्य करने हेतु जोर दिया गया। समिति के निर्देशन में संचालित हो रहे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा बैठक के दौरान उनके समूह द्वारा गाय के गोबर से बनाए गए।

उत्पादों, जरी जरदोजी के उत्पादों, खाद्य उत्पादों को प्रदर्शित किया गया, जिसमें नवीन आगंतुक सदस्यों द्वारा विशेष रूचि ली गयी। बैठक के दौरान समिति सदस्यों द्वारा महिला विद्यालयों में कैम्प के माध्यम से सेल्फ डिफेंस सिखाये व महिलाओं में टेक्नीकल अवेयरनेस को बढाए जाने पर भी जोर दिया। इससे पूर्व समिति के माध्यम से उच्च गुणवता के पोषण हेतु समिति के निर्देशन में कलेक्ट्रेट परिसर में ही एक अन्नदा रसोई खोले जाने का निर्णय लिया गया था, जिसका उद्देश्य समाज में असहाय व अल्प आय धारी लोगों को उच्च गुणवत्ता का भोजन कम मूल्य में उपलब्ध कराना है, जो कलेक्ट्रेट परिसर में आने वाले लोगों को 10 रुपए में भर पेट भोजन उपलब्ध करा रहा है। इस अवसर पर समिति की बैठक में उपजिलाधिकारी (परि0) नम्रता सिंह, डा0 अनामिका सिंह चौहान व आकांक्षा समिति में पूर्व रह चुकी सदस्याओं एवं नवीन सदस्यों सहित समिति के सेक्रेट्रियल एक्सीक्युटिव शशांक झा मौजूद रहे।

कवि षट्वदन शंखधार ने टीवी चैनल पर किया काव्यपाठ

शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। कवि सम्मेलन,मुशायरों के द्वारा अपनी पहचान बनाने वाले युवा कवि षट्वदन शंखधार ने साहित्यिक गतिविधियों के माध्यम से टीवी चौनल पर काव्य पाठ किया।लखनऊ के अंबेडकर पार्क गोमती नगर में साहित्य तक माइक लाल कार्यक्रम में काव्य पाठ कर जनपद का नाम रोशन किया। युवा कवि षट्वदन शंखधार पूर्व में दूरदर्शन,आकाशवाणी जैसे बड़े-बड़े मंचों पर अपना काव्य पाठ कर उत्तर प्रदेश में अपनी पहचान बन चुके हैं। अपनी कविता के माध्यम से लोगों के दिलों में राज कर रहे है। इस उपलब्धि से हिंदी साहित्यकारों में खुशी का माहौल है हिन्दी समिति के अध्यक्ष काशी नाथ वर्मा कहा कि ऐसे युवाओं की बजह से हिंदी और साहित्यकारों को बढ़ावा मिल रहा है जिसका हम सम्मान करते है। इस अवसर पर डां सुरेश शर्मा,प्रदीप दुबे,प्रणव मिश्रा,पवन शंखधार, रमेश चंद्र शंखधार,रचना शंखधार, रुद्राक्ष उपाध्याय, राजेन्द्र गुप्ता, पीयूष वर्मा ने बधाई दी।

जंगली जानवरों का शिकार करते वन विभाग टीम ने पिकअप गाड़ी के साथ एक को किया गिरफ्तार

सुनील कश्यप, शाह टाइम्स

कुंवर गांव । थाना सिविल लाइन क्षेत्र सिलहरी के जंगल में जंगली सुअरों का शिकार करने की वन विभाग टीम को लगातार सूचना मिल रही थी । जिसपर वन क्षेत्राधिकारी विकास वरुण ने अपनी टीम को लगा रखा था । जहां रविवार दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे सूचना मिली कि सिलहरी के जंगल में कुछ लोग जंगली सुअरों का शिकार कर रहे हैं जहां मुखबिर की सूचना पर टीम पहुंची और एक आरोपी सतीश पुत्र महेन्द्र पाल निवासी मोहल्ला चारबाग थाना बिसौली को गिरफ्तार कर लिया मौके से सुअरों को पकड़ने के उपकरण एक जंगली सुअर व

आरोपी के पास से महिन्द्रा पिकअप गाडी भी बरामद की है वहीं युवक के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करते हुए जुर्माना डाला है । टीम में वन दरोगा अशोक कुमार ,वन रक्षक वीकेंद्र ,लईक , शतीश आदि मौजूद रहे ।

31 वीं राष्ट्रीय मास्टर्स टेबल टेनिस चैंपियनशिप में यूपी का प्रतिनिधित्व करने डा.परविंदर सिंह सैहमी पहुंचे इंदौर

शाह टाइम्स ब्यूरो

पीलीभीत। मध्य प्रदेश के इंदौर में आयोजित हो रही 31 वीं राष्ट्रीय मास्टर्स टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2025 में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए डॉ.परविंदर सिंह सैहमी पहुंचे। यह आयोजन 17 से 23 फरवरी 2025 तक अभय प्रशाल स्टेडियम, इंदौर, मध्य प्रदेश में किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता मध्य प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन द्वारा वेटरन्स टेबल टेनिस कमेटी के अंतर्गत आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर से 40 वर्ष से 75 वर्ष तक के 1040 अनुभवी खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इनमें विभिन्न आयु के 51 खिलाड़ी उत्तर प्रदेश के हैं। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 70 से 75 वर्ष वर्ग में भाग लेने के लिए उत्तर प्रदेश की पांच सदस्यीय टीम का चयन किया गया है जिनके नाम इस प्रकार हैं जिनमें डॉ परविंदर सिंह सैहमी (पीलीभीत), सुरेंद्र विनोदिया (गाजियाबाद), मेजर जनरल आर.एन. मसालदान (नोएडा), डॉ. वीएम अग्रवाल(नोएडा), डॉ. संजय मुंशी (प्रयागराज) शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी अपने अनुभव और उत्कृष्ट कौशल के साथ प्रतियोगिता में राज्य का नाम रोशन करने के लिए तैयार हैं। इनमें से पीलीभीत के जाने-माने खिलाड़ी डॉ. परविंदर सिंह सैहमी का उत्तर प्रदेश की टीम में चयन एक गर्व का विषय है। राज्य और स्थानीय स्तर पर अपने शानदार खेल प्रदर्शन के लिए प्रसिद्ध डॉ. सैहमी ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। उनकी इस प्रतियोगिता में भागीदारी न केवल पीलीभीत बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गर्व की बात है। इससे पूर्व मिस्टर सैहमी भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रोम में अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट भी खेल चुके हैंस डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष, गुरदित्त सिंह सैहमी, सचिव अमन सिंह, गुरस. वक सिंह, रमनदीप सिंह, राजेंद्र मौर्य और देव सिंह सहित कई अन्य टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके शानदार प्रदर्शन की उम्मीद जताई। राष्ट्रीय मास्टर्स टेबल टेनिस चैंपियनशिप अनुभवी खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां वे अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करते हैं। उत्तर प्रदेश की मजबूत टीम और डॉ. परविंदर सिंह सैहमी प्रतिभाशाली खिलाड़ी के साथ, राज्य की जीत की उम्मीदें काफी अधिक हैं।

डीएम की अध्यक्षता वाली समिति ने 06 राजकीय नलकूपों के लिए किया स्थलों का चयन

शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली समिति ने सोमवार को आयोजित बैठक में छः राजकीय नलकूपों के लिए स्थलों का चयन किया। जिलाधिकारी ने राजकीय नलकूपों की स्थापना गुणवत्तापरक ढंग से कराने के निर्देश दिए। नलकूप स्थापना का कार्य अगले वित्तीय वर्ष से प्रारंभ हो जाएगा, जिससे किसानों को लाभ होगा। कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में आयोजित समिति की बैठक में जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली समिति ने जनपद के 06 विधानसभाओं के माननीय विधायक गणों द्वारा दिए गए प्रस्तावों पर विचार कर राजकीय नलकूपों के लिए स्थलों के चयन को अंतिम रूप दिया, जिसकी कुल लागत करीब दो करोड़ 15 लाख रुपए आएगी। डीएम ने कहा कि राजकीय नलकूप की स्थापना होने से किसानों को सुविधा होगी। अधिशासी अभियंता नलकूप सूर्य प्रकाश ने बताया कि जनपद में करीब 1416 राजकीय नलकूप है, जिनमें से 1193 चलित राजकीय नलकूप हैं। उन्होंने बताया कि काश्तकार से 15 मीटर वाई 15 मीटर की भूमि उसकी सहमति पर प्राप्त कर उस पर राजकीय नलकूप लगाया जाता है। जो की 17.50 हॉर्स पावर से 22.50 हॉर्स पावर की क्षमता का होता है। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता नलकूप प्रथम, द्वितीय व तृत्तीय खंड सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

स्वतंत्रता सेनानी व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देशन पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह की अध्यक्षता में पूर्व में तय कार्यक्रम अनुसार प्राइवेट बस स्टैंड स्थित कैम्प कार्यालय पर स्वतंत्रता सेनानी व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर सदैव दलित, शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहे और संघर्ष करते रहे। उनका सादा जीवन, सरल स्वभाव, स्पष्ट विचार और अदम्य इच्छाशक्त्तिबरबस ही लोगों को प्रभावित कर लेती थी और लोग उनके विराट व्यक्त्तिव के प्रति आकर्षित हो जाते थे। बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में उसे प्रगति-पथ पर लाने और विकास को गति देने में उनके अपूर्व योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। ओमकार सिंह ने कहा कर्पूरी ठाकुर दूरदर्शी होने के साथ-साथ एक ओजस्वी वक्ता भी थे। आजादी के समय पटना की कृष्णा टॉकीज हॉल में छात्रों की सभा को संबोधित करते हुए एक क्रांतिकारी भाषण दिया कि ष्हमारे देश की आबादी इतनी अधिक है कि केवल थूक फेंक देने से अंग्रेजी राज बह जाएगाष । इस भाषण के कारण उन्हें दण्ड भी झेलनी पड़ी थी। वह देशवासियों को सदैव अपने अधिकारों को जानने के लिए जगाते रहे, वह कहते थे- ष्संसद के विशेषाधिकार कायम रहें, अक्षुण रहें, आवश्यकतानुसार बढ़ते रहें। परंतु

जनता के अधिकार भी। यदि जनता के अधिकार कुचले जायेंगे तो जनता आज-न-कल संसद के विशेषाधिकारओं को चुनौती देगीष इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सहसचिव बाबू चौधरी व जिला उपाध्यक्ष वीरेश तोमर ने सयुक्त रूप से कहा कर्पूरी ठाकुर द्वारा शोषित और वंचितों के हित मे एक चिर परिचित नारा दिया था 'ष्सौ में नब्बे शोषित हैं,शोषितों ने ललकारा है।धन, धरती और राजपाट में नब्बे भाग हमारा है। एवम 'अधिकार चाहो तो लड़ना सीखो पग पग पर अड़ना सीखो जीना है तो मरना सीखो।' वह जन नायक कहलाते हैं।

सरल और सरस हृदय के राजनेता माने जाते थे। सामाजिक रूप से पिछड़ी किन्तु सेवा भाव के महान लक्ष्य को चरितार्थ करती नाई जाति में जन्म लेने वाले इस महानायक ने राजनीति को भी जन सेवा की भावना के साथ जिया। उनकी सेवा भावना के कारण ही उन्हें जन नायक कहा जाता था, वह सदा गरीबों के अधिकार के लिए लड़ते रहे। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने पिछड़ों को 12 प्रतिशत आरक्षण दिया।

डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला उज्जवला योजना समिति की बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। भारत सरकार पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा उज्जवला योजनान्तर्गत निर्गत कनेक्शनों के सापेक्ष ऐसे उपभोक्ता जिनके द्वारा कनेक्शन प्राप्त होने के बाद अभी तक कोई रिफिल नहीं लिया है, कि जांच हेतु दिशा निर्देश निर्गत किये गये है। प्रकिया पर विचार हेतु सोमवार को जिला उज्जवला योजना की समिति की बैठक करते आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किये गये है। उज्जवला नोडल अधिकारी/ब्रिकी अधिकारी आई0ओ0सी 0एल0 द्वारा जिला उज्जवला समिति के समक्ष इस श्रेणी के कुल 1065 लाभार्थियों की सूची प्रस्तुत की गयी है। जिनका सत्यापन निर्धारित प्रक्रियांतर्गत कराया जाना है। भारत सरकार पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा चिन्हित ऐसे लाभार्थियों की जांच/सत्यापन के सम्बंध में चरणबद्ध प्रक्रिया निर्धारित की गयी है। जिसके अनार्गत ऐसे उपभोक्ता का चिन्हिकरण के पश्चात् उन्हे आयल मार्केटिंग कम्पनी द्वारा पंजीकृत पत्र के माध्यम से सूचित कर सम्बंधित गैस एजेंसी पर उपस्थित होकर अपनी ई0के0वाई0सी0 प्रक्रिया पूर्ण करायी जानी है, जिसके लिये 15 दिन की अवधि निर्धारित है। इसके उपरांत यदि उपभोक्ता अनुपस्थित रहता है तो उसे पुनः दूसरी नोटिस आयल कम्पनी द्वारा दी जायेगी। जिसके लिये अधिम 07 दिवस का समय प्रदान किया जायेगा। ई0के0वाई0सी0 प्रक्रिया अपूर्ण होने के स्थिति में ऐसे कनेक्शन पर अग्रिम कार्यवाही सम्पादित की जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित सेल्स ऑफिसर को निर्देशित किया गया कि 1065 लाभार्थियों के कनेक्शनों की उनके गांव में जाकर स्थलीय सत्यापन किया जायेगा। सत्यापन के दौरान लाभार्थियो का मौके पर पाये जाने अथवा ना पाये जाने का स्पष्ट उल्लेख करते हुये अभिलेख तैयार किये जायेगें तथा वास्तविक सत्यापन की प्रक्रिया के उपरान्त ही उपभोक्ता के न मिलने पर सम्बन्धित कनेक्शनधारक/लाभार्थी को नोटिस निर्गत किया जायेगा। इस अवसरपर जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्रा, सहा0 प्रबन्धक आई0ओ0सी0 (डी0एन0ओ0) मधुवृत्त चौहान, सेल्स ऑफिसर बी0पी0सी समी उल्लाह, सेल्स ऑफिसर एच0 पी0सी0 एल0 अमित कुमार सिंह सहित अन्य समिति सदस्य मौजूद रहे।

महिला अस्पताल का हुआ उद्घाटन

पूरनपुर। कई वर्षों की प्रतीक्षा संपन्न हुई पूरनपुर क्षेत्र की जनता की महिला अस्पताल 50 शैय्या का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। स्वास्थ्य विभाग को बिल्डिंग मिलने के बाद सोमवार को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / अधीक्षक डॉक्टर मनीष राज शर्मा ने क्षेत्रीय विधायक बाबू राम पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरुभाग सिंह द्वारा कराया गया। इस अस्पताल के शुभारंभ होने पर क्षेत्रीय जनता काफी खुश है। लेबर रूम व अन्य स्वास्थ्य सेवाएं अस्पताल में शुरू किया जाएगा। इस मौके पर प्रधान प्रभान पति मास्टर फैयाज, मुनेंद्र सागर, हर्ष प्रधान, हर्ष गुप्ता, सुशांत हलदर,डॉक्टर मनिता, नाजिया, प्रोमिला, श्वेता शुक्ला, अनुज पांडे, संजीव नैयर और स्टाफ मौजूद रहा।

इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी ने कंपोजिट विद्यालय में हाइजीन किट का किया वितरण

पूरनपुर। इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी पीलीभीत शाखा के द्वारा अध्यक्ष / जिलाधिकारी पीलीभीत के निर्देशन में टीम ने चाट फिरोजपुर गांव में स्थित कंपोजिट विद्यालय में जाकर हाइजीन किट का वितरण किया। समिति के अवैतनिक जिला सचिव कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया कंपोजिट विद्यालय चाट फिरोजपुर में कार्यरत पांच रसोइयों को हाइजीन कीट एवं साड़ी प्रदान करी गई विद्यालय की प्रधानाचार्य निर. जना शर्मा एवं जिला सचिव ने संयुक्त रूप से विद्यालय में कार्यरत पांच रसोइयों को हाइजीन कीट एवं साड़ी का वितरण किया।

जनता सभी त्यौहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखे

बिल्सी। रविवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों एवं संभ्रांत लोगों की एक बैठक कोतवाल राजेंद्र सिंह पुंडीर ने ली। जिसमें आगामी रंगों के पर्व होली एवं ईद को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कोतवाल ने कहा कि त्योहारों पर किसी भी तरह की गुंडागर्दी और अशांति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों से गांवों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुझाव मांगे।

कार्यालय ग्राम पंचायत ददमई, वि.,खं.-सालारपुर (बदायूँ)

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ददमई विकास खण्ड सालारपुर बदायूँ में आशा का पद रिक्त है। जिसकी **योग्यता** :- हाईस्कूल है। इच्छुक महिला दिनांक 18 फरवरी से 24 फरवरी 2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत करें।

मनोज कुमार सिंह
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ददमई, वि.खं.सालारपुर बदायूँ

पुलिस के गश्ती दल पर फायरिंग, मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

दरोगा घायल, तीन बदमाश फरार

शाह टाइम्स ब्यूरो

बरेली। पुलिस के गश्ती दल पर फायरिंग करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके तीन साथी भागने में कामयाब हो गए। पुलिस इनकी तलाश कर रही है। फायरिंग के दौरान खुद को बचाने की कोशिश में एक दरोगा घायल हुए हैं। गिरफ्तार बदमाशों के लिए

कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

थाना बारादरी के दरोगा राहुल सिंह पुंडीर, हेड कांस्टेबल साबिर और अवनीश जबकि दरोगा गौरव कुमार अत्री, हेड कांस्टेबल बृजेश के साथ रविवार रात गश्त पर निकले थे। पुलिस का यह गश्ती दल संदिग्धों की तलाश करता हुआ भरतौल रोड गोदाम के पास पहुंचा तो दो बाइक पर पांच संदिग्ध आते दिखे। पुलिस टीम ने बाइक सवारों को रुकने का इशारा किया तो संदिग्धों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जान से मारने की नीयत से छह राउंड फायरिंग की गई। खुद को बचाने के लिए पुलिसकर्मी जमीन पर लेट गए। इस दौरान दाहिने हाथ में चोट लगने से दरोगा गौरव कुमार अत्री घायल हो गए। खुद को बचाते हुए पुलिस कर्मियों ने बदमाशों की घेराबंदी की तो उन्होंने फिर से फायरिंग कर दी। जबावी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रवि यादव और अभिषेक नाम के दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके तीन साथी भागने में कामयाब हो गए। इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के खिलाफ संभल समेत अन्य जिलों में कई मामले दर्ज हैं।

दिव्यांगों के लिए मुसीबत साबित हो रहा है प्रमाण पत्र बनवाना

शाह टाइम्स संवाददाता

बरेली। महाराणा प्रताप जिला अस्पताल में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाना दिव्यांगों के लिए मुसीबत साबित हो रहा है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा केवल सोमवार को ही प्रमाण पत्र बनाए जाने की व्यवस्था की गई है।

सरकारी अस्पताल के डॉक्टर सप्ताह में केवल एक दिन ही दिव्यांग प्रमाण पत्र के आवेदनों पर स्वीकृति देते हैं। इस सीमित समय के कारण अस्पताल में दिव्यांगों की भारी भीड़ जमा हो जाती है। कई आवेदक पिछले कई महीनों से प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिला अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं। प्रमाण पत्र बनवाने पहुंचे दिव्यांगों ने प्रशासन से नियमित प्रमाण पत्रों को बनवाने की मांग की है। इस मौके पर यह भी कहा कि सप्ताह के अन्य दिनों में भी प्रमाण पत्र बनाए जाएं, तो उनकी परेशानियां काफी हद तक कम हो सकती हैं। इस व्यवस्था से न केवल भीड़ भाड़ कम होगी, साथ ही दिव्यांगों को बार-बार अस्पताल के चक्कर भी नहीं लगाने पड़ेंगे।

डीएम ने राजकीय इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत व्यवस्थाओं का लिया जायजा

सुरक्षा के दृष्टि से अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

बरेली। मंगलवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने राजकीय इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने विद्यालय में कक्षों का निरीक्षण किया व सुरक्षा के दृष्टि से अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त खिड़कियों आदि में यदि कोई टूट-फूट है तो समय रहते ठीक करवाकर जाली लगवाने के निर्देश दिए। विद्यालय में उपस्थित जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य समस्त को बोर्ड परीक्षा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने, दृश्यता, गतिशीलता, सजगता एवं सतर्कता बनाये रखने व परीक्षा को सकुशल, शुचितापूर्ण एवं नकल. विहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह, विद्यालय प्रधानाचार्य व अध्यापक सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

एक नजर

धनगर जाति का अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी करवाने को सांसद को दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

फतेहगंज पश्चिमी। धनगर जाति का प्रमाण पत्र अनुसूचित जनजाति का

जारी किए जाने को लेकर मांग उठी। तहसील स्तर से धनगर जाति प्रमाण पत्र जारी करवाने के लिए सांसद छत्रपाल गंगवार को दिया ज्ञापन।

धनगर पाल बघेल सेवा समिति व अखिल भारतीय धनगर महासभा के पदाधिकारीगण ने ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नंदलाल धनगर, बालेदीन पाल, वीरपाल धनगर, कृष्ण पालघन सिंह, चंद्र पाल बघेल, पप्पू पाल, ओमपाल सिंह, धर्मेंद्र पाल, सोमपाल धनगर आदि लोग उपस्थित रहे। इस प्रकरण में शिक्षक वालेदीन पाल का कहना है कि प्रदेश के कुछ जनपदों में धनगर जाति के लिए अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है इसको बरेली सहित पूरे प्रदेश में लागू किया जाना चाहिए।

ट्रेन से घर के लिए बरेली निकली महिला हुई लापता

शाह टाइम्स संवाददाता

बहेड़ी। ट्रेन से अपने घर बरेली के लिए निकली एक महिला लापता हो गई। घर वालों और रिश्तेदारों ने उसे काफी तलाशा, लेकिन महिला का कहीं सुराग नहीं लग सका। महिला के न मिलने पर उसके भतीजे ने पुलिस को इसकी सूचना दी है।

पांच दिन बाद भी नहीं लग सका सुराग

मो. नईं वस्ती लाईन पार कस्वा व थाना बहेड़ी निवासी मो0 शोएव पुत्र जलीस अहमद का कहना है कि उसकी बुआ शवाना उम्र करीब 40 वर्ष पत्नी असरफ निवासी धोवी तालाव लाल मस्जिद बरेली दिनांक 12.02.2025 को समय करीब 03:00 बजे दोपहर बहेड़ी रेलवे स्टेशन से ट्रेन से बरेली अपने घर के लिये निकली थी, लेकिन वह अपने घर नही पहुंची है। उसके परिवार व रिश्तेदारों ने शवाना को काफी ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन सोमवार देर शाम तक शवाना का कोई पता नहीं लग सका है।

घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के तीन दोषियों को सात-सात साल की कैद

शाह टाइम्स ब्यूरो

डेढ़ साल बाद आया फैसला

बरेली। घर में घुसकर महिला पर जानलेवा हमला करने और बचाने आई उसकी पुत्रवधू को पीटने के मामले में तीन दोषियों को अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय रवि कुमार दिवाकर ने सात-सात साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक दोषी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

घटना तीन अगस्त 2023 को सिरौली थाना क्षेत्र के गांव शिवपुरी में हुई थी। आशा देवी ने पुलिस को बताया था कि सुबह करीब 10 बजे गांव के ही अनमोल, सोनू, कुलदीप व गीता लाठी डंडे लेकर आ गए और उसके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करने लगे। बचाने आई उसकी पुत्र वधू मछला को भी मारपीट कर घायल कर दिया। गांव के लोगों ने उन्हें बचाया। उसकी पुत्रवधू को गुम व सिर में खुली चोटें आई थी। पुलिस ने मामले की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

11 जुलाई 2024 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। न्यायालय ने गवाहों को सुनने के बाद कुलदीप को मामले में संलिप्त नहीं पाया। अभियोजन की ओर से न्यायालय में कुल आठ गवाह पेश किए गए। साक्ष्य के रूप में 10 दस्तावेज पेश किए गए। न्यायालय ने मेडिकल रिपोर्ट का अवलो. कन करने और एक्स-रे रिपोर्ट में हड्डी टूटी हुई पाने पर दोषी मानते हुए गीता, सोनू और अनमोल को सजा सुनाई है

बरेली जंक्शन पर बंद की गई प्रयागराज अयोध्या, काशी के टिकटों की बिक्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

बरेली। स्टेशन और प्लेटफार्म पर बढ़ती यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने जनरल टिकटों की बिक्री पर रोक लगा दी है। सोमवार दोपहर 1:00 बजे से सीनियर डीसीएम के निर्देश पर प्रयागराज अयोध्या काशी के जनरल टिकटों की बिक्री बंद कर दी गई। अब यह टिकट ट्रेन आने के 2 घंटे पहले दिए जाएंगे। मंडलीय अफसरों के निर्देश के बाद सीएमआई मो इमरान ने बुकिंग कार्यालय जाकर अगले आदेश तक जनरल टिकट की बिक्री बंद करा दी है। बता दें कि प्रयागराज जाने के लिए यात्री दोपहर से ही लाइन में लगकर जनरल टिकट लेकर प्लेटफार्म पर आ जाते थे इससे ट्रेन के जाने के समय तक प्लेटफार्म पर भारी भीड़ हो जाती है। इस बीच ट्रेन अगर लेट होती है तो प्लेटफार्म पर भारी भीड़ जमा हो जाती। बरेली से चलने वाली प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन 14308 कुछ दिन राइट टाइम चल कर लगातार 7 से 8 घंटे लेट आ रही है। कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाने के बाद भी बरेली स्टेशन पर भीड़ कम नहीं हो रही है। नई दिल्ली हादसे के बाद मुरादाबाद मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने रविवार को बरेली जंक्शन का दौरा कर स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह, सीएमआई मोहम्मद इमरान और आरपीएफ इंस्पेक्टर विनीता कुमारी को निर्देश दिया था कि प्लेटफार्म पर भीड़ आने के बजाय सर्कुलेटिंग एरिया में रोक दिया जाए और ट्रेन समय के 1 घंटे पहले सभी यात्रियों को प्लेटफार्म के लिए रवाना किया जाए इससे प्लेटफार्म पर भगदड़ मचने की संभावना नहीं बनेगी और सुरक्षा के साथ यात्रियों का सफर पूरा हो सकेगा।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎0581-2562222 (बरेली)
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

दहेज लोभी ससुरालियों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

शाह टाइम्स संवाददाता

शीशगढ़। चार पहिया गाड़ी और सोने के जेवरात की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को ससुरालियों ने पीटकर घर से निकाल दिया। शिकायत पर पुलिस ने पति सहित छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव पंडरी निवासी मनतशा ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी पांच साल पहले पंडरी के ही चाँदबाबू पुत्र अकबर अली के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी में पिता ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था।जिससे ससुराल बाले संतुष्ट नहीं थे। आए दिन दहेज में चार पहिया की गाड़ी और सोने के जेवरात की माँग कर मारपीट कर उत्पीड़न करने लगे। उसके दो छोटे बच्चे हैं। रविवार 16 फरवरी की रात्रि को ससुरालियों ने पीटकर घर से निकाल दिया, तथा बिना दहेज घर में घुसने पर जान से मारने की धमकी दी। पूर्व में भी लिखित समझौता हो चुका है। जिसे ससुराल बाले नहीं मान रहे हैं। पुलिस ने पति चांद बाबू, अकबर अली, हबीवन, गुड्डू, फरजंद व फैजान के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

साहाब: पुलिस से ज्यादा पापा से डर लगा है

शाह टाइम्स संवाददाता

बरेली। कोतवाली थाना क्षेत्र में एक ऐसा मामला सामने आया है, जहां एक अपराधी को अपने पुलिस से ज्यादा पापा से डर लगा। आरोपी ने पुलिस से कहा कि साहब पापा को लड़की के मैसेज करने की बात मत बताना, चाहे ठगी का मामला बता देना। दरअसल मामला यह है कि कोतवाली पुलिस से 11 लाख 30 हजार रुपये की ठगी करने की शिकायत हुई थी। इस मामले में एसएसपी ने भी कार्रवाई का आदेश दिया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2 शातिर अपराधियों को पकड़ने के साथ आरोपियों के बैंक खाते में जमा 10 लाख बैंक खातों में कराये गये रकम को भी होल्ड भी कर दिया।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक पीड़ित राघव अग्रवाल पुत्र महेश सरन अग्रवाल निवासी राधेश्याम इन्कलेब बरेली ने थाना कोतवाली पर सूचना दी कि 2 आरोपियों द्वारा मोबाईल नम्बर व्हाटसप पर फर्जी डिटेल एवं दस्तावेज भेजकर धोखाधड़ी करके 11 लाख 30 हजार रुपये अपने खाते में डलवा लिए गये हैं। इस सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 318(4)/338(3)/336/340 बीएनएस व 66 (सी) आईटी एक्ट पंजीकृत कर लिया। आज कोतवाली पुलिस टीम ने एक मुखबिर की सूचना पर लोगों के साथ फर्जी दस्तावेज दिखाकर धोखाधड़ी कर पुराने जनरेटर व अन्य प्रोडेक्टों को सस्ते में बेचने के लिए अपने जाल में फंसाकर उनसे रकम वसूलने वाले 2 अभियुक्तगण प्रशान्त गुप्ता पुत्र राजीव गुप्ता निवासी 192 सैनिक विहार कालोनी थाना कंकरखेडा जनपद मेरठ, रघुवीर सिंह पुत्र तेजपाल सिंह निवासी सैनिक विहार कालोनी थाना कंकरखेडा जनपद मेरठ मूल पता ग्राम कमालपुर थाना कोतवाली देहात जनपद मेरठ को स्टेशन रोड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से फर्जी लेटर हेड, कई आधार कार्ड, कई वोटर आईडी कार्ड, एटीएम आदि समान बरामद किया है। वहीं आरो. पियों ने राघव अग्रवाल के साथ 11 लाख 30 हजार रुपये की धोखाधड़ी करके रुपये ठग लेने की घटना को स्वीकार किया है।

आरोपियों द्वारा ठगी की गयी रकम में से कुल 10 लाख रुपये आरोपियों के बैंक खातों में होल्ड किये गये हैं। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि धोखाधड़ी के मामले में दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया जा रहा है। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

मुंडिया जागीर जूनियर हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं ने सेमीखेड़ा चीनी मिल का किया शैक्षिक भ्रमण

शाह टाइम्स संवाददाता

देवरनियां। ब्लॉक दमखोदा (रिछा) की नगर पंचायत देवरनियां के कस्बा मुंडिया जागीर के उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को इंचार्ज प्रधान अध्यापक और प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री मोहम्मद हसन के नेतृत्व में जिले की एक मात्र किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा में शैक्षिक भ्रमण के लिए ले जाया गया।

छात्र-छात्राओं ने जिले की एक मात्र किसान सहकारी चीनी मिल की ली जानकारी

यह भ्रमण बच्चों के लिए बहुत ही उपयोगी और ज्ञानवर्धक था। उन्होंने चीनी मिल के विभिन्न विभागों का भ्रमण किया, जैसे कि गन्ना प्रोसेसिंग यूनिट, बॉयलर हाउस, और पैकेजिंग यूनिट। उन्होंने चीनी उत्पादन की प्रक्रिया के बारे में जाना और विभिन्न मशीनों को देखा। बच्चों ने इस भ्रमण से बहुत कुछ सीखा और अपने ज्ञान को बढ़ाया। उन्हें चीनी मिल के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी मिली। उन्होंने यह भी जाना कि कैसे चीनी मिल गन्ना किसानों की मदद करती है और उन्हें उनकी फसल का सही मूल्य दिलाने में मदद करती है। इस भ्रमण के दौरान, बच्चों को चीनी मिल के अधिकारियों ने विभिन्न जानकारियां दीं, और उनके सवालों का जवाब दिया। बच्चों ने इस भ्रमण का बहुत आनंद लिया और नई जानकारी प्राप्त की। इस शैक्षिक भ्रमण में शैली जौहरी, रचना सक्सेना, मिथिलेश कुमारी भी सम्मिलित रहे।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र में हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल , पुलिस जांच में जुटी

शाह टाइम्स संवाददाता

बरेली। इज्जतनगर थाना क्षेत्र में एक बारात घर में लाइसेंसी पिस्टल से हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल हो रहा है। पहले यह वीडियो बहेड़ी थाना क्षेत्र का बताया जा रहा था, पर जब बहेड़ी पुलिस ने मामले की जांच की तो पुलिस की जांच में पता चला कि वीडियो बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र का है। इसके बाद इज्जतनगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। वायरल वीडियो में दो युवक लाइसेंसी पिस्टल से हवाई फायरिंग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस वीडियो में दिख रहे युवकों की पहचान करने में जुटी है, और साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि फायरिंग के लिए इस्तेमाल की गई पिस्टल किसके नाम पर पंजीकृत है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर इस तरह की हर्ष फायरिंग खतरनाक और गैरकानूनी है। जांच पूरी होने के बाद दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इंस्पेक्टर इज्जतनगर के बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उठाए जाएं प्रभावी कदम: डीएम

जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए दिशा निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

बरेली। मंगलवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग की जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने जानक. ारी ली कि विगत बैठक में नेशनल हाइवे पर दुर्घटनाओं को रोकने हेतु चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स को समाप्त करने की दृष्टि से सुधारात्मक कार्य कराये जाने के निर्देश दिए गए थे, उसमें क्या प्रगति हुई है। जिस पर एनएच बदायूं, मुरादाबाद द्वारा अपने कराए गए सुधारात्मक कार्यों से पहले व बाद के फोटो प्रस्तुत किए लेकिन एनएच बरेली के प्रतिनिधि द्वारा फोटोग्राफ प्रस्तुत ना करने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को फरीदपुर रोड का

निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए कि वास्तव में कार्य हुआ है या नहीं। रोड में गड्ढे आदि तो नहीं है।

बैठक में बताया गया कि एनएच हाईवे बिल्वा मोड़ पर एप्रोच रोड बनाने हेतु प्रस्ताव भेजा गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उक्त स्थल पर विगत दो साल में कितने एक्सीडेंट हुए, कितनी मृत्यु हुई हैं, कितनी एंजरी और कितनी गाड़ी डैमेज हुई उसकी रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करें। उक्त रिपोर्ट के आधार पर उच्च स्तर से बात कर शीघ्र कार्य करवाने का प्रयास किया जाएगा। एनएच बदायूं के पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि देवचरा पर बाईपास भी प्रस्तवित किया गया है। बैठक में निर्देश दिए गए कि ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक कार्य के उपरांत कितनी दुर्घटनाएं हुई हैं उसकी भी पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में स्कूली वाहनों के सुरक्षा के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि स्कूल बसों का निरीक्षण कराया गया है और 14 पर कार्यवाही भी की गयी है, 28 लोगों द्वारा अपनी गाड़ियों की फिटनेस करा ली गयी है, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विद्यालय मालिकों, प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों को नाम से नोटिस जारी किया जाए कि विगत लम्बे समय से सड़क सुरक्षा समिति द्वारा विद्यालयों के स्कूली वाहनों को मानक पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। समस्त विद्यालय यदि उनका स्वयं का स्कूली वाहन है तो उनका मानक सुनिश्चित कराएं, विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे अन्य किसी कामर्शियल वाहन से एक साथ कई बच्चे विद्यालय ना आए-जाए यह सुनिश्चित किया जाए अन्यथा की दशा में यदि कोई अप्रिय घटना होती है तो विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

रात में प्रेमिका से मिलने पहुंचा प्रेमी, पड़ोसियों ने दरवाजा बंदकर लगा दी कुंडी

शाह टाइम्स संवाददाता

बरेली। फरीदपुर में प्रेमिका से मिलने गए प्रेमी का मोहल्ले के लोगों ने विरोध किया तो प्रेमी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर मोहल्ले के लोगों को पीट दिया। इस पर प्रेमिका के परिजनों ने पुलिस बुला ली। इससे पहले ही आरोपी प्रेमी मौके से फरार हो गया। वहीं, उसके दोस्त को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। लड़की के परिजनों द्वारा लिखित शिकायत न करने पर पुलिस ने पकड़े गए आरोपी की शांतिभंग में कार्रवाई की है।

फरीदपुर के एक मोहल्ला निवासी युवक का दूसरे मोहल्ले की लड़की से प्रेम संबंध है। तीन दिन पूर्व युवक अपनी प्रेमिका से रात में मिलने गया। मोहल्ले के लड़कों ने प्रेमिका के यहां जाते देख घर का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया।

आबकारी विभाग की नारकोटिक्स की समीक्षा बैठक संपन्न

बरेली। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आबकारी विभाग की नारकोटिक्स की समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित सभागारें सम्पन्न हुई। बैठक में नारकोटिक्स संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण करने, मुकदमों में प्रभावी पैरवी करने एवं मुकदमों की मैपिंग कराने के निर्देश दिये गए। बैठक में निर्देश दिए गए कि एनडीपीएस के विगत 01 जनवरी 2023 से अब तक कितने मुकदमे हुये, उसमें से कितने दोष सिद्ध हुए, कितने दोष मुक्त हुए और कितने मुकदमे कोर्ट में विच. राधीन है, उसका ब्यौरा बनाकर अतिशीघ्र प्रस्तुत करें। निर्देश दिए गए कि पुलिस द्वारा कृत कार्यवाही तथा प्रशासन द्वारा कृत कार्यवाही का भी विवरण प्रस्तुत किया जाए।ा बैठक में निर्देश दिए गए कि जनपद में अफीम की खेती कहां-कहां होती है, उसका भी विवरण बुकलेट में प्रस्तुत किया जाए, जिसपर बताया गया कि 633 काश्तकार अफीम की खेती करते हैं, जो सरकार को ही अफीम उपलब्ध कराते हैं जो गाजीपुर फैक्ट्री में जाती है। बैठक में बताया गया कि जो काश्तकार अफीम मानक के अनुरूप पैदावार नहीं करते हैं, उसका पट्टा अगली बार के लिये निरस्त कर दिया जाता है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, पीलीभीत।

पत्रांक: 997/न0पा0प्रपि0पी0/2024-25 दिनांक:- 15/02/2025

प्रस्ताव सूचना

नगर पालिका परिषद, पीलीभीत में सफाई व्यवस्था सुदृण करने एवं स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्थापित एम0आर0एफ0 सेंटर में कूडा एकत्रीकरण, पृथक्कीकरण, कम्पोस्ट तैयार करना आदि पूर्ण कार्य कराये जाने हेतु प्रस्ताव दिनांक 21.02.25 को दोपहर 5:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है, प्रस्ताव खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होता है तो प्रस्ताव अगले दिन कार्य दिवस मे खोले जायेंगे, उक्त जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

नियम व शर्तें:-

1. उक्त कार्य का प्रस्ताव पास के उपरान्त तीन दिवस में 10 प्रतिशत एफ0डी0आर0/डी0डी0 अधिशासी अधिकारी के नाम धरोहर धनराशि के रूप में बन्धक कर जमा करना अनिवार्य होगा।
2. प्रस्ताव में दरों का व्यवहारिक होना अनिवार्य है प्रतिस्पर्धा की स्थित में गुणवत्ता को बनाये रखने के लिये अव्यवहारिक दरें स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्रस्ताव स्वीकृत के 15 दिवस के अन्दर समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करनी होगी एवं सहायक स्टाम्प आयुक्त द्वारा निर्धारित दरो के अनुसार स्टाम्प पेपर पर ठेके का अनुबन्ध लिखकर एवं स्वय के हस्ताक्षरयुक्त दाखिल कराना अनिवार्य होगा अन्यथा अनुबन्ध निरस्त कर दिया जायेगा।
4. एम0आर0एफ0 सेंटर पर सेग्रिगेशन करने एवं समस्त कूड़े का निस्तारण करने हेतु उचित स्थान पर पहुंचाना होगा।
5. एम0आर0एफ0 सेंटर में उपयोग में आने वाले वाहनों एवं उपकरणों की व्यवस्था निकाय द्वारा की जायेगी और उसके डीजल व वाहन चालक एवं उसकी मरम्मत की व्यवस्था संस्था/फर्म को वहन करनी होगी।
6. गीला-सूखा कूड़ा को अलग-अलग करने हेतु जनता को जागरूक करना और विभिन्न स्थानों पर समय-समय बैठक कराना होगा।
7. कचरा प्रबन्धन में होने वाले व्यय व बजट का विवरण देना होगा।
8. ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन अधिनियम 2016 के अनुपालन हेतु शपथ पत्र देना होगा।
9. एन0जी0टी0/ शासन से निर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन से सम्बन्धित शासनादेश/नियमों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
10. समस्त कर स्वीकृत संस्था/फर्म द्वारा देय होगें।
11. शहर से निकलने वाले वेस्ट को प्रोसेसिंग के बाद मिलने वाले लाभांश में नगर पालिका को मिलने वाले अंशदान का भी उल्लेख करना होगा और नगर पालिका को अधिक अंशदान देने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी।
12. कार्य संतोषजनक न होने की दशा में प्रस्ताव समाप्त करने का अधिकार निकाय में निहित होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
पीलीभीत।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
पीलीभीत।

ट्रेन की चपेट में आकर दिव्यांग युवक की मौत

बचपन से ही गांव ब्रह्मणपुट्टी में एक किसान के यहां करता था नौकरी, जांच में जुटी पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। सोमवार को रेलवे लाईन क्रॉस करते समय एक दिव्यांग युवक की मौत हो गई। बताया गया है कि दिव्यांग गूंगा व बहरा था और बचपन से ही ग्राम ब्रह्मणपुट्टी में एक किसान के यहां नौकरी कर रहा था।

सोमवार को सुबह एक दिव्यांग युवक खेत में जा रहा था। सुजरा रेलवे हाल्ट के पास लाईन क्रॉस करते समय वह सहारनपुर से दिल्ली की तरफ जा रही ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार युवक गूंगा व बहरा था। इसी कारण उसे ट्रेन के आने का पता नहीं चल सका। घटना स्थल पर मौजूद ब्रह्मणपुट्टी के एक किसान प्रधान ओमपाल सिंह ने बताया कि वह बचपन से ही उसके यहां पर नौकरी कर रहा था। वह मूल रूप से कहां का रहने वाला है। इस संबंध में किसान कुछ नही बता सका। उसने बताया कि बोलने में असमर्थ होने के कारण आज तक वह अपना नाम नहीं बता पाया। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही और इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि मृतक कहां का रहने वाला था और उसका नाम किया है।

निरीक्षकों व उप निरीक्षकों की तैनाती में किया फेरबदल

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। एसपी ने जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आठ इंस्पेक्टर और आठ उप निरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल किया।

मीडिया सैल द्वारा सोमवार को करीब दस बजे प्रेसनोट के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इंस्पेक्टर शिवदत्त को इंस्पेक्टर अपराध थाना सिंघावली अहीर से इंस्पेक्टर थाना बिनौली, इंस्पेक्टर सुखपाल सिंह को इंस्पेक्टर थाना चांदीनगर से इंस्पेक्टर अपराध थाना दोघट, इंस्पेक्टर जनार्दन प्रसाद को इंस्पेक्टर थाना रमाला, अपराध शाखा बागपत, इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह सिरोही को प्रभारी इंस्पेक्टर बिनौली से पीआरओ पुलिस अधीक्षक व प्रभारी मीडिया सैल बागपत, इंस्पेक्टर प्रदीप ढौडियाल को प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर बागपत से पीआरओ पुलिस अधीक्षक बागपत, इंस्पेक्टर महेंद्रपाल सिंह को प्रभारी इंस्पेक्टर रमाला से प्रभारी इंस्पेक्टर थाना साइबर बागपत, इंस्पेक्टर विनोद कुमार को इंस्पेक्टर थाना बड़ौत से इंस्पेक्टर अपराध थाना रमाला और उप निरीक्षक सोनवीर सिंह सोंलकी को पीआर वओ व प्रभारी मीडिया सैल बागपत से थानाध्यक्ष थाना सिंघावली अहीर, उप निरीक्षक संजय कुमार पूनिया को प्रभारी पुलिस चौकी बस स्टैंड थाना बड़ौत से प्रभारी पुलिस चौकी रटौल खेकड़ा, उप निरीक्षक युवनीश कुमार चौहान को प्रभारी पुलिस चौकी टटीरी से प्रभारी पुलिस चौकी भड़ल थाना दोघट, उप निरीक्षक विपिन कुमार यादव को प्रभारी पुलिस चौकी भड़ल थाना दोघट से प्रभारी पुलिस चौकी टटीरी, उप निरीक्षक सत्यवीर सिंह को प्रभारी पुलिस चौकी रटौल खेकड़ा से प्रभारी पुलिस चौकी बस स्टैंड थाना बड़ौत, उप निरीक्षक रामकुमार को थाना बड़ौत से प्रभारी पुलिस चौकी बिनौली रोड, उप निरीक्षक अमरदीप सिंह को प्रभारी पुलिस चौकी पाठशाला थाना खेकड़ा से प्रभारी पुलिस चौकी अमीनगर सराय, उप निरीक्षक कपिल कुमार को प्रभारी पुलिस चौकी अमीनगर सराय से प्रभारी पुलिस चौकी पाठशाला थाना खेकड़ा पर तैनाती की गई है।

आवारा सांड को पकड़वाने को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

रटौल। अब्दुलापुर मेवला गांव में खेत पर काम कर रहे किसान को एक आवारा सांड़ ने टक्कर मार गम्भीर रूप से घायल कर दिया। किसानो ने प्रर्दशन करते हुए आवारा सांड़ को पकड़वाने की मांग की है। अब्दुलापुर मेवला गांव निवासी जयभगवान पुत्र घनश्याम अपने खेतो पर काम कर रहा था तभी आवारा पशुओं का एक झुन्ड खेत पर पहुंचा और एक साड़ ने किसान पर हमला बोल गम्भीर रूप से घायल कर दिया जिससे किसान को गम्भीर चोटे आयी है। किसानो ने देखा तो उस और दौड़ साड़ को भगाया और किसान को गम्भीर रूप मे अस्पताल में भर्ती कराया। वही किसानों ने इखट्टा होकर प्रर्दशन करते हुए उच्च अधिकारियों से साड़ को पकड़वाने की मांग की है। प्रर्दशन करने वालो में आकाश, मुनेश कुमार, आदेश, बीरपाल लो. केश, अख्तर, इंद्रपाल, रोहित सोनू, काले शिवकुमार श्याम आदि मौजूद रहे।

आवारा कुत्तों का आतंक, 16 लोगों को काटकर किया घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

रटौल। आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है एक सप्ताह मे आवारा कुत्ते 16 लोगों पर हमला बोल घायल कर चुके है। कस्बें के लोगो ने प्रर्दशन करते हुए आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

रटौल में पिछले एक साल से आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है। आवारा कुत्तों ने पिछले एक सप्ताह में रटौल निवासी अदनान, महबूब, जैनब, आहद, बब्लू, शुधाशु, जुबैर, राधा, शहनाज, आसिफ, अरबाज, मौहम्मद शाद, फरमान, अरीबा, तल्हा आदि पर हमला बोल घायल कर चुके है कस्बें के लोगो ने बताया कि लगातार कुत्ते खुखांर होते जा रहे है। कस्बें के लोगो ने बताया कि पांच वर्ष पहले भी कस्बें मे कुत्तों ने 150 भेड़ो पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था आय साल कुत्ते लोगों पर हमला बोलते रहते है। उच्च अधिकारियों से भी शिकायत के बाद समाधान नही हो पाया है। सोमवार को रटौल पीएचसी पर इन्जेकशन लगवाने वालो की भीड़ जुटी कस्बें के लोगो ने उच्च अधिकारियों से आवारा कुत्तो को पकड़वाने की मांग की है।

पीड़िता ने ठेकेदार पर साजिश कर पति को फंसाने का लगाया आरोप, एसपी से मांगा न्याय

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। 28 जनवरी को लड्डू निर्माण महोत्सव में हुए हादसे में एक नया मोड़ सामने आया है। लड्डू निर्माण महोत्सव में हुए हादसे में 9 लोगों की मौत के बाद पुलिस ने जिस वसीम को ठेकेदार बताकर गिरफ्तार किया था। परि. जनों ने एसपी दफ्तर पहुंचकर एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

सोमवार को वसीम की पत्नी शहनाज ने एसपी से शिकायत करते हुए बताया कि उनका पति एक साधारण मजदूर है, जो रोज की मजदूरी से परिवार का पालन-पोषण करता है। पीड़िता का आरोप है कि जैन समाज के दो लोगों ने मान स्तंभ पर लड्डू चढ़ाने के कार्यक्रम में ठेका लिया था। उन्हें 8-10 मजदूरों की जरूरत थी, जिसके लिए वसीम नहर के पुल के पास से 6-7 मजदूरों को लेकर गया था। उनका का कहना है कि उनका पति कभी ठेकेदार नहीं रहा और असली ठेकेदार ने अपने बचाव के लिए एक साजिश के तहत वसीम को फंसा दिया। परिवार की स्थिति बेहद नाजुक है। पीड़िता ने बताया कि उनके कई बच्चे हैं और परिवार में कमाने वाला कोई नहीं बचा है, जिससे भूखे मरने की नौबत आ गई है। अनपढ़ होने के कारण उन्हें कानूनी प्रक्रिया की भी समझ नहीं है। उन्होंने एसपी से निष्पक्ष जांच कराने व असली दोषियों को सजा दिलाने की मांग की है।

पुण्यतिथि पर सपाईयों ने कर्पूरी ठाकुर को किया याद

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। सोमवार को समाजवादी पार्टी कार्लालय पर सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने विहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाते हुए उनको नमन किया। इस दौरान कार्यक्रम के आरंभ में जननायक कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्पाजलि अर्पित की। इस मौके के पर सपा संगठन पदाधिकारियों और नेताओ ने कर्पूरी काठुर को याद करते हुए कहा कि वे पिछडे वर्ग के हितो, हिन्दी प्रचार व समतामुलक व्यवस्था की स्थापना के समय थे। उनका जीवन सार्वजनिक जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा देता है। कर्पूरी ठाकुर एक आडंबर रहित ओजस्वी वक्ता, उत्साहवर्धन से लब्ध ईमानदार राजनेता थे। इस अवसर पर महबूब मलिक, बिल्लू प्रधान, राहुल यादव, इरसाद, निजामू, सुरेन्द्र, राजू, शौकिन आदि मौजूद रहे।

जेवी कालेज से शिकोहपुर तक होगी न्याय यात्रा, तैयारियों पर चर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

बड़ौत। कांग्रेस की बैठक में किसान-मजदूर सम्मान और न्याय यात्रा की तैयारियों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष राकेश शर्मा के आवास पर आयोजित बैठक में बताया गया कि, यह न्याय यात्रा 20 फरवरी को बडौत से शुरू होगी तथा दिल्ली- सहारनपुर के गाँव शिकोहपुर तक निक.ाली जाएगी।

बैठक में जनता वैदिक डिग्री कालेज बड़ौत से शुरू होने वाली न्याय यात्रा के शिकोहपुर तक निकाले जाने का कार्यक्रम फाइनल किया गया। दर्जा प्राप्त पूर्वमंत्री ओमवीर तोमर ने यात्रा के सम्बन्ध में जानकारी दी और कहा कि, इस यात्रा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय , पूर्व सांसद अविनाश पाण्डेय, अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खेरा, अमेठी से सांसद किशोरी लाल शर्मा, सहारनपुर सांसद इमरान मसूद, अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला भी मौजूद रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता राकेश शर्मा शहर अध्यक्ष बड़ौत के द्वारा की गई, बैठक में डा राजीव सेन, बेगराज सिंह पूर्व कमिश्नर, सुनील त्यागी ब्लाक अध्यक्ष, दीपक तोमर, याकूब अहमद, यशवीर सिंह, डा. रामकुमार शर्मा, शिव ओंकार शर्मा, मनीष जैन आदि मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत लोगों को किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

बड़ौत। नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं तृतीय तथा रोड सेफ्टी क्लब, जनता वेदिक कॉलेज द्वारा एक दिवसीय शिविर रोड सेफ्टी विषय पर आयोजन प्राचार्य डा.वीरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में किया गया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारियों डा. मुकेश कुमार एवं अमित नागर ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डा.गीता रानी, रोड सेफ्टी क्लब नोडल, लेफ्टिनेंट डा.विजयपाल, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी, जनता वेदिक कॉलेज, थाना बड़ौत से एसआई संजीव चौधरी चौकी प्रभारी कस्बा बाजार, एसआई मिस किर्ती, हेड कांस्टेबल विजयपाल सिंह एवं हेड कांस्टेबल मनीषा उपस्थित रहे। सभी अतिथि गण ने स्वयं सेवकों को रोड दुर्घटनाओं और मौतों पर परिवहन मंत्रालय के डेटा देकर रोड सुरक्षा के लिए जागरूक बनाने के महत्व को समझाया। अत: ट्रैफिक नियमों का पालन कर और जागरूक बनकर गम्भीर दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।

वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनना दुर्घटना के दौरान गंभीर चोटों से बचाता है, तेज गति से वाहन न चलाएं-तेज गति से वाहन चलाने से दुर्घटना का खतरा बढ़ता है, हमेशा सुरक्षित गति में चलाएं, सड़क पर लाइनों का पालन करें-ट्रैफिक सिग्नल और सड़क पर दिखाए गए संक. `तों का पालन करें ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके, दूरी बनाए रखें-वाहन चलाते समय अगली कार से उचित दूरी बनाए रखें, ताकि अचानक ब्रेक लगाने की स्थिति में दुर्घटना न हो, नशे में वाहन न चलाएं-शराब या किसी अन्य नशे में वाहन चलाने से दुर्घटना की संभावना बहुत अधिक होती है। उसके पश्चात स्वयं सेवक चिन्हित कॉलोनी पटेल नगर एवं डूडा कॉलोनी में जाकर सड़क सुरक्षा के उपायों पर बनाए अपने स्लोगन और पोस्टर से जागरूकता फैलाई। यह कार्यक्रम सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

जयंत चौधरी के पत्र के बाद हरकत में आए विभाग, जगी उम्मीदें

शाह टाइम्स संवाददाताश

बड़ौत। डूडा द्वारा आवंटित भवनों के निवासियों को पांच वर्षों से रखा जा रहा है मूलभूत सुविधाओं से वंचित। बिजली, पानी व रास्ते की समस्या से जूझते कालोनी वासियों के लिए अब केंद्रीय मंत्री व रालोद सुप्रीम जयंत चौधरी बनें तारनहार। प्रदेश के नगर विकास मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सम्मुख पहुंचाई गई गरीब परिवारों की समस्या।

कालोनी के पीड़ित परिवारों ने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को लिखे पत्र में बताया था कि, एकीकृत आवास एवं स्लम विकास कार्यक्रम ,डूडा योजना के तहत नगर निकाय बड़ौत में निर्मित आवासों में विगत 5 वर्षों से मूलभूत सुविधायें उपलब्ध नहीं हैं, जबकि इस कालोनी में चार मंजिला फ्लैट बने हैं। बताया कि, बड़ौत में बिजरौल रोड निकट रेलवे फाटक में योजनान्तर्गत निर्मित आवासों में विद्युत संयोजन न होने के कारण प्रथम आवंटन वर्ष 2019 के पश्चात् से 64 परिवार मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इसी कारण 96 आवासों का आवंटन नहीं हो पा रहा है। कालोनी में विद्युतीकरण के लिए लगभग 22 लाख रुपये का एस्टीमेट विद्युत विभाग ने बनाया है। इस एस्टीमेट के जमा होने पर ही कालोनी वासियों को विद्युत सप्लाई मिलेगी, ऐसे में बिना बिजली के कालोनीवासी रह रहे हैं। सुविधाओं का अकाल यहीं खत्म नहीं हुआ,क्योंकि पानी के लिए भी 5 साल से तरस रहे हैं कालोनी के वासी परिवार।बताया कि, कालोनी में पेयजल हेतु टंकी की पाईप लाईन बिछी हुई है और घरों में भी टंकी का फिटिंग कार्य पूर्व में ही हो चुका है, लेकिन आज तक भी कालोनी को पेयजल पाईप लाईन से नही जोडा गया है। इसी तरह कालोनी वासियों के आवागमन का कोई रास्ता भी नहीं है। अभीतक कालोनीवासी रेलवे की जगह में से ही आवागमन करते हैं, जिसे रेलवे कभी भी बन्द कर सकता है। पूर्व में भी रेलवे लाईन पर दुर्घटना हो चुकी है। हमारी कालोनी का रास्ता राजस्व टीम को भेजकर खुलवाया जाये। बार-बार शिकायत करने के बाद भी समस्याओं का समाधान नही हो पा रहा है। कालोनी वासियों ने विद्युतीकरण के लिए विद्युत विभाग द्वारा दिया गया लगभग 22 लाख के एस्टीमेट को वित्तीय स्वीकृति दिलवाने की मांग के साथ ही लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए केंद्रीय मंत्री से गुहार लगाई है। नीतू पत्नी ओमबीर, सीमा, पवन वर्मा, राजपाल ,संजय ,राजबीर हरीश आदि द्वारा प्रेषित पत्र प्राप्त होते ही रालोद सुप्रीम व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने प्रदेश सरकार को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया। इतना ही नहीं सांसद राज. कुमार सांगवान भी एक्टिव हो गये और मंत्री से लेकर विभागीय अफसरों को लंबित समस्याओं के निवारण में देरी पर जवाब तक मांग लिए। अब देखना है कि, कालोनी के 64 परिवारों को मूलभूत सुविधाएं कब तक नसीब होंगी तथा तैयार 96 फ्लैट, जो आवंटन के अभाव में जर्जर हो रहे हैं, उनकी चाबी जरूरतमंद परिवारों को कब सौंपी जाएगी।

डीएम से की तालाब को कब्जा मुक्त करवाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। सरूरपुर कलां गांव के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम से शिकायत कर तालाब खसरा संख्या 397 को कब्जा मुक्त करवाने की मांग की है।

सोमवार को करीब साढे 12 बजे सरूरपुर कलां गांव निवासी संजीव के मुताबिक गांव के तालाब खसरा संख्या 397 की खुदाई कर सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है। तालाब खसरा संख्या 397 पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर मकान बना दिए गए है। उन्होंने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम से शिकायत कर तालाब खसरा संख्या 397 को कब्जा मुक्त करवाने की मांग की है।

टूटी पड़ी सड़क बनवाने को लेकर अधिकारियों के चक्कर काट रहे वार्डवासी

शाह टाइम्स संवाददाता

बड़ौत। नगर के वार्ड नंबर 22 मे किदवई नगर के कुछ ऐसे ही हालात बने हुए हैं। गंदे नाले की बराबर में बनी सड़क काफी दिनो से टूटी हुई है जिसको लेकर कई बार सभासद से लेकर अन्य नगर पालिका के अधिकारियो से टूटी सड़क को बनवाने के लिए कहा गया है लेकिन उसके बावजूद भी किदवई नगर के लोगों की कोई समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। वार्ड नंबर 22 के किदवई नगर मे गंदे नाले के पास बनी सड़क काफी दिनो से टूटी पड़ी है जिसमे कई बार खेलक. द रहे बच्चे गिर गये है। एक बार तो बाइक सवार भी ईसी नाले मे गिर कर घायल हो गये थे लेकिन वार्ड नंबर 22 मे कोई सुन्ने वाला नही है। अधिकतर लोग मोटरसाइकिल व निजी वाहन को टूटी सड़क कि ओर नही निकालते है कही गिर ना जाए बच्चे भी दिवार पकड़कर चलते है।

3100 रुपये की कुश्ती में पहलवान रोनक व पहलवान अर्जुन रहे बराबर

शाह टाइम्स संवाददाता

छपरौली। क्षेत्र के गाँव बदरखा में आयोजित पाक्षिक दंगल में उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय एवं उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के समन्वय से 12 फरवरी से 14 फरवरी तक चली प्रदेश स्तरीय ओपन पुरूष आमन्त्रण कुश्ती प्रतियोगिता फ्री स्टाइल में सत्यम बदरखा 61 किलो में गोल्ड, प्रियांशु बदरखा 92 किलो में गोल्ड, रोनक छपरौली 79 किलो में सिल्वर, रोहित छपरौली ब्राउन प्राप्त करने वाले आर्य व्यामशाला छपरौली के पहलवानों का स्वागत करते हुए सम्मानित किया गया।

पाक्षिक दंगल में आमन्त्रित अतिथि अन्तराष्ट्रीय पहलवान हरेन्द्र उर्फ काला बदरखा, एपील के मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक कुमार उपाध्याय, खलीफा धर्मेन्द्र उर्फ भूरा को दंगल कमेटी ने फूल मालायें पहनाकर व पगड़ी बाँधकर सम्मानित किया। हरेन्द्र उर्फ काला पहलवान ने प्रत्येक विजेता पहलवानों को 5 किलों बादाम 500 रूपये, 500 रूपये सत्यपाल देकर पहलवानों का उत्साह बढ़ाया। पाक्षिक दंगल में पहलवान सोहब छपरौली ने 1100 रूपये की पहलवान अनस लोनी ने 1500 रूपये की, पहलवान शिवम बली निबाली ने 1500 रूपये की कुश्ती जीती तथा 2500 रूपये की कुश्ती में पहलवान सलमान लोनी-पहलवान रोनक मलपुर तथा 3100 रूपये की कुश्ती में पहलवान रोनक बदरखा पहलवान अर्जुन दहा बराबर पर रहे।

सूचना

मेरे पुत्र विधान सिंघल के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम विकास सिंघल गलत दर्ज है। सही नाम Vikash Gupta दर्ज किया जाए।

विकास गुप्ता पुत्र पवन कुमार गुप्ता, अग्रवाल मंडी टटीरी, बागपत।

आगामी त्योहारों के मद्देनजर हुई शांति समिति की बैठक आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

टांडा/रामपुर। सोमवार को कोतवाली टांडा में आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि को लेकर नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आए संभ्रांतों के बीच उपजिला अधिकारी कुमार गौरव पुलिस क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में शांति समिति बैठक आयोजन किया गया। इस दौरान कोतवाल टांडा ओमकार सिंह व पुलिस स्टाफ उनके साथ रहे। उपजिलाधिकारी ने बैठक में मौजूद नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आये सम्भ्रांतों से महाशिवरात्रि के संबंध में जानकारी ली वहीं उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि कोई भी ऊंची आवाज में डीजे ना बजे एवं नई परंपरा नहीं होनी चहिए ,साथ ही खुराफातियों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि अगर किसी ने

भी त्योहारों में विघ्न डालने की को. शिश की तो कठोर कार्रवाई की जाएगी बैठक में मौजूद सम्भ्रांतो से भी उन्होंने कहा कि अगर कोई ऐसा व्यक्ति है जो शांति व्यवस्था को प्रभावित कर सकता है इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके शांति व्यवस्था की बैठक में काफी संख्या मे लोगों ने भाग लिया।

न्याय की कुर्सियों पर पदासीन लोग भी देश का सर्वोच्च हिस्सा हैं:आसिम खान

- **महाकुंभ मेला में हुई दर्दनाक घटनाएं दिल दहला देने वाली थीं हृदय विदारक**

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। सपा के वरिष्ठ नेता आसिम खान ने प्रेस को जारी पने बयान में कहा महाकुंभ मेला और पर्व चल रहा है और वहां कई ऐसी दर्दनाक घटनाएं हुई जो दिल दहला देने वाली थीं हृदय विदारक थी जब वह दृश्य आंखों के सामने आता है तो दिल कांप जाता है। उन्होंने कहा सरकार ने कई बार कहा करोड़ लोगों ने स्नान किया मगर अफसोस हादसों में अपनी जान गंवाने वाले स्नानार्थियों और श्रद्धालुओं की संख्या बताने में सरकार ने निंदा और आलोचना व कुप्रबंधन के इल्जाम से बचने के लिए संकोच किया यह बड़ी हैरान करने वाली बात है। कुंभ के इंतेजाम पर सात हजार पाँच सौ करोड़ रूपया पर खर्च करने का दावा करने वाली योगी

सरकार , भगदड़ में मरने वालों के लिए 25 लाख की आर्थिक सहायता की घोषणा भी करती है और मरने वालों की तादाद छुपा कर पैसा बचाना भी चाहती है यह बड़ी दुखद बात है। आसिम खान ने कहा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे का ताल्लुक कुंभ से नही है मगर वो भी श्रद्धालु थे उनके लिए भी सरकार को आर्थिक सहायता का एलान करना चाहिए। जिन पर आयोजन का प्रभार होता है कोई हादसा हो जाये और व्यवस्था पर सवाल उठे तो जिम्मेदारी भी उन्ही की होना चाहिए, पिछले महाकुंभ मेले के प्रभारी तत्कालीन अखिलेश यादव की सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे मोहम्मद आजम खान थे। उस वक्त मे रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में बहुत से श्रद्धालुओं की जान गई थी। उस हादसे का कुंभ से कोई ताल्लुक भी नही था मगर नैतिकता का संबंध था और उसी नैतिकता के आधार पर मोहम्मद आजम खान साहब ने खुद को जिम्मेदार मानकर मेले के प्रभारी

के पद से स्तीफा दे दिया था। साधु संत महात्मा और सभी अखाड़े, और विशेष कर समस्त श्रद्धालु उनके द्वारा की गयी व्यवस्था से प्रसन्न भी थे और संतुष्ट भी उनकी उदारता नैतिकता भावुकता को संत समाज ने महसूस किया लिहाजा उनका इस्तेफा न मंजूर हुआ बल्कि उनकी इस पेशकश ने उन्हें हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक और कुंभ का नायक बना दिया। उनके कुशल प्रबंधन और बेहतरीन इंतेजाम के कारण ही आज हर जबान पर उनका नाम है। आसिम खान ने कहा इससे एक बात साबित हुई कुंभ का पर्व भारतीयों का है न कि भारतीय जनता पार्टी का सत्ता किसी की भी हो उसे ये दायित्व निभाना ही पड़ता है इतिहास इस बात का गवाह है। अफसोस और गहन चिंतन का विषय ये भी है हिन्दू मुस्लिम एकता भाई चारे की मिसाल कायम करने और इसी देश की सेवा में अपना सारा जीवन न्योछावर करने वाले मोहम्मद आजम खान साहब को उनके त्याग और बलिदान का क्या सिला मिल रहा है मौजूदा हुकूमत नफरत की बुनियाद पर उन्हें और उनके परिवार को तबाह करने पर आमादा है सैकड़ों मुकदमों का बोझ उन पर लाद कर उन्हें और उनके बेटे अब्दुल्लाह आजम खान को जेल की काल कोठरी में डाल रखा है मुझे उम्मीद ही नही बल्कि विश्वास भी है न्याय की कुर्सियों पर पदासीन लोग भी इसी देश का सर्वोच्च हिस्सा हैं, वो आजम खान और उनके परिवार के साथ जरुर इंसाफ करेंगें

बार एसोसिएशन शाहबाद का आज होगा शपथ ग्रहण समारोह

- **ग्रामीण न्यायालय के जज होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि**

शाह टाइम्स संवाददाता

शाहबाद/ रामपुर। बार ऐसो. शाहबाद की नवीन कार्यकारिणी वर्ष 2025 का शपथ ग्रहण समारोह आज दोपहर 12 आयोजित होगा उसके बाद 4 बजे भोजन व्यवस्था की गई है। तैयारी के लिए आज अधिवक्ता न्याय कार्य से विरत रहे। समारोह कार्यक्रम तहसील सभागार में आयोजित होगा। जिसमें ग्रामीण न्यायालय के जज अरविंद कुमार मद्धेशिया मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। उपलाधिकारी शाहबाद हिमांशु उपाध्याय व पुलिस क्षेत्राधिकार शाहाबाद हर्षिता सिंह, तहसीलदार शाहबाद राकेश कुमार चन्द्रा, नायब तहसीलदार हरीश जोशी व विश्वास दीक्षित अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। शपथ ग्रहण के बाद बाद अधिवक्ता भवन में भोजन की व्यवस्था की गई है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए

ट्रैफिक पुलिस यातायात नियमों को तोड़ने वालों पर सख्त

शाह टाइम्स संवाददाता

शाहाबाद /रामपुर। सोमवार को ट्रैफिक पुलिस ने यातायात के नियमों को तोड़ने वाल 21 पर सख्त कार्रवाई की है । टी एस आई अजय कुमार तेवतिया ने बताया कि रविवार को सघन चेकिंग अभियान के दौरान कार, मोटरसाइकिल आदि के चालकों द्वारा सीट बेल्ट का ना लगाना, हेलमेट ना पहनना और बिना लाइसेंस के वाहन चलाकर यातायात के नियमों की धज्जियां

उड़ाई जा रही थी। जिनके विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष तकरीर रहमान एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुहेल खान एडवोकेट, व महासं. चव अनोद कुमार शर्मा एडवोकेट व मासूम मियां एडवोकेट के साथ आज होने वाले शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण दिया।

6 हाफिजों की हुई दस्तारबंदी

शाह टाइम्स संवाददाता

शाहबाद /रामपुर। रविवार की रात शाहबाद के मोहल्ला मस्जिद काजी में 6 हाफिजों की दस्तारबंदी हुई। दस्तारबंदी के कार्यक्रम में मेहमान ए खुसूसी के तौर पर मुफ्ती नोमान अख्तर नवादा बिहार, मौलाना जाकिर नईमी मुरादाबाद , शायर सेफ राजा कानपुरी, दरगाहै आला हजरत मुफ्ती अहसन मियां बरेली शरीफ ने शिरकत की इस दौरान हाफिज सैयद फैजान मियां, सैयद रेहान मियां, मोहम्मद आमिर, मौसम अली, मोहम्मद यासीन ,मोहम्मद समीर की दस्तारबंदी की गई। दस्तारबंदी का कार्यक्रम इशा की नमाज के बाद शुरू होकर रात्रि 12 के बाद तक चलता रहा। इस दौरान नगर व क्षेत्र से हजारों की तादाद में लोग शामिल हुए और उलेमाओं के द्वारा बताए गए दिन और इस्लाम के बयानों से रूबरू हुए

पुलिस ने तीन वारंटियों और दो को शान्ति भंग में किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

मिलक/रामपुर। कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर महिला सहित तीन वारंटी और दो को शान्ति भंग मे गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय को भेजा।

पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण मे तथा सी.ओ.मिलक के कुशल नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा आज तीन नफर वारण्टी अभियुक्त तुफैल अहमद पुत्र सद्दन अंसारी निवासी ग्राम भैसोड़ी को धारा 25 आर्म्स एक्ट,पप्पू पुत्र रामभरोसे निवासी नवदिया थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित मु. अ.सं. 661/2012 धारा 306 भादवि को और मारपीट पर उतारू लालता प्रसाद पुत्र मही लाल

रामभरौसे निवासी ग्राम नवदिया थाना मिलक रामपुर सम्बन्धित मु. अ.सं. 661/2012 धारा 306 भादवि को और मारपीट पर उतारू लालता प्रसाद पुत्र मही लाल निवासी हरदासपुर थाना मिलक कल्याण पुत्र जानकी प्रसाद निवासी अगापुर थाना मिलक को शांति भंग में गिरफ्तार कर मा. न्यायालय रामपुर भेजा गया।

विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव ने सौंपा पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। सोमवार को राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मोहम्मद उस्मान बबलू नें डीएम को विभिन्न समस्याओं को लेकर पत्र सौंपा है। राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मोहम्मद उस्मान बबलू प्रदेश सचिव मोहम्मद सिराज क्षेत्रीय महासचिव मुशाहिद हुसैन द्वारा जिला अस्पताल रामपुर की समस्या के बारे में जिलाधिकारी रामपुर को अवगत कराते हुए प्रदेश महासचिव ने पत्र दिया पत्र में बताया गया है कि मैच की पुरानी बिल्डिंग अवैध तरीके से कर्मचारियों द्वारा कब्जा कर रखी है जिसमें सीएमएस द्वारा कई बार नोटिस खाली करने को दिया गया इसके बावजूद जर्जर बिल्डिंग को खाली नहीं किया जा रहा है अगर कोई दुर्घटना होती है तो हमारी सरकार को बदनाम किया जायेगा। इससे पहले कोई घटना हो

उक्त बिल्डिंग को खाली कराया जाना अति आवश्यक है पत्र में दूसरा प्रकरण डाइटिशियन शिवानी चौधरी द्वारा मरीज को दिए जाने वाली सरकार द्वारा सुविधा खाना दूध अंडा और अन्य सामग्री हर मरीज को वित. रित की जाती है लेकिन शिवानी चौधरी अपने कार्य में लापरवाही बरत रही है जिसे राष्ट्रीय लोकदल किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। ज्ञापन देने वालों में फिरोज आलम खान, प्रदेश महासचिव मोहम्मद सिराज, मुशाहिद हुसैन, चिंटू नेता आदि लोग मौजूद रह।

श्री ब्राह्मण सभा की बैठक आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

मिलक/ रामपुर। श्री ब्राह्मण सभा की एक बैठक का आयोजन नगर के प्राचीन शिव मंदिर मिलक में डॉ विवेक शुक्ला की अध्यक्षता में किया गया बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि 30 मार्च 2025 को नव संवत्सर पूजन हवन कार्यक्रम धूमधाम से शिव मंदिर में कार्यक्रम होगा बैठक में व्रतोत्सव निर्णय पत्र को स्वीकृत प्रदान की गई बैठक में वैध मनोहर लाल शर्मा डॉ विवेक शुक्ला, डॉ विकास शुक्ला, सतीश शर्मा, शिव कुमार शर्मा, बलबीर शरण शर्मा, चिंतामणि बहुगुणा, नवीन कुमार शर्मा, आलोक पाठक,प्रवेश शुक्ला, मुकेश कौशिक, रामकुमार शर्मा,सीताराम शर्मा विजय कुमार शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, गीता शर्मा, हेमा बहुगुणा, भुवनेश भार्गव, विशाल शर्मा,मुकेश वशिष्ठ,डॉक्टर रोहतास शर्मा, प्रगति मिश्रा,मानसी भार्गव आदि बैठक में रहे बैठक का संचालन पूर्व सभासद सुरेंद्र शर्मा ने किया।

हाई स्कूल परीक्षा में ऐसे तैयारी की तो आएंगे अच्छे अंक: अमित सिंह पटेल

राजकीय इंटर कॉलेज शाहबाद में तैनात विषय विशेषज्ञ शिक्षक की राय

शाह टाइम्स संवाददाता

शाहाबाद/रामपुर। वर्ष 2025 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के द्वारा महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित शंकाओं प्रश्नों के प्रभावी समाधान के साथ-साथ परीक्षा के तनाव प्रबंधन पर एवं समय प्रबंधन हेतु जिला स्तर पर महत्वपूर्ण विषयों की विषय विशेषज्ञ शिक्षकों का पूल बनाकर जिला स्तर पर हेल्प डेक्स स्थापित की गई है । राजकीय इंटर कॉलेज शाहाबाद से बोर्ड परीक्षा 2025 हेतु जिला स्तर पर विषय विशेषज्ञ सामाजिक विज्ञान के लिए चयनित अमित सिंह पटेल ने इस वर्ष हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं मार्गदर्शन

करते हुए बताया है कि अच्छे अंक प्राप्त करना है तो सामाजिक विज्ञान में बहुविकल्पीय प्रश्नों व मैपिंग पर विशेष ध्यान देना होगा क्योंकि यह 20 + 10 = 30 अंकों पर आधारित है। यह ठोस अंक होते हैं और मैरिट बनाने में लाभकारी है ।साथ ही लघु प्रश्नों में उतना ही लिखे जितना प्रश्न पत्रों में कहा जा रहा है। उत्तर में क्रमबद्धता व चित्र अवश्य शामिल करें। इस प्रकार लिखने से उच्च स्कोर प्राप्त करेंगे । विद्यार्थियों से

विषय विशेषज्ञ शिक्षक अमित सिंह पटेल

कहा है कि विषय से संबंधित किसी प्रकार की समस्या के लिए उनके मोबाइल नंबर 97921 94885 पर कॉल करके समाधान प्राप्त कर सकते हैं ।

सोशल मीडिया पर अपशब्द बोलने पर अधिशासी अधिकारी ने नामजद तहरीर दी

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष ने डाला था वीडियो

शाह टाइम्स संवाददाता

मिलक /रामपुर। सोशल मीडिया पर फेसबुक लाइव के दौरान अधिशासी अधिकारी के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करने पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष के खिलाफ अधिशासी अधिकारी ने मुकदमा दर्ज कराने को तहरीर दी है नगर पालिका परिषद मिलक के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कोतवाली प्रभारी धनंजय सिंह को तहरीर दी है जिसमें आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया पर आदेश शंखधार निवासी मोहल्ला असादुल्लापुर ने मेरे लिए अभद्र भाषा बोली है जिससे मेरे सम्मान को ठेस पहुंची है उन्होंने कार्रवाई की मांग की है ज्ञातव्य हो कि अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने नगर में कुछ सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत उच्च अधिकारियों से की है जिसको लेकर वो अधिशासी अधिकारी पर फेसबुक लाइव के जरिए हमलावर हो रहे थे प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जांच कर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

हल्का लेखपाल पर रुपये लेकर पट्टे नापने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

सैफनी /रामपुर। सोमवार को ग्राम पंचायत ललवारा तहसील शाहाबाद जिला रामपुर के रहने वाले मोहम्मद अनादिल पाशा ने एक्स पर जिलाधिकारी रामपुर जोगिंदर सिंह से कृषि पट्टों के संबंध में शिकायत की है जिसमें बताया है कि गांव ललवारा में कुछ समय पहले ग्राम प्रधान की मिली भगत से और तहसील के कर्मचारियों की मिली भगत से गांव के लोगों से 30 हजार प्रति व्यक्ति वसूले थे। लेकिन ग्राम प्रधान और लेखपाल द्वारा कुछ लोगों के पट्टे तो नापे गए हैं लेकिन उन लोगों को ना तो कोई खतौनी दी गई और ना ही कोई सरकारी रसीद दी गई है। जिसमें प्रार्थी को लगता है कि गांव के लोगों के साथ बहुत बड़ी धोखाधड़ी करी गई है और ग्राम समाज का दुरुपयोग किया गया है प्रधान और लेखपाल द्वारा जांच कर कठिन से कठिन कार्रवाई करने का कष्ट करें। मोहम्मद आदिल ने बताया कि हल्का लेखपाल ने 50 से 60 के बीच में पट्टे नाप दिए हैं बताया जा रहा है की लगभग 90 लोगों के पट्टे हुए हैं। मैं शाहबाद आर के ऑफिस में गया था ना तो कोई फाइल हुई है इस तरह की मैंने सारी जानकारी ली है पिछली प्रधानी में पट्टे हुए थे उनकी जानकारी तो मिल गई आरोप लगाते हुए यह बताया कि हल्का लेखपाल 5 हजार रुपये लेकर पट्टे नाप रहा है। वही हल्का लेखपाल सुरेन्द्र बिश्नोई का कहना है कि इस समय हरियाली पट्टों की नपत चल रही है। यह हरियाली पट्टे हैं जिनकी खतौनी नहीं होती है इनकी सनद दी जाती है लगभग 90 लोगों के हरियाली पट्टे हुए हैं।

एक तमंचे और कारतूसों के साथ एक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

टांडा/रामपुर। रविवार को गश्त के दौरान कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि सूरतसिंह उर्फ नयागांव से पहले पुलिया से जंगल के रास्ते खाईखेड़ा को जाने वाले मार्ग पर एक संदिग्ध व्यक्ति मौजूद है।

सूचना पा कर पुलिस मौके पर पहुंच गई और ग्राम सिरसखेड़ा थाना मूण्डापाण्डे जिला मुरादाबाद निवासी कलुआ उर्फ सूरमा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर व्यक्ति के पास से 01 तमंचे तथा 02 कारतूस बरामद हुए। जिस पर कोतवाली पुलिस आरोपी को कोतवाली ले आई और संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर

अग्रिम कार्यवाही के करते हुए जेल भेज दिया।

अब्दुल्ला आजम खान की जमानत पर फैसला सुरक्षित

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। रामपुर एमपी एमएलए कोर्ट में अब्दुल्ला आजम की जमानत पर चल रही सुनवाई आज पूरी हो गई और फैसला सुरक्षित रख लिया गया है आज रामपुर एमपी एमएलए कोर्ट में आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान की जमानत को लेकर सुनवाई हुई दोनों पर शत्रु संपत्ति खुर्द वुर्द करने का आरोप है कोर्ट में उठी बहस के दौरान आजम खान की जमानत याचिका उनके अधिवक्ता ने वापस ले ली उसके बाद अब्दुल्लाह आजम की जमानत पर हुई बहस पूरी हो गई और फैसला सुरक्षित रख लिया गया बहस के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा धारा बढ़ाने की एप्लीकेशन को रिजेक्ट कर फैसला सुरक्षित रखा गया है उम्मीद है कल इस पर फैसला आ जा

लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स में समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
खोया पाया, नाम परिवर्तन सूचना, सम्बंध विच्छेद तथा अन्य सूचना एवं विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
ब्यूरो चीफ रामपुर
सम्पर्क सूत्र :- 9720093014
7906773314

कार्यालय नगर पालिका परिषद स्वार (रामपुर)

पत्रांक:-505 **(iv) /न.पा.प.स्वा.**2024-25 **दिनांक:**-17 **फरवरी** 2025

दुकान प्रीमियम नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद स्वार के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में प्रथम तल पर निर्मित अवशेष दुकानों का प्रीमियम नीलाम दिनांक 06.03.2025 को अपरान्ह समय 2:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद स्वार के सभागार में किया जायेगा। बोलीदाता को बोली बोलने से पूर्व जमानत राशि रु. 25000= 00 का बैंक ड्राफ्ट जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद स्वार के नाम बंधक होगा। अथवा पालिका के खाते दि. न्यू अर्बन को ऑपरेटिव बैंक शाखा स्वार खाता संख्या-234003000181 आई.एफ.एस.सी. कोड HDFC0CNUCBL में दिनांक 06.03.2025 तक जमा करना अनिवार्य होगा। किसी भी बोली को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित है, इसमें किसी भी व्यक्ति को एतराज करने का अधिकार नहीं होगा। बोली की शर्तें किसी भी कार्य दिवस में आकर कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

उप जिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
स्वार (रामपुर)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
स्वार (रामपुर)

पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर समीक्षा बैठक

परियोजना निदेशक ने प्रगति और नेटमीटर से संबंधित समस्याओं को सुना

शाह टाइम्स ब्यूरो



रामपुर। पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति और नेटमीटर से संबंधित समस्याओं को लेकर परियोजना निदेशक दिग्विजय नाथ तिवारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में उपस्थित पर्ल इंटरप्राइजेज फर्म के संचालक महेश जुनेजा द्वारा अवगत कराया गया कि पी.एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत 05 प्लाण्ट स्थापित किये हुये लगभग 02 सप्ताह बीत चुके हैं। नेट/स्मार्टमीटर लगवाने हेतु प्रोसेसिंग फीस जमा करा दी गयी है, किन्तु विद्युत विभाग द्वारा अभी तक नेटमीटर स्थापना की कार्यवाही नहीं की गयी है। इस सम्बन्ध परियोजना निदेशक ने विद्युत विभाग को तत्काल नेटमीटरिंग की कार्यवाही कराये जाने के निर्देश दिये। महेश जुनेजा द्वारा नेटगीटर की बिलिंग से सम्बन्धित समस्या से अवगत कराया गया। इस सम्बन्ध में अधिशाषी अभियन्ता मीटर्ड ने बताया गया कि नेट बिलिंग हेतु पोर्टल पर संशोधन का कार्य चल रहा है। शीघ्र ही नेट बिलिंग का कार्य कराते हुये उपभोक्ता को संशोधित बिल उपलब्ध करा दिये जायेंगे, जिससे उपभोक्ता पीएम सूर्यघर योजनान्तर्गत विद्युत छूट का लाभ ले सकेंगे। आर. एस. इंटरप्राइजेज के संचालक दीपक अराहन द्वारा उपभोक्ता के नाम में संशोधन एवं कनेक्शन ट्रांस्फर हेतु आ रही समस्या पर अधिशाषी अभियन्ता विद्युत ने बताया कि नाम संशोधन एवं कनेक्शन हेतु उपभोक्ता के आधार कार्ड, हल्फनामा एवं प्रार्थना पत्र कार्यालय में उपलब्ध कराने पर नाम संशोधन की कार्यवाही की जायेगी। परियोजना निदेशक ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि समस्त डिवीजन कार्यालयों में ऐसे उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु कैम्प का आयोजन किया जाये। उन्होंने कहा कि यह कैम्प एस.डी.ओ. आफिस में लगवाये जायें और कैम्प लगाने का समय 10:00 बजे से 02:00 बजे तक निर्धारित किया जाये और विद्युत विभाग द्वारा इन समस्याओं को तत्परता से समाधान सुनिश्चित कराया जायें।

बैठक में उपस्थित कुछ वेण्डर्स द्वारा बताया गया कि बैंक से ऋण हेतु घर के स्वामित्व के सम्बन्ध में उपभोक्ता से अभिलेख मांगे जा रहे हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी लोगों के पास घर के स्वामित्व से सम्बन्धित कोई अभिलेख नहीं है। इस आधार पर बड़ी मात्रा में पीएम सूर्यघर के आवेदन पत्रों को शाखा प्रबन्धकों द्वारा निरस्त किया जा रहा है, जिससे योजना कि प्रगति बाधित हो रही है। इस सम्बंध में परियोजना निदेशक ने एल.डी.एम.को निर्देशित किया गया कि सभी बैंको द्वारा घर के स्वामित्व सम्बंधी अभिलेख में ग्रामीण क्षेत्रों में बी.डी.ओ. एवं ई.ओ. द्वारा सत्यापन प्रमाण पत्र लेकर ऋण स्वीकृत कराना सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में वरिष्ठ परियोजना अधिकारी यूपीनेडा मुक. `श कुमार, एल.डी.एम. मदन मोहन प्रसाद, समस्त अधिशाषी अभियन्ता, (विद्युत खण्ड), उपखण्ड अधिकारी (विद्युत वितरण उपखण्ड), यूपीनेडा के वरिष्ठ सहायक अनुज कुमार, पी. एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के समस्त वेण्डर द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बाईकों की भिड़ंत में दो घायल, रेफर

शाह टाइम्स संवाददाता

शाहबाद/रामपुर। सोमवार ग्राम मिलक गुलाम अली थाना शाहबाद जिला रामपुर के रहने वाले 22 वर्षीय प्रेम पुत्र चंद्रसेन किसी काम से शाहबाद की ओर निकले थे वहीं जाहिदपुर का रहने वाला 40 वर्षीय राशिद भी किसी काम से शाहबाद की ओर आ रहा था।

कि प्रेम और राशिद की मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें प्रेम के सिर और पैर में गंभीर रूप से चौट वही 40 वर्षीय राशिद पुत्र रहमत के पैर में जबरदस्त चौट आई माजरा देख भीड़ जमा हो गई।

सूचना पर पहुंची एंबुलेंस दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लेकर पहुंची जहां पर चिकित्सकों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देकर बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया

खोद कला ग्राम पंचायत में विकास कार्यों की जाँच करने पहुंची टीम

विकास कार्यों की जांच करने पहुंचे पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

मसवासी/रामपुर। विकास कार्यों की शिकायत पर जांच करने पहुंचे पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जीशान मलिक क्षेत्र की ग्राम पंचायत खोद कला में ग्राम प्रधान के द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जाँच हेतू ग्राम पंचायत के निवासी फैज मियां ने लगभग एक माह पूर्व रामपुर जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमे तमाम विकास कार्यों की जांच करने की मांग की गई थी जिसकी जांच के लिए दिन सोमवार को समय तीन बजे जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जीशान मलिक पहुंचे और शिकायतकर्ता फैज मियां से तमाम ग्रामीणों की मौजूदगी मे शिकायतों की जानकारी ली शिकायतकर्ता फैज मियां ने बताया है कि विकास कार्यों की जांच के लिए 17 फरवरी को अधिकारी आए और एक एफिडेविट ना होना बताया हैं, और जिसकी आज जांच ना कर 27 फरवरी को दोबारा जांच करने के लिए कहा है, फैज मियां ने यह भी बताया कि हमारी तरफ से सारे डॉक्यूमेंट कंप्लीट है,लेकिन उसके बावजूद भी जांच के नाम पर आज खाना पूर्ति की गई है।

एसपी नें कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। सोमवार को एसपी नें एएसपी के साथ पुलिस कन्ट्रोल रूम, एकीकृत कमाण्ड रूम, यूपी-112 कार्यालय एवं थाना साइबर क्राइम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित दस्तावेजों के रख रखाव, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चौक किया गया। एकीकृत कमाण्ड रूम में निगरानी हेतु जनपद में विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का जायजा लिया गया, साथ ही साफ-सफाई आदि को चौक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

झारखंड की अधिवक्ता का रामपुर के होमगार्ड दंपति ने कब्जाया सामान

पुलिस ने मेंटल बताकर मोबाइल भी छिनवाया, एसपी ने दिए मुकदमे के आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। झारखंड की महिला अधिवक्ता का रामपुर के होमगार्ड दंपत्ति ने सामान कब्जा रखा है।स्थानीय पुलिस से शिकायत करने पर उसे मेंटल बताकर पुलिस ने उसका मोबाइल भी छिनवा दिया। आखिरकार पीड़िता अधिवक्ता की गुहार पर एसपी ने मुकदमें के आद. `श दिए हैं।

झारखंड की महिला अधिवक्ता ने होमगार्ड दंपती के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा एसपी के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया है। इसमें होमगार्ड दंपती अमरीश पाठक और उनकी होमगार्ड पत्नी आंचल पाठक उर्फ आंचल शर्मा को नामजद किया गया है। पीड़िता अधिवक्ता गंगा सरोवर का आरोप है कि होमगार्ड दंपती ने बहाने से उनका सामान, जेवर और मोबाइल ले लिया और अब वापस नहीं कर रहे। पीड़िता अधिवक्ता गंगा सरोवर झारखंड के शिवगांल लेन देवघर की निवासी हैं। 8 फरवरी को एसपी को बताया था कि वह पेशे से एडवोकेट हैं और झारखंड में ही प्रैक्टिस करती हैं। 6 दिसंबर 2024 को वह रामपुर में थीं। उसने अपना सामान तहसील मिलक निवासी होमगार्ड अमरीश पाठक से लेने आई थीं। आरोपी होमगार्ड कचहरी में तैनात है। पीड़िता अधिवक्ता का कहना है कि आरोपियों ने उनका सामान वापिस नहीं किया। पीड़िता के मुताबिक आरोपी अमरीश पाठक के साथ उसकी पत्नी होमगार्ड आंचल पाठक उर्फ आंचल शर्मा भी मिली है। पीड़िता ने बताया कि इससे पहले भी वह एसपी से शिकायत की थी। जिस पर हल्का दरोगा मुक. `श कुमार ने उन्हें थाने बुलाकर आरोपी अमरीश पाठक से सामान वापस दिलाने के बजाए उल्टा उससे उसका मोबाइल भी आरोपी को ही दे दिया और दरोगा ने पीड़िता को मानसिक रोगी बता कर थाने से भगा दिया था। फिलहाल, अब इस मामले में पुलिस ने एसपी के आदेश पर आरोपी होमगार्ड दंपती के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

वांछित चल रहे अभियुक्त पर पुलिस ने की कार्रवाई

सैफनी। पुलिस गिरफ्त में वांछित इकरार उर्फ लल्ला।

शाह टाइम्स संवाददाता

सैफनी/रामपुर। पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वांछित चल रहे अभियुक्त इकरार उर्फ लल्ला पुत्र अब्दुल हसन निवासी ग्राम घोसीपुरा थाना पटवई जनपद रामपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

जननायक कर्पूरी ठाकुर का मनाया गया परिनिर्वाण दिवस

शाह टाइम्स ब्यूरो



जननायक कर्पूरी ठाकुर

रामपुर। सोमवार को ऑल इंडिया महापदम नन्द कम्युनिटी एजुकेटेड संगठन उत्तर प्रदेश के जिला यूनिट रामपुर के तत्वाधान में मिलक के मोहल्ला ग्रीन सिटी कॉलोनी में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बसपा के जिला प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर एडवोकेट ने कहा की जननायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म भारत में ब्रिटिश शासन काल में समस्तीपुर जिले के ग्राम पितोंजिया में हुआ था। जिसे अब करपुरीग्राम कहा जाता है इनका जन्म नाई, (ठाकुर) जाति में हुआ था उनके पिता का नाम गोकुल ठाकुर तथा माता जी का नाम रामदुलारी देवी था इनके पिता गांव के सीमांत किसान थे। ठाकुर ने 22 दिसंबर 1970 को बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद सरकार को जनता तक पहुंचाने और बेहतर जन कल्याण के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण सुधार लागू किया। एक बार उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रहने के बावजूद कर्पूरी ठाकुर रिक्शा से ही चलते थे क्योंकि उनकी जायज आय कार खरीदने और उसका खर्च बहन करने की अनुमति नहीं देती थी उनकी सादगी और ईमानदारी की मिसाल आज भी पूरे देश में कायम है। उन्होंने हिंदी को विहार में राजभाषा का दर्जा दिया 17 फरवरी 1988 को 64 वर्ष की उम्र में आपका निधन हो गया। इस अवसर पर ऑल इंडिया महापदम नंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अपर महासचिव रमेश श्रीवास्तव ने भी विचार रखें। परमानंद श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद, राम सिंह श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष रामपुर, रामावतार श्रीवास्तव, मदनलाल श्रीवास्तव एडवोकेट, अवनीश श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, नवल श्रीवास्तव, विमल श्रीवास्तव, आयुष दिव्यांश समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। डीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारी

रामपुर। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष अजय बाबू गंगवार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज कलेक्ट्रेट पहुँचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिले की प्रमुख समस्याओं के समाधान की माँग की गई, जिनमें दनकरा गौशाला का संचालन, मिलक में 33 के.वी. लाइन का स्थानांतरण, खतौनी में नाम सुधार को लेकर फार्मर रजिस्ट्री में हो रही समस्या, कोसी नदी के कटान से सुरक्षा, मुंडिया कलाँ से अहरो तक सड़क की मरम्मत, राशन वितरण में अनियमितता आदि समस्याएँ शामिल हैं। जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर प्रशासन द्वारा इन जनहित के मुद्दों का समाधान नहीं किया गया, तो किसान बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट में आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि जिले में किसानों और आम जनता की परेशानियाँ बढ़ती जा रही हैं। दनकरा में गौशाला का निर्माण होने के बावजूद संचालन शुरू न होने से आवारा पशु किसानों की फसलों को नुकसान पहुँचा रहे हैं। वहीं, मिलक में घनी आबादी और स्कूलों के ऊपर से गुजर रही 33 केवी लाइन जानलेवा साबित हो रही है। शाहबाद में कोसी नदी के कटान से कई गाँव प्रभावित हैं, वहाँ पर ठोस कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने प्रशासन से राशन वितरण में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार पर तत्काल रोक लगाने, डिस्टिलरी फैक्ट्री से निकलने वाले दूषित नाले को बंद कराने और बिलाल राइस मिल केमरी के पीड़ित किसानों को उनका बकाया भुगतान दिलाने की माँग भी की। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने प्रशासन से इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की अपील की है। जिला अधिकारी ने किसानों की सभी समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान कराने का आश्वाशन दिया। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र खन्ना, महेश बाबू गंगवार, ठाकुर लक्ष्मी चौहान, भानु सिंह गंगवार, जुबैर खान, ज्ञान पाल यादव,उस्मान, राधेश्याम राजपूत, गुरनाम सिंह, लालमन गंगवार,जाहिद खान, हरपाल सिंह, लखविंदर गंगवार, नरेश गंगवार, वीरेंद्र गंगवार आदि किसान मौजूद रहे।

कांग्रेसियों ने मनाई बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण करते कॉग्रेसी।

रामपुर। कॉग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हें दो मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वक्ताओं नें अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कर्पूरी ठाकुर का बहुजनों के हक और अधिकारों के लिए उनका संघर्ष और योगदान सामाजिक न्याय की राह में हमें सदैव प्रेरणा देता रहेगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 17 फरवरी को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है।

धर्मेन्द्र गुप्ता ने कर्पूरी ठाकुर का पुण्यस्मरण करते हुए कहा है कि कर्पूरी जी दलित, शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। उनके सादा जीवन, स्पष्ट विचार और अदम्य इच्छा शक्ति ने बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित किया। उनकी लोक. प्रियता और सेवा भावना के कारण उन्हें 'जननायक' भी कहा जाता है। कर्पूरी ठाकुर जी ने देशवासियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। देश के लिए उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष नोमान खां, युवा कांग्रेस के जिला आरिफ अल्वी, तसलीम खां, दामोदर सिंह गंगवार, जिवेन्द्र गंगवार, मोहम्मद फाजिल, अजीमुद्दीन, राजकुमार, टेकचंद्र, बदाम सिंह, रईस अल्वी, चमन शाह, रेहान खान, इरफान अली, गंगन कुमार, कानता प्रसाद, आसिफ अली, फैजान अल्वी, रिजवान मियां आदि मौजूद रहे।

गौशाला बनवाने के सम्बन्ध में ई. ओ.से की वार्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

सैफनी/रामपुर। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर से भारतीय गौ रक्षा वाहिनी के जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी ने गौशाला के संबंध में बात की जिसमे अधिकारी अधिशासी ने बताया कि जल्दी ही नगर में गौशाला बनवा दी जाएगी और शासन को इसका प्रस्ताव भी भेजा गया है जमीन भी चिन्हित कर ली गई है अधिकारी अधिशासी से लोधी ने बातचीत में कहा कि नगर में जो गाय सड़को पर घूम रही है और आए दिन एक्सीडेंट होते रहते है तथा गायों को गौशाला पहुंचाने के लिए गाड़ी एवं लेबर की व्यवस्था कराई जाए।

कुत्ते के हमले में किशोर घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

शाहाबाद/रामपुर। सोमवार को तहसील क्षेत्र के गांव नवाबपुरा के रहने वाला 19 वर्षीय किशोर किसी काम से घेर में गया था कि वहां अचानक एक कुत्ता आ गया और उसने 19 वर्षीय अर्जुन पुत्र सुखबीर पर हमला कर दिया जिससे उसका हाथ और चेहरा जख्मी हो गया। अर्जुन ने बताया कि वह घेर में किसी काम से गया था और अक्सर दोस्तों के साथ घेर में बैठा करते हैं। गांव के ही रहने वाले गजेन्द्र का कुत्ता भी वहां अक्सर बैठा हुआ मिलता था कि आज अचानक इसी कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया और वह जमीन पर गिर पड़ा।

शोर मचाने पर करने पर परिजन और आसपास के लोग पहुंचे और उसको कुत्ते के हमले से बचाया।घायल अर्जुन को उसका रिश्ते का एक भाई अनिल साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद लेकर पहुंचा जहां चिकित्सक ने उसको उपचार देकर घर वापस भेज दिया

कन्या सुमंगला योजना के तहत 6 श्रेणियों में दी जाती है 25 हजार की धनराशि

शाह टाइम्स ब्यूरो

महिला कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित है मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना जनपद में 13075 बेटियां योजना से हो रही लाभान्वित

रामपुर। महिलाओं के सशक्तिकरण के मिशन को प्राथमिकता के आधार पर प्रदेश में आगे बढ़ा रही योगी सरकार ने बालिकाओं को शिक्षा के अवसर प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना शुरू की गई है जिसके अंतर्गत बालिकाओं को 25000 रुपये की आर्थिक सहायता 6 किश्तों में प्रदान की जाती है।

प्रदेश में कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करने, समान लैंगिक अनुपात स्थापित करने, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन देने, बालिकाओं का स्वावलम्बी बनाने में सहायता प्रदान करने तथा बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से महिला कल्याण विभाग द्वारा अप्रैल, 2019 से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना संचालित है।

जनपद रामपुर में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत अबतक कुल 30353 आवेदन पत्र प्राप्त किये गये, जिसके सापेक्ष 13075 बेटियों को 06 श्रेणियों के आधार पर लाभान्वित किया जा रहा है। समस्त पात्र बेटियों को मिलेगा लाभ, पात्रता/आवेदन की प्रक्रिया मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की पात्रता के लिए उत्तर प्रदेश का स्थाई निवास प्रमाण पत्र होना चाहिए, परिवार के वार्षिक आय अधिकतम 03 लाख रुपये हो और एक ही परिवार की अधिकतम दो बच्चियों को इस योजना का लाभ मिलेगा।

बालिका स्वयं (यदि वयस्क हो), माता-पिता या अभिभावक आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन कॉमन सर्विस केंद्रों/साइबर कैफे/ स्वयं के स्मार्टफोन या कंप्यूटर आदि http//mksy.up.gov.in पर लॉगिन करके आवेदन कर सकते हैं या जनपद के जिला प्रोब. `शन अधिकारी के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की 6 श्रेणियों में प्राप्त होने वाली कुल धनराशि 25000 रुपये है। इसके तहत बेटी के जन्म के समय दी जाने वाली प्रथम श्रेणी धनराशि 5000 रुपए है।

वहीं एक वर्ष की आयु तक समस्त टीकाकरण पूर्ण होने पर द्वितीय श्रेणी में 2000 रुपये धनरा. शि दी जाती है। इसी तरह कक्षा 1व कक्षा 9 में प्रवेश पर 3-3 हजार रुपये की तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की धनराशि और कक्षा 9 में प्रवेश पर 5 हजार रुपए की पंचम श्रेणी की धनराशि दी जाती है।

अंत में 10वीं या 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर 2 वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा या स्नातक में प्रवेश पर 7000 रुपए की षष्टम श्रेणी की धनराशि दी जाती है।

मोतीपुरा के ग्रामीणों ने गाँव में जल भराव को लेकर किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

मसवासी/रामपुर। क्षेत्र की ग्राम पंचायत खोद कला का मंजरा गांव मोतीपुरा में दिन सोमवार को समय दो बजे तमाम ग्रामीण एकत्र हुए और गांव में जल भराब से नाराज होकर ग्राम प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन क्या और जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान को कई बार अवगत कराने के बाद भी ग्राम प्रधान ने जल भराव की समस्या का कोई समाधान नही किया। जल भराव से गांव के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जल भराब होने से गांव में नन्हे मुन्ने स्कूली बच्चे गिर जाते हैं और तमाम प्रकार की ग्रामीणों को समस्याओं का सामना गांव मे जल भराव होने की वजह से करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से समस्या का समाधान करने हेतु मांग की है। प्रदर्शन करने वालो मे रतन लाल, राज कुमार, सूरज, राधेश्याम, राहुल, देव सिंह, राम गोपाल, किशनलाल कुंवर पाल, जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, निकेश राजेंद्र, मुरारीलाल, हरिओम सिंह, शकर, आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खेल समाचार

आरसीबी ने पहले गेंदबाजी का किया फैसला

वडोदरा, वार्ता। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सोमवार को टॉस जीतकर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के चौथे मुकाबले में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यहां आरसीबी की कप्तान स्मृति मांधना ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। टॉस के बाद मांधना ने कहा कि ओस को देखते हुए उन्होंने पहले गेंदबाजी का निर्णय किया है। मांधना ने कहा कि दूसरी पारी में विकेट भी अच्छा खेलती है हालांकि पहले उनकी गें. दबाजों का प्रयास होगा दिल्ली की टीम को दबाव में डाला जाए। उन्होंने कहा कि टीम में एक बदलाव है। प्रेमा की जगह आज एकता को बेंगलुरु के टीम में शामिल किया गया है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैलनग ने कहा कि वह भी पहले गेंदबाजी करना ही पसंद करती हैं। ऐलिस कैप्सी और निक्की प्रसाद की जगह मैरीजान कप्प और जेस जॉनासन आज का मैच खेल रही हैं।

ईरान, उज्बेकिस्तान एएफसी अंडर-20 एशियाई कप के क्वार्टरफाइनल में

शेन्ज़ेन, वार्ता। ईरान ने एएफसी अंडर20 एशियाई कप के ग्रुप सी में 10 खिलाड़ियों से खेल रहे यमन को 6-0 से तथा उज्बेकिस्तान ने इंडोनेशिया को 3-1 से हराकर टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया हैं। रविवार को खेले गए मुकाबलों में लगातार दो जीत के साथ ईरान और उज्बेकिस्तान ने क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। वहीं ग्रुप बी के मुकाबले में आमिर फैसल के गोल ने इराक को सऊदी अरब पर 1-0 से जीत दिलाई, जबकि इब्राहिम सबरा के दो गोल के बदौलत जॉर्डन को दक्षिण कोरिया पर 2-1 से जीत मिली। इराक अब चार अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है। जबकि सऊदी अरब और जॉर्डन इराक से एक अंक पीछे है। दक्षिण कोरिया एक अंक के साथ सबसे नीचे पायदान पर है। इराक अब चार अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है।

झा ने जीता नॉर्वे पैरा आर्म रेसलिंग कप में रजत पदक

नई दिल्ली, वार्ता। पैरा एथलीट श्रीमंत झा ने नॉर्वे पैरा आर्म रेसलिंग कप में 85 प्लस किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार दुनिया के तीसरे और एशिया के नंबर वन आर्म रेशलर श्रीमंती झा ने एशिया पैरा-आर्म रेसलिंग कप 2025 में 85 प्लस किलोग्राम वर्ग में पोलैंड के मार्सिन कैप्लिकी को हराकर रजत पदक अपने नाम किया। पैरा-एथलीट श्रीमंत झा ने अपना रजत पदक महाकुंभ में जान गवांने वाले लोगों को समर्पित किया है। यह टूर्नामेंट 13 फरवरी से 15 फरवरी चला। नॉर्वे के फ्रेविक ने इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। स्वदेश पहुंचने पर झा ने कहा कि यह मेरे लिए एक विशेष जीत है। मैं हर एक मैच शहीद जवानों के सम्मान के लिए जीतता हूं।

FIH हॉकी लीग में भारत ने स्पेन को रौंदा

भारतीय टीम के लिए मनदीप और दिलप्रीत ने गोलकर दिलाई जीत

भुवनेश्वर, वार्ता। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 (पुरुष) में स्पेन को 2-0 से हराकर पहले मैच में मिली 1-3 की हार का बदला ले लिया। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह की गैर मौजूदगी में रविवार रात खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम के लिए मनदीप सिंह ने (32वें) मिनट और दिलप्रीत सिंह ने (39वें) मिनट में गोल कर भारत को इस सीजन की पहली जीत दिलाई।

भारतीय कप्तान को इस मैच में आराम दिया था। पहले क्वार्टर में भारत ने जहां शानदार रक्षात्मक खेल का प्रदर्शन किया वहीं स्पेन की टीम आक्रामक रही। इसके बावजूद पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमें गोल नहीं कर सकी। हाफ-टाइम के बाद मनदीप ने दिलप्रीत की मदद से गतिरोध को तोड़ते हुए 32वें मिनट में गोलकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद दिलप्रीत सिंह ने 39वें मिनट में गोल दागकर बढ़त को 2-0 कर दिया। इसके बाद कई पेनल्टी कॉर्नर हुए लेकिन दोनों ही टीमें गोल करने में विफल रही। अंतिम क्वार्टर में स्पेन ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल करने के लिए भरसक प्रयास किया, लेकिन भारतीय हॉकी टीम की रणनीति के आगे उनकी एक न चली और भारतीय टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा।

अस्मिता हॉकी लीग जूनियर स्टेट हॉकी प्रतियोगिता आज से

छत्तीसगढ़, वार्ता। हॉकी इंडिया, स्पोर्टस ऑथरिटी ऑफ इंडिया और छत्तीसगढ हॉकी के संयुक्त तत्वधान में अस्मिता स्टेट हॉकी लीग जूनियर बालिका वर्ग की स्पर्धा 18 से 22 फरवरी तक तथा सबजूनियर वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 26 फरवरी तक किया जायेगा। जूनियर और सब जूनियर वर्ग की सभी प्रतियोगिताएं संस्कारधानी के अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में होगी। इस प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग में आठ जिलो की टीमें तथा सब जूनियर बालिका वर्ग में नौ जिलो की टीमे हिस्सा लेंगी। चैंपियनशिप का उद्घाटन 18 फरवरी को शाम चार बजे किया जायेगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि हॉकी नर्सरी को राज्य स्तर की स्पर्धा करने की जिम्मेदारी एक बार फिर हॉकी इंडिया ने दी है। इसको लेकर हॉकी राजनांदगांव और हॉकी छत्तीसगढ के कार्यकर्ता एवं खिलाडी कडी मेहनत कर रहे है। अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में होने वाली अस्मिता स्टेट हॉकी लीग जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता 18 से 22 फरवरी तक आयोजित है इस प्रतियोगिता में स्पोर्टस अकादमी रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, जांजगीरचांपा, कोरबा, कांकेर, कबीरधाम के अलावा मेजबान मेजबान राजनांदगांव तथा सबजूनियर बालिका वर्ग में स्पोर्टस हॉकी अकादमी रायपुर, कबीरधाम, बस्तर, बालोद, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर चांपा, के अलावा मेजबान राजनांदगांव की बालिकाएं अपने कौशल का प्रदर्शन करेगीं। जूनियर बालिका वर्ग के प्रथम स्थान पर रहने वाली टीम को दो लाख रुपये, दूसरे स्थान के लिए एक लाख 60 हजार तथा तीसरे स्थान के लिए एक लाख 20 हजार रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाक पहुंची ऑस्ट्रेलियाई टीम

ऑस्ट्रेलियाई टीम 22 फरवरी को इंग्लैंड से खेलेगी पहला मैच

कराची, वार्ता। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को पाकिस्तान पहुंच गई। टूर्नामेंट की शुरुआत बुधवार को कराची में मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले से होगी। पाकिस्तान गत चैंपियन भी है जिसने 2017 इंग्लैंड में आयोजित टूर्नामेंट के पिछले सत्र में भारत को हराकर खिताब जीता था। पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 'एक्स' पर लिखा कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी 2025 के लिए लाहौर पहुंच गई है। वे 22 फरवरी को गद्दाफी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ टूर्नामेंट का अपना पहला मैच खेलेंगे। टीम दो समूह में पाकिस्तान पहुंची। पहले समूह में कप्तान स्टीव स्मिथ, कोच और सहयोगी स्टाफ के सदस्य शामिल थे जो दुबई के रास्ते कोल. बो से पाकिस्तान पहुंचे। दूसरा समूह भी कोलंबो से दुबई होते हुए लाहौर पहुंचा जिसमें 15 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के दो अतिरिक्त सदस्य शामिल थे। हाइब्रिड मॉडल समझौते के अनुसार अपने सभी मैच दुबई में खेलने वाले भारत की तरह ऑस्ट्रेलियाई टीम भी चैंपियन्स ट्रॉफी से पहले कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेगी क्योंकि वे हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ दो मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में खेलकर यहां आए हैं। ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के खिलाफ अपने शुरुआती मैच के बाद ऑस्ट्रेलिया अपना दूसरा मैच 25 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगा जबकि 28 फरवरी को फिर से गद्दाफी स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप चरण का अंतिम मुकाबला खेलेगा।

दानिश व ध्रुव की फिफ्टी, विदर्भ हुई मजबूत

विदर्भ ने मुंबई के खिलाफ पहली पारी में 5 विकेट पर 308 रन बनाए

नागपुर, वार्ता। दानिश मालेवर (79) और ध्रुव शौरी (74) की जूझारू अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत विदर्भ ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मुम्बई के खिलाफ पहली पारी में पांच विकेट पर 308 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं। विदर्भ ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ की शुरुआत खराब रही और उसने 39 के स्कोर पर अथर्व तायडे (चार) का विकेट गवां दिया। इसके ध्रुव शौरी और पार्थ रेखड़े ने पारी को संभालने का प्रयास किया। शिवम दुबे ने पार्थ रेखड़े (23) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये दानिश मालेवर ने ध्रुव शौरी का बखूबी साथ निभाया। शम्स मुलानी ने शतक की ओर बढ़ रहे ध्रुव शौरी को रहाणो के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। ध्रुव शौरी ने 109 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए (74) रनों की पारी खेली। करुण नायर (45) रन बनाकर आउट हुए।

दानिश मालेवर 157 गेंदों में सात चौके और एक छक्के की मदद से (79) रन बनाए। दिन का खेल समाप्त होने के समय विदर्भ ने पांच विकेट पर 308 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं। यश राठौड़ (नाबाद 47) और कप्तान अक्षय वड़कर (नाबाद 13) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। मुम्बई के लिए शिवम दुबे और शम्स मुलानी ने दो-दो विकेट लिए। रॉयस्टन डायस ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

अखिल भारतीय डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से

लखनऊ, वार्ता। रक्षा लेखा खेल नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में रक्षा लेखा विभाग के 11वां अखिल भारतीय डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट (पुरुष और महिला) 18 से 21 फरवरी तक लखनऊ छावनी स्थित 'सूर्या खेल परिसर (एसकेपी') में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट नॉकआउट आधार पर पांच श्रेणियों पुरुष और महिला (एकल), पुरुष और महिला (युगल) और मिश्रित डबल में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट में पूरे भारत के 31 नियंत्रक कार्यालय से कुल लगभग 192 प्रतिभागी (पुरुष/महिला) भाग लेंगे। टूर्नामेंट में 131 पुरुष और 61 महिलाएं भाग लेंगी। टूर्नामेंट को स्पोर्ट्स कोटा श्रेणी, ओपन श्रेणी और आईडीएएस अधिकारी श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा। इसमें खेल कोटा के तहत 13 खिलाड़ी, आईडीएएस अधिकारी श्रेणी के तहत 41 अधिकारी और ओपन श्रेणी के तहत 138 खिलाड़ी भाग लेंगे।

आयरलैंड ने जिम्बाब्वे को हराया

आयरलैंड ने छह विकेट से जीता मैच

हरारे, वार्ता। कर्टिस कैमफर (तीन विकेटऔर 63 रन) के हरफनमौला और कप्तान पॉल स्टर्लिंग (89) रनों शानदार बल्लेबाजी की बदौलत आयरलैंड ने रविवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में आठ गेंद शेष रहते 249 रन बनाकर जिम्बाब्वे को छह विकेट से हरा दिया है।

इसी के साथ आयरलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं। जिम्बाब्वे के 245 रन के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने छठे ओवर में एंडी बैलबर्नी (11) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कर्टिस कैमफर ने कप्तान पॉल स्टर्लिंग के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 144 रनों की साझेदारी हुई। 34वें ओवर में ट्रेवर ग्वांडू ने कर्टिस कैमफर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कर्टिस कैमफर ने 94 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (63) रनों की पारी खेली। इसके बाद हैरी टेक्टर (सात) रन बनाकर आउट हुए। 40वें ओवर में रिचर्ड एन्गारावा ने शतक की ओर बढ़ रहे कप्तान पॉल स्टर्लिंग को आउटकर जिम्बाब्वे को चौथी सफलता दिलाई। पॉल स्टर्लिंग ने 102 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुए (89) रन बनाए। लोर्कान टकर (नाबाद 36) और जॉर्ज डॉकरेल (नाबाद 20) ने संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए 48.4 ओवर में 249 रन बनाकर अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिला दी। लोर्कान टकर ने टीम के लिए विजयी चौका लगाया। जिम्बाब्वे की ओर से ट्रेवर ग्वांडू ने दो विकेट लिए। ब्लेसिंग मुजरबानी और रिचर्ड एन्गारावा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर आयरलैंड ने गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ब्रायन बेनेट और बेन कर्रन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिए 38 रन जोड़े। सातवें ओवर में मार्क ऐडेर ने ब्रायन बेनेट(30) को आउटकर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद जॉश लिटिल ने कप्तान क्रेग एर्विन (चार) को बोल्ड कर जिम्ब्बावे को दूसरा झटका दिया। बेन कर्रन(18) को मैकब्राइन बोल्ड किया। इसके बाद वेस्ली मधेवेरे और सिकंदर रजा ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेजों के बीच चौथे विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में कर्टिस कैमफर ने वेस्ली मेधेवेरे को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। वेस्ली मेधेवेरे ने 70गेंदों में छह चौके लगाते हुए (60) रनों की पारी खेली। जोनाथन कैंपबेल (दो) और तड़िवनाशे मारुमानी (शून्य) को भी कैमफर ने आउटकर पवेलियन भेज दिया। आयरलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे जिम्बाब्वे का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर नहीं टिक सका। जिम्बाब्वे का सातवां विकेट सिकंदर रजा के रूप में गिरा। उन्हें मार्क ऐडेर ने आउट किया। सिकंदर रजा ने 75 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 58 रन बनाए।

सचिन बेबी की फिफ्टी से केरल बड़े स्कोर की ओर

अहमदाबाद, वार्ता। सचिन बेबी (नाबाद 69) रनों की अर्द्धशतकीय जूझारू पारी की बदौलत केरल ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में चार विकेट पर 206 रन बना लिए हैं। केरल ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी केरल के लिए अक्षय चंद्रन और रोहन कुन्नुमल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। 21वें ओवर में अक्षय चंद्रन (30) के रनआउट होने से यह साझेदारी टूटी। इसके बाद रवि बिश्नोई ने रोहन कुन्नुमल (30) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। वरुण नयनार (10) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जलज सक्सेना ने सचिन बेबी के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। अरजान नागवासवाला ने जलज सक्सेना (30) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय केरल ने चार विकेट पर 206 रन बना लिए हैं और सचिन बेबी (नाबाद 69) और मोहम्मद अजहरुद्दीन (नाबाद 30) क्रीज पर मौजूद है। गुजरात की ओर से अरजान नागवासवाला, प्रियजीत सिंह जाडेजा और रवि बिश्नोई ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

खडसे ने किया महाराष्ट्र ईस्पोर्ट्स ओपन चैंपियनशिप-2025 का उद्घाटन

52 फाइनलिस्ट पहले ही ग्रेड फिनाले में पहुंच चुके है

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने ई-स्पोर्ट्स के बढ़ते महत्व को मान्यता दी

पुणे, वार्ता। केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने महाराष्ट्र ईस्पोर्ट्स ओपन चैंपियनशिप 2025 का सोमवार को उद्घाटन किया। प्रतिष्ठित एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी में आयोजित यह चैंपियनशिप राज्य के खेल इतिहास और देश के उभरते ईस्पोर्ट्स उद्योग में एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में कार्य करती है।

फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन इंडिया (एफईएआई) और मराठा ईस्पोर्ट्स एसोसिएशन (एमईए) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य भर से 2100 प्रतिभागी भाग लेंगे। इसमें 52 फाइनलिस्ट पहले ही ग्रैंड फिनाले में पहुंच चुके हैं। इस अवसर पर श्रीमती खड़से ने कहा कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ऐसे समय में हो रहा है जब अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने ईस्पोर्ट्स के बढ़ते महत्व को मान्यता दी है, ओलंपिक ईस्पोर्ट्स गेम्स 2027 में शुरू होने वाले हैं। आईओसी के फैसले ने भारत सहित कई देशों को ईस्पोर्ट्स को वैध खेल के रूप में समर्थन देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए प्रेरित किया है।

इस प्रक्रिया में महाराष्ट्र की सक्रिय भूमिका इसे डिजिटल खेल क्रांति में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करती है। उन्होंने कहा कि ईस्पोर्ट्स का विकास वैश्विक स्तर पर जारी है, 2023 एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप जैसे आयोजनों में ऐसे पुरस्कार दिए जा रहे हैं जो आईपीएल जैसी पारंपरिक खेल लीगों को टक्कर देते हैं। सऊदी अरब में 2027 ओलंपिक ईस्पोर्ट्स गेम्स में भी ईस्पोर्ट्स के प्रमुख होने की उम्मीद है, जहाँ दुनिया भर के खिलाड़ी ओलंपिक इतिहास में पहली बार प्रतिस्पर्धा करेंगे। ईस्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए, भारत सरकार ने दिसंबर 2023 में युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत ईस्पोर्ट्स को औपचारिक रूप से 'मल्टीस्पोर्ट इवेंट' के रूप में वर्गीकृत किया, जिससे इसकी स्थिति और मजबूत हुई। पिछले सप्ताह सरकार ने ईस्पोर्ट्स खिलाड़ियों को अन्य पारंपरिक खेलों की तरह ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नकद पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की है। ईस्पोर्ट्स एथलीटों के लिए बुनियादी ढाँचा, वित्त पोषण और अवसर विकसित करने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता की बदौलत महाराष्ट्र अब देश का ईस्पोर्ट्स हब बनने के लिए तैयार है।

श्याम लाल कॉलेज ने जीता पुरुष वर्ग का खिताब

नई दिल्ली, वार्ता। मेजबान श्याम लाल कॉलेज ने सोमवार को एकतरफा फाइनल मुकाबले में इंदि. रा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस को 7-2 से पराजित कर 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग का खिताब अपने नाम किया। आज यहां श्याम लाल कॉलेज के मैदान पर विजेता टीम के लिए आशीष और मोहित ने दो-दो और प्रवीण, दीपक और प्रत्यूष सिंह जग्गी ने एक-एक गोल दागे। वहीं पराजित टीम के लिए नवीन राठी और सुमित ने एक-एक गोल किया। चैंपियन श्याम लाल कॉलेज के मनमोहन को प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड श्याम लाल कॉलेज के प्रवीण को मिला। टूर्नामेंट के समापन समारोह के मुख्य अतिथि रोहतास नगर से बीजेपी के विधायक जितेंद्र महाजन, श्याम लाल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रबि नारायण कर रहे।

चैंपियंस ट्रॉफी: न्यूजीलैंड से रहना होगा सावधान

मुकाबले पाकिस्तान और दुबई में खेले जाएंगे, भारतीय गेंदबाजों पर रहेगी नजर, पाकिस्तान की बल्लेबाजी कमजोर

नई दिल्ली, वार्ता। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को शुरू होने में अब बस दो दिन बचे हैं। इसके मुकाबले पाकिस्तान और दुबई में खेले जाएंगे। भारतीय टीम अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगी। इस 50 ओवर के टूर्नामेंट में आठ टीमें भारत, पाकिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश और अफगानिस्तान एक्शन में दिखेंगी। मजबूती- बल्लेबाजी और स्पिन गेंदबाजी के दम पर भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान के साथ चैंपियंस ट्रॉफी में प्रबल दावेदारों में से एक होगी।

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत ने अपनी मेजबानी में इंग्लैंड को 3-0 से हराकर अपनी तैयारियों के संकेत दे दिए हैं। कप्तान रोहित शर्मा ने भी शतक लगाकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए हैं। विराट भी पुराने टच में दिखने लगे हैं। युवा बल्लेबाज शुभमन गिल बेहतरीन लय में हैं और मध्यक्रम को श्रेयस अ"यर मजबूती प्रदान कर रहे हैं। गेंदबाजी में भारत का स्पिन विभाग रवींद्र जडेजा, कुलदीप, अक्षर और वरुण की मौजूदगी से मजबूत नजर आता है। भारत के ग्रुप में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के अलावा बांग्लादेश और न्यूजीलैंड हैं। भारत दो बार ट्रॉफी जीत चुका है, पिछली बार चैंपियंस ट्रॉफी 2013 में इंग्लैंड में जीती थी जबकि 2002 में श्रीलंका के साथ संयुक्त विजेता था। पिछली दो बार से फाइनल में पहुंच रही भारतीय टीम का जीत प्रतिशत 69.2 है। उसने अब तक 29 में से 18 मैच जीते हैं। कमजोरी- तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति निश्चित रूप से भारत को बड़ा नुकसान पहुंचाएगी। बुमराह हाल के दिनों में तीनों फॉर्मेट्स में भारत के सबसे बड़े मैच विजेता के रूप में उभरे हैं। वह लगभग हर बार जब गेंदबाजी करते हैं तो एक विकेट की गारंटी देते हैं। बुमराह के नहीं होने से मोहम्मद शमी टीम के सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज होंगे। शमी ने खुद चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की है। इसलिए उनके फॉर्म को लेकर हमेशा अनिश्चितता बनी रहेगी। अवसर: वरुण चक्रवर्ती को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। मिस्ट्री स्पिनर ने इंग्लैंड के खिलाफ एक शानदार टी20 सीरीज खेली थी। यह टूर्नामेंट उनके लिए भारत की वनडे टीम में जगह बनाने का मौका हो सकता है। खतरा- पिछले साल आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल को छोड़कर भारत हाल के वर्षों में आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में ही लड़खड़ा गया है। भारत को इतिहास से सावधान रहना चाहिए बशर्ते वे इस बार फाइनल के लिए क्वालिफाई करें। मजबूती- मेजबान टीम के पास विध्वंसक खिलाड़ी हैं जो अपना दिन होने पर खतरनाक साबित हो सकते हैं। फखर जमां ने 2017 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत को परेशान किया था। वह बाबर आजम से ज्यादा खतरनाक हो सकते हैं। कप्तान मोहम्मद रिजवान और फिनिशर सलमान अली आगा शानदार फॉर्म में हैं। अपने घर में खेलने का पाकिस्तान को फायदा मिलेगा। उनके पास अच्छा तेज आक्रमण है, लेकिन कराची और रावलविंडी की पिचों से मदद मिलना जरूरी है ताकि शाहीन शाह आफरीदी, नसीम शाह और हारिस रऊफ कमाल दिखा सकें। कमजोरी- सैम अयूब की असामयिक चोट ने पाकिस्तान को ओपनिंग में कमजोर किया है। साथ ही बाबर के फॉर्म के बारे में भी टीम मैनेजमेंट को चिंताएं होंगी। यहां तक कि न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की मौजूदगी वाली त्रिकोणीय सीरीज में भी बाबर (10, 23 और 29) कुछ खास नहीं कर पाए थे। कामरान गुलाम, खुशदिल शाह और तैयब ताहिर को मौका मिलने पर उसे भुनाना होगा। खुशदिल और फहीम अशरफ इस टीम की कमजोर कड़ी हैं। घर पर पाटा पिच पर बल्लेबाज पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों की धुनाई कर सकते हैं।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 18 फरवरी 2025

सोशल मीडिया की जवाबदेही

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को कंटेंट के बाबत जवाबदेह बनाने की जरूरत है। इसके संचालकों को चाहिए कि रचनात्मक स्वतंत्रता के नाम पर सार्वजनिक शिष्टाचार का अतिक्रमण न करें। हाल के दिनों में सोशल मीडिया से जुड़े प्लेटफॉर्मों के कार्यक्रमों में स्वेच्छाचारिता और वर्जनाएं तोड़ने के अनगिनत मामले प्रकाश में आए हैं। जो भारतीय सामाजिक व पारिवारिक मूल्यों का अतिक्रमण करते हुए अराजक व्यवहार कर रहे हैं। पिछले दिनों संसद से लेकर सड़क तक यूट्यूब पर प्रसारित एक फूहड़ व अभद्र कार्यक्रम के खिलाफ कार्रवाई की मांग गूंजती रही, जिसमें अभद्रता से सामाजिक मर्यादा की सीमाएं लांघने की कुत्सित कोशिश हुई। पिछले दिनों कामेडियन समय रैना के यूट्यूब शो इंडियाज गाट टैलेंट में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर व यूट!यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने एक अश्लील, अभद्र व अमर्यादित टिप्पणी की। इस बदमिजाज यूट्यूबर ने शो के एक प्रतिभागी के माता-पिता के अंतरंग पलों के बारे में घोर निंदाजनक प्रश्न किए। जैसा अपेक्षित था, भारतीय परिवार व सांस्कृतिक मूल्यों पर हमला करने वाली टिप्पणी पर देश में भारी विवाद हुआ। देश के विभिन्न भागों में इस मामले में शिकायतें दर्ज की गईं, और राष्ट्रीय महिला आयोग ने ऐसे कार्यक्रमों के नियमन की मांग करते हुए कार्रवाई की सिफारिश की। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने यूट्यूब से इस विवादित कार्यक्रम को हटाने के निर्देश दिए। देश के राजनीतिक क्षेत्रों में भी इस विवाद को लेकर तीखी टिप्पणियां सामने आईं। इस विवाद ने देश में इस बहस को एक बार फिर तेज किया कि सामाजिक मूल्यों को लेकर अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा के निर्धारण और डिजिटल कंटेंट निर्माताओं की जवाबदेही कैसे तय की जाए। साथ ही रचनात्मक अभिव्यक्ति तथा सार्वजनिक शिष्टाचार में सामंजस्य कैसे बनाया जाए। दरअसल, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर लाइक और फालोअर्स बढ़ाने के लिए तमाम फूहड़ व तल्खीभरे कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाता है, ताकि इससे यूट्यूबरों की आय बढ़ सके। बदलते वक्त की विडंबना यह है कि धीर-गंभीर व उपयोगी कार्यक्रमों को दर्शकों का वह प्रतिसाद नहीं मिलता, जो ऊल-जलूल कार्यक्रमों को मिलता है। इन कार्यक्रमों के ज्यादा देखे जाने से सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का विज्ञापन भी बढ़ता है। इसी होड़ में अमर्यादित और विवादास्पद कार्यक्रमों की शृंखला का जन्म होता है। ऐसे में सवाल उठाया जा रहा है कि क्या सोशल मीडिया नियमन को लेकर बने कानून इस अराजकता पर अंकुश लगाने में सक्षम हैं, क्या इलेक्ट्रानिक माध्यमों के जरिये प्रसारित सामग्री पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम को सख्त बनाने की जरूरत है। क्या अश्लील अभिव्यक्ति को दंडनीय बनाने के लिए सख्त कानूनों की जरूरत है, सवाल यह भी है कि हंसी मजाक के कार्यक्रमों के लिए सामाजिक मर्यादाओं की सीमा कैसे तय की जाए, जाहिर है अब वक्त आ गया है कि मनोरंजक हास्य कार्यक्रमों और आपत्तिजनक कंटेंट के बीच सीमा का निर्धारण किया जाए। निस्संदेह, किसी लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अपरिहार्य शर्त है, लेकिन इसका अर्थ यह कदापि नहीं है कि हम तमाम सामाजिक व पारिवारिक मर्यादाओं को ताक पर रख दें। किसी भी सूरत में सोशल मीडिया को एंटी सोशल अभिव्यक्ति की आजादी नहीं दी जा सकती।

चीन के प्रति अपने नजरिए को बदले भारत

भारत को चीन को अपना दुश्मन मानना बंद कर देना चाहिए, चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है, चीन को दुश्मन मानने के बजाय उसे सम्मान देना चाहिए, मुझे समझ ही नहीं आता कि भारत को चीन से क्या खतरा है, हम सभी को साथ आकर काम करना चाहिए, भारत को चीन के प्रति अपने नजरिए को बदलने की जरूरत की है, हमारा रवैया पहले दिन से ही टकराव का रहा है। यह दुश्मनी पैदा करता है। मुझे लगता है कि हमें इस पैटर्न को बदलने की जरूरत है। यह किसी के लिए भी ठीक नहीं है, अब सभी देशों को एक साथ आने का समय है, हमें सीखने, संवाद बढ़ाने, सहयोग करने और मिलकर काम करने की जरूरत है, हमें कमांड और कंट्रोल की मानसिकता से बाहर निकलना होगा। चीन चारों ओर है, चीन बढ़ रहा है, हमें इसे पहचानना और समझना होगा।

सैम पित्रोदा
अध्यक्ष, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस

अमेरिकी हटधर्मी की हदें पार...

अमेरिका से अवैध प्रवासियों का तीसरा जत्था भारत लौट चुका है। तमाम विरोध के बाद भी पिछली बार की तरह इस बार भी विमान में मौजूद हर भारतीय के हाथ-पैर में हथकड़ियां और बेड़ियां लगाई गईं थी, जिसकी जानकारी पंजाब युवाओं ने बातचीत के दौरान दी है। अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीयों को एक बार फिर से हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां लगाकर भारत तक लाया गया। साफ जाहिर है की अमेरिका अपनी हठधर्मी से बाज नहीं आ रहा है। अमेरिका से लौटे पंजाब के युवाओं ने बताया कि डिटेंशन सेंटर से लेकर पूरे रास्ते में विमान से भारत की यात्रा तक उन्हें हाथों-पैरों से जंजीरों में बांध के रखा गया। बाथरूम जाने के दौरान भी उनके हाथों-पैरों पर बेड़ियां बंधी रही। अमेरिका से डिपोर्ट हुए दो युवकों को पंजाब की राजपुरा पुलिस ने किया गिरफ्तार कर लिया है। यह विडंबना ही है कि पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों, मानव अधिकारों व आदर्श जीवन मूल्यों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई को बलपूर्वक अंजाम दिया है। सुनहरे सपनों की आस में घर-खेत दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये देकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता ही है कि हमारी युवा शक्ति दुनिया के विभिन्न देशों में लुट-पिटकर अपमानजनक स्थितियों का सामना कर रही है। कभी उन्हें पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधी बंधक बनाकर ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं, तो कभी उन्हें धोखे से बिचौलिए रूसी सेना में भर्ती करवा देते हैं। कभी उन्हें इस्राइल-हमास के भयावह युद्धग्रस्त इलाके में काम की तलाश में पहुंचा दिया जाता है। लाखों भारतवंशियों ने अपनी मेधा व पसीने से अमेरिका की प्रतिष्ठा पर चार-चांद लगाए हैं। अंतरिक्ष में इतिहास रचने वाली कल्पना चावला से लेकर भारतवंशी कमला हैरिस, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से अमेरिका में उपराष्ट्रपति पद तक हासिल किया। यह विडंबना ही है कि मूलतः प्रवासियों द्वारा बसाए देश अमेरिका में आज सेना के बल पर बेहतर भविष्य की तलाश में आए प्रवासियों को खदेड़ा जा रहा है। मैक्सिको की सीमा पर दीवार खड़ी करके सेना तैनात की जा रही है। यह विडंबना ही कि प्रधानमंत्री मोदी की वाशिंगटन यात्रा से कुछ दिन पहले एक अमेरिकी सैन्य विमान से दो सौ से अधिक कथित अवैध भारतीय प्रवासियों को जबरन वापस भारत लाया गया है। निश्चित रूप से संकीर्णतावादी सोच का पक्षधर ट्रम्प प्रशासन दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ वैसा व्यवहार नहीं कर सकता जैसा कि वह अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरास, पेरू के प्रवासियों के साथ कर रहा है। हालांकि, एक अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत, अमेरिका में गए सर्वाधिक अवैध अप्रवासियों वाले देशों में शुमार है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई निर्वासन उड़ान विसंगतियों व विडंबनाओं की ही घोतक है।

हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने का प्रयास किया। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास किए उन्होंने ट्रम्प प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिए तैयार है। निस्संदेह, भारत ने समझदारी से टकराव टालने का सार्थक प्रयास किया, ताकि मोदी-ट्रम्प की मुलाकात से पहले दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट न घुले। निश्चय ही तुनक मिजाज ट्रम्प व उनके प्रशासन से इस मुद्दे पर अड़ने में कोई समझदारी भी नहीं थी। ऐसी ही स्थिति पर कोलम्बिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो द्वारा अपने प्रवासी नागरिकों से भरे अमेरिकी सेना के जहाज को न उतरने देने की घोषणा करके अपने लिए अपमानजनक स्थितियां पैदा कर दी थी। पहले उन्होंने निर्वासित लोगों को ले जाने वाली सैन्य उड़ानों को स्वीकार करने से मना कर दिया था, लेकिन फिर राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा कोलंबिया पर टैरिफ और प्रतिबंध लगाने की धमकी के बाद उन्होंने यू-टर्न ले लिया। अब वही कोलंबिया के राष्ट्रपति प्रवासियों से तुरंत घर आने और सामाजिक संपदा के निर्माण में योगदान का अनुरोध कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारत के पास अमेरिका से निर्वासन के लिए चिह्नित अपने करीब अट्ठारह हजार कथित अवैध प्रवासी नागरिकों के पुनर्वास को लेकर कोई योजना है? सरकार कैसे सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में ये लोग फिर किसी आप्रवासन का दुस्साहस नहीं करेंगे। निश्चित रूप से समय की मांग है कि बेईमान ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी कार्रवाई की जाए, जो युवाओं को सुनहरे सपने दिखाकर अवैध रूप से अमेरिका व अन्य देशों में भेजते हैं। निस्संदेह, विकसित भारत का सपना दूर की कौड़ी है, लेकिन सबसे पहली प्राथमिकता देश की युवा शक्ति को कुशल बनाने तथा रोजगार के आकर्षक अवसर पैदा करना होनी चाहिए। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान कानूनी प्रवासन को सुव्यवस्थित करने का एजेंडा सर्वोपरि होना चाहिए।

कब्ज की समस्या का जड़ से इलाज करेगा मसाले का पानी...

स्वस्थ रहने के लिए रोजाना पेट का साफ होना और डाइजेशन का हेल्दी होना बेहद जरूरी होता है। हालांकि अक्सर लोग पेट साफ न होने या फिर कब्ज की समस्या को मजाक में ले लेते हैं। लेकिन हेल्दी डाइजेशन में हेल्दी सेहत का राज छिपा है। पेट सही से साफ न होने पर, भारीपन, पेट में ऐंठन, छाती में जलन, सिरदर्द, बवासीर और गैस हो सकती है। वहीं रोजाना पेट साफ करने के लिए लोग सीरप या फिर टैबलेट का सहारा लेते हैं। लेकिन यह सही नहीं माना जाता है।

बता दें कि आप कब्ज की समस्या को दूर करने के लिए रसोई में मौजूद कुछ मसालों के पानी का सेवन कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इन्हीं मसालों से बनने वाली एक ड्रिंक के बारे में बता रहे हैं। जो आपको कब्ज की समस्या से राहत देने में मदद करेगा।

सामग्री...

- अजवाइन- चौथाई टीस्पून
- जीरा- चौथाई टीस्पून
- धनिये के बीज- 1 टीस्पून
- घी- 1 टीस्पून
- पानी- 1 गिलास

विधि...

सबसे पहले एक पैन में सभी चीजों को ड्राई रोस्ट कर लें। फिर इन सभी चीजों को पीस लें और एक गिलास में गुनगुना पानी लें। इसके बाद इसमें घी डालकर इसको अच्छे से मिक्स कर लें। अब रोजाना सुबह खाली पेट इसका सेवन करें।

आजमाएं यह घरेलू नुस्खा

पेट की गैस और ऐंठन को दूर करने में अजवाइन सहायता करती है। इसमें मौजूद फाइबर मल त्याग को

मुलायम बनाकर इसको आसानी से बाहर निकालने में मदद करती है।

अजवाइन में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट मौजूद होता है, जो सूजन को कम करता है। इसमें मौजूद थाइमोल हमारे पाचन को दुरुस्त बनाता है और गैस व बदहजमी से भी राहत देता है।

वहीं जीरे को नैचुरल लैक्सेटिव माना जाता है। जोकि पेट को साफ करने में मदद करता है। इससे डाइजेस्टिव एंजाइम्स का सीक्रेशन बढ़ता है और पाचन आसान होता है। बता दें कि जीरा अपच दूर करने में सहायक होता है और शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। साथ ही इसका सेवन करने से ब्लोटिंग और गैस में भी आराम मिलता है। वहीं अजवाइन और जीरा मोटापा कम करने में मदद करता है।

घी एक नेचुरल लुब्रिकेंट होता है और इसमें हेल्दी फैट्स और ब्यूरेटिक एसिड पाया जाता है। इससे मल आसानी से बाहर निकलता है और कब्ज दूर होता है।

अगर आप गुनगुने पानी में घी मिलाकर पीती हैं। तो इससे डाइजेस्टिव एंजाइम्स का सीक्रेशन बढ़ता है और कब्ज की समस्या दूर होती है।

धनिया के बीज और पत्ता दोनों ही कब्ज की समस्या दूर करने में सहायक होता है। इससे शरीर में मौजूद टॉक्सिन्स बाहर निकलता है और खाना अच्छे से पचता है।

कोरल भी चलते हैं लेकिन घोंघों से भी धीमे

अधिकतर कोरल को देखकर ऐसा लग सकता है कि वे बस एक जगह जमे रहते हैं, अपनी जगह छोड़कर जरा भी यहां-वहां टहलते नहीं। बस अपना भोजन पाने के लिए थोड़ा लहरा-लहरा कर पास से गुजरते जंतु-प्लवकों को पकड़ लेते हैं। लेकिन इनकी कुछ प्रजातियां थोड़ा घुमक्कड़ भी होती हैं। ऐसी ही कुछ घुमक्कड़ प्रजातियां मशरूम कोरल (**Fungiidae**) कुल की सदस्य हैं। इस कुल के सदस्य देखने में ऐसे लगते हैं जैसे कोमल सुइयों का कोई चमकीला तकिया हों।

अवलोकनों से इतना तो पता चल चुका है कि मशरूम कोरल कुल के कुछ सदस्य स्थिर और माकूल तापमान और प्रचुर भोजन के लिए भीड़-भाड़ वाले उथले समंदर से शांत, गहरे समंदर की ओर कूच करते हैं। लेकन यह सवाल अब तक सवाल ही था कि ये कोरल गति कैसे करते हैं? क्या ये शांत गहरे पानी तक पहुंचने के लिए अन्य जीवों (के शरीर) से 'लिफ्ट' लेते हैं? या वे अपने ऊतकों का इस्तेमाल नाव की पाल की तरह करते हैं, जिस तरह हवाएं पाल के जरिए नाव को गति देती है वैसे ही पानी पालनुमा ऊतक के सहारे इन्हें बहा ले जाता है।

प्लॉस वन में एक अध्ययन प्रकाशित हुआ है, जिसमें कोरल के बारे में उपरोक्त अनुत्तरित सवाल का जवाब खोजने की कोशिश की गई है। डिस्क कोरल (**Cycloseris cyclolites**) पर अध्ययन कर शोधकर्ताओं ने पाया कि गुंबद सरीखे शरीर वाले डिस्क कोरल प्रकाश स्रोत की दिशा में 'जाने' के लिए अपने शरीर को लुढ़काते हैं, फिसलाते हैं, और क्रमाकुंचन (यानी क्रमशरू फैलना-सिकुड़ना) की मदद से आगे बढ़ाते हैं। कोरल बेहतर पकड़ के लिए अपने बाहरी ऊतकों के कुछ हिस्सों को फुलाते हैं, फिर अपने ऊतकों को थोड़ा मरोड़ते हैं, फिर और संकुचित होकर अपने शरीर को आगे की ओर खींचते हैं। यानी कोरल काफी हद तक जेलीफिश की चाल चलते हैं।

स्रोत फीचर्स

यह भी देखा गया कि कोरल विशेष रूप से नीली रोशनी के प्रति संवेदनशील होते हैं-कुछ मामलों में कोरल प्रकाश स्रोत की ओर 22 से.मी. तक बढ़े थे। चूंकि नीला प्रकाश अन्य रंगों की तुलना में पानी में अधिक गहराई तक जाता है, इसलिए इस रंग की रोशनी मशरूम कोरल को अपनी पसंदीदा छायादार और माकूल गहराई तक पहुंचने में मदद कर सकती है। एक और बात पता चली कि जैसे-जैसे कोरल बड़े होते जाते हैं उनके लिए घूमना मुश्किल होता जाता है। इसलिए वे ऐसी गति से आगे बढ़ते हैं कि चलना भारी न पड़े। वैसे, लगता तो ऐसा है कि उन्हें अपने गंतव्य पर पहुंचने की कोई जल्दी नहीं होती। कोरल हर 24 घंटे में औसतन 4.5 से.मी. नीली रोशनी की ओर बढ़ते हैं-सुस्ती के लिए मशहूर घोंघे से भी बहुत, बहुत धीमी गति से।

यूएस के रवैये से सचेत रहने की जरूरत...

पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाशिंगटन यात्रा संक्षिप्त, लेकिन सुर्खियां बटोरने वाले घटनाक्रमों से भरी रही। यह यात्रा संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ लेने के एक महीने से भी कम समय बाद हुई और मोदी उनके साथ द्विपक्षीय बैठकें करने वाले इजराइल, जापान और जार्डन जैसे अमेरिका के करीबी सहयोगी देशों के नेताओं के बाद दुनिया के चौथे नेता बने। बाद में जारी संयुक्त वक्तव्य में कई महत्वपूर्ण चर्चाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

यों तो कई घोषणाएं भारत द्वारा अमेरिकी सामानों की खरीद और अमेरिका में निवेश पर केंद्रित थीं, लेकिन वे उन कुछ सख्त कदमों से बचने में कामयाब रहीं, जिनकी आशंका कई लोगों ने जताई थी। दोनों पक्षों ने 'मिशन 500' (2030 तक 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार) का शुभारंभ किया और मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा शुरू की, जिसके मसौदे के पहले चरण के इस साल सामने आने की संभावना है। ट्रम्प ने अमेरिकी ऊर्जा, तेल तथा रक्षा उपकरणों की भारतीय खरीद में बढ़ोतरी का एलान किया और इस कदम से कुल 130 बिलियन अमेरिकी डॉलर के माल व्यापार में 45.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के अमेरिकी व्यापार घाटे को संतुलित करने में मदद मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को सुव्यवस्थित करने के वास्ते 21वीं सदी की सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य एवं प्रौद्योगिकी के लिए एक नए समग्र ढांचे, काम्पैक्ट, या उत्प्रेरक अवसरों को लेकर भी समझौता हुआ।

दोनों पक्षों ने इस साल एआई के बुनियादी ढांचे से जुड़ा एक रोडमैप विकसित करने की प्रतिबद्धता के साथ सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग और एआई पर ध्यान केंद्रित करते हुए, बाइडेन युग की 'अहम एवं उभरती हुई तकनीक संबंधी पहल (आईसीईटी)' को 'रणनीतिक तकनीक के उपयोग के जरिए पारस्परिक संबंधों का रूपांतरण (ट्रस्ट)' के रूप में नए सिरे से परिभाषित किया। एक महत्वपूर्ण क्षण तब आया जब ट्रम्प ने 26/11 हमलों में शामिल तहव्वुर राणा को मुकदमा चलने के मकसद से भारत को प्रत्यर्पित करने की मंजूरी का ऐलान किया। एकबारगी ट्रम्प की अपरंपरागत टिप्पणियों और इस प्रारूप में मीडिया के साथ मोदी के विरले संवाद से उठे गर्दोगुबार के थम जाने के बाद, भारत को इस यात्रा से व्यापक निहितार्थों का आकलन करना चाहिए। सकारात्मक दृश्यावलियां और दोनों नेताओं के बीच का सौहार्द अगले चार सालों के दौरान भारत-अमेरिका संबंधों के लिए एक मजबूत नींव का संकेत देते हैं। हिंद-प्रशांत जुड़ाव और क्वाड सहित रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख क्षेत्रों में भी स्पष्ट निरंतरता है और इस साल के अंत में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन में शिरकत करने के लिए ट्रम्प की दिल्ली की

योजनाबद्ध यात्रा से इन प्रतिबद्धताओं के मजबूत होने की उम्मीद है। हालांकि भारत और अमेरिका के एजेंडे में आर्थिक चर्चा, व्यापार, ऊर्जा, परमाणु सहयोग और रक्षा संबंधी मसलों के ही हावी रहने की संभावना है, जोकि ट्रम्प के पहले कार्यकाल की याद दिलाते हुए द्विपक्षीय रिश्ते को एक लेन-देन वाला मोड़ देता है। इस बात के बहुत ज्यादा सबूत नहीं हैं कि मोदी की यात्रा ने जवाबी-शुल्क और पारस्परिक कर लगाने के मसले पर ट्रम्प के रुख को काफी हद तक नरम कर दिया या सैन्य जहाजों में भरकर भेजे जाने वाले बिना दस्तावेज वाले अप्रवासियों के निर्वासन के दौरान अपेक्षाकृत ज्यादा मानवीय नजरिया अपनाने के लिए उन्हें तैयार कर लिया। ये मसले आगे चलकर भारत सरकार के लिए चुनौतियां पेश कर सकते हैं। अब जबकि भारत अमेरिका के नए प्रशासन के साथ जुड़ रहा है, उसे सावधानीपूर्वक अपने हितों का आकलन करना चाहिए और जहां जरूरी हो वहां अपनी स्थिति पर जोर देना चाहिए तथा जरूरत के हिसाब से अपनी रणनीतिक व आर्थिक प्राथमिकताओं की रक्षा के लिए मजबूत कदम उठाने चाहिए।

शाह टाइम्स

दिल्ली का ताज

मंगलवार, 18 फरवरी 2025

सीएम के नामों पर संघ से नहीं मिली हरी झंडी!

बीजेपी दे सकती है दिल्ली में सरप्राइज, पहले भी बदले हैं कई सीएम के चेहरे

नई दिल्ली। दिल्ली की कमान होगी किसके हाथ यह इस वक्त का सबसे बड़ा सवाल है। सोमवार को विधायक दल की बैठक तय हुई थी, जिसमें यह कहा जा रहा था कि दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री का ऐलान संभवत: हो जाएगा। लेकिन यह बैठक फिर से टल गई है। ऐसे में कई ऐसे कयास हैं जो लगाए जा रहे हैं।

क्या संघ से नहीं मिली है मंजूरी

इस समय अगर बीजेपी के पास सबसे बड़े फैक्टर है तो वो है कि बिना आरएसएस के किसी भी बड़े नेता का ऐलान नहीं हो सकता है। ऐसे में सूत्रों की मानें, तो कहा जा रहा है कि संघ दिल्ली की कमान उस नेता को देना चाहता है जो संघ का करीबी भी हो और बहुसख्यक वोट बैंक को साधने में भी वो सक्षम हो अगर ऐसा होता है, तो दिल्ली में नूपुर शर्मा के नाम पर मुहर लग सकती है।

आज होनी थी बैठक

इस बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षकों को मौजूदगी में विधायक दल के नेता का चयन किया जाएगा और उसके बाद एलजी के पास जाकर सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा। पार्टी के विधायकों को भी यह संदेश दे दिया गया था कि सोमवार को उन्हें दिल्ली में ही रहना है। शाम तक ऐसी भी खबरें आई कि विधायक दल की बैठक के बाद मंगलवार को शपथ ग्रहरण समारोह भी हो सकता है।

19 को होगी अब बैठक

पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बैठक को अभी स्थगित कर दिया गया है।

अब 20 तारीख को या उसके बाद बैठक बुलाई जाएगी। कारण यह बताया गया कि 19 तारीख को दिल्ली के झंडेवालान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय का उद्घाटन होना है, पार्टी के भी कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इसी वजह से अब 20 तारीख के बाद निर्णय लिया जाएगा।

टलने का बताया जा रहा है यह कारण

हालांकि, विधायक दल की बैठक को टालने के पीछे एक बड़ा कारण नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुए हादसे को भी माना जा रहा है, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे के बाद से ही केंद्र सरकार, केंद्रीय रेल मंत्री और रेलवे प्रशासन विपक्ष के निशाने पर हैं। मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए बीजेपी ने रविवार को अपने सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए थे।

बीजेपी आसानी से बदल देती है सीएम

सीएम को लेकर अंतिम निर्णय निश्चित रूप से केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से किया जाता है। केंद्रीय नेतृत्व 2014 से दस बार विभिन्न राज्यों में सीएम बदल चुका है। इसमें उत्तराखंड और गुजरात में दो-दो बार मुख्यमंत्री बदलना शामिल है। सीएम बदलने के इस बड़े काम को संभालना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राज्यों और बीजेपी के कार्यकर्ताओं में व्यापक अपील का स्पष्ट प्रतिबिंब है।

लो प्रोफाइल वाले नए चेहरों की नियुक्ति

नई दिल्ली। तथ्य यह है कि बीजेपी ने 2014 के बाद 12 मौकों पर काफी लो प्रोफाइल वाले नए चेहरे नियुक्त किए हैं। इनमें 2024 के लोकसभा चुनावों से ठीक पहले और एक के बाद चार शामिल हैं। यह भी एक कड़ा संदेश देता है। पार्टी के एक नेता ने समझाया कि बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व एक ऐसा सख्त शासन चलाना चाहता है जिसमें कोई भी क्षेत्रीय नेता संगठन से बड़ा न हो और पार्टी की राज्य इकाइयां संगठन कैडर संचालित होनी चाहिए, न कि व्यक्तित्व संचालित।

पुराने CM को केंद्र में दिया मौका

सीएम बदलने के बाद इनमें से कई नेताओं को केंद्र का हिस्सा बना दिया गया। असम के पूर्व सीएम सर्बानंद सोनोवाल और शिवराज चौहान जो वर्तमान में केंद्रीय मंत्री हैं। इसी तरह, हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर भी केंद्रीय मंत्री हैं। 2014 में सीएम पद के लिए चुने गए कई नेता ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ पाए और लोकसभा में हैं। इनमें हरियाणा में मनोहर खट्टर, उत्तराखंड में त्रिवेंद्र रावत, कर्नाटक में बसवराज, त्रिपुरा में बिप्लब देब शामिल हैं।

दिल्ली प्रदेश के मुख्यमंत्रियों की सूची

चौधरी ब्रह्म प्रकाश 17 मार्च 1952 से 12 फरवरी 1955 तक वो दिल्ली के पहले सीएम रहे हैं।

गुरुमुख निहाल सिंह 12 फरवरी 1955 से 1 नवम्बर 1956 तक दिल्ली के दूसरे सीएम बने थे।

मदन लाल खुराना 2 दिसम्बर 1993-26 फरवरी 1996 तक दिल्ली की तीसरे सीएम के रूप में कमान संभाली।

साहिब सिंह वर्मा 26 फरवरी 1996-12 अक्टूबर 1998 तक सीएम रहे हैं।

सुषमा स्वराज 12 अक्टूबर 1998-3 दिसम्बर 1998 तक दिल्ली की 5वीं सीएम रहीं थी।

शीला दीक्षित ने 3 दिसम्बर 1998 से 28 दिसम्बर 2013 तक दिल्ली की सीएम की कमान संभाली

अरविन्द केजरीवाल 28 दिसम्बर 2013-14 फरवरी 2014 तक तीन बार दिल्ली के सीएम रहे।

15 फरवरी 2014 - 13 फरवरी 2015 तक दिल्ली में राष्ट्रपति शासन रहा।

आतिशी मार्लेना 21 सितम्बर 2024-वर्तमान तक दिल्ली की सीएम हैं।

भाजपा ने कई बार किए प्रयोग, गलत भी साबित हुए फैसले

कर्नाटक में गलत साबित हुए

कर्नाटक में 2023 में विधानसभा चुनाव हुए और सत्तारूढ़ बीजेपी को बड़ी हार मिली थी। राज्य में कांग्रेस ने सरकार बनाई। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव से ठीक डेढ़ साल पहले बीजेपी ने सीएम फेस बदला था। बीजेपी ने जुलाई 2021 में कर्नाटक के तत्कालीन सीएम बीएस येदियुरप्पा को पद से हटाया और सीएम पद की जिम्मेदारी बसवराज बोम्मई को सौंप दी। दक्षिण के दुर्ग को बचाने के लिए बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने जोर-शोर से कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

उत्तराखंड में हुए प्रयोग

सीएम चेहरा बदलकर सत्ता में वापसी का बीजेपी का सबसे सफल प्रयोग उत्तराखंड का रहा है। उत्तराखंड में बीजेपी नेतृत्व को अंदाजा हो चुका था कि पार्टी जबरदस्त एंटी इनकंबेंसी लहर से जूझ रही है। इसकी काट के लिए बीजेपी ने दो बार राज्य में अपने मुख्यमंत्री बदले। 2017 में बीज. `पी जब उत्तराखंड में चुनाव जीती, तो त्रिवेंद्र सिंह रावत को सीएम बनाया गया। 2021 आते-आते रावत के खिलाफ विधायकों का असंतोष बढ़ गया। लिहाजा आलाकमान ने रावत को सीएम पद से हटा दिया और 10 मार्च 2021 को राज्य की बागडोर तीरथ सिंह रावत को सौंप दी गई। तीरथ सिंह रावत सत्ता, जनता और प्रशासन पर छाप छोड़ने में सफल नहीं रहे और 4 महीने बाद सीएम पद से उनकी छुट्टी हो गई। उसके बाद 4 जुलाई 2021 को पुष्कर सिंह धामी को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया गया। मार्च 2022 में बीजेपी पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चुनावी जंग में उतरी और जीत हासिल की।

शपथग्रहण के लिए रामलीला मैदान तैयार

दिल्ली की राजनीति में हलचल तेज हो चुकी है। आने वाले 48 घंटों में दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री का फैसला होने वाला है, जिस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। हाल ही में सम्पन्न हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने 48 सीटों पर जीत हासिल की है और अब पार्टी का ध्यान मुख्यमंत्री के चयन और शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों पर केंद्रित है। 20 फरवरी को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होगा। इस संबंध में विभिन्न सरकारी विभाग और संबंधित एजेंसियां तैयारियों में जुटी हैं।

भूपेंद्र ने दिलाई कामयाबी

पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का गृह राज्य होने की वजह से यहां की छोटी सी राजनीतिक और सामाजिक हलचल का राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव पड़ता है। इसलिए बीजेपी के लिए इस राज्य की सत्ता बेहद महत्वपूर्ण है। 2017 में जब बीजेपी की इस राज्य में सरकार बनी तो विजय रूपानी सीएम बने। रूपानी का कार्यकाल दिसंबर 2022 में खत्म हो रहा था, लेकिन बीजेपी ने माहौल भांपते हुए विधानसभा चुनाव से पहले सितंबर 2021 में ही नेतृत्व में बदलाव कर दिया और सीएम पद की जिम्मेदारी भूपेंद्र पटेल को दे दी।

त्रिपुरा में साहा के सजा ताज

त्रिपुरा में लेफ्ट का किला ध्वस्तकर बीजेपी ने मार्च 2018 में पहली बार कमल खिलाया। इस विस्मयकारी विजय के बाद बीजेपी ने मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी बिपल्ब देव को। बिपल्ब देब का कार्यकाल 2023 में खत्म होने वाला था, लेकिन विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले बीजेपी ने राज्य में नेतृत्व परिवर्तन कर दिया। बीजेपी ने बिपल्ब देब को संगठन में भेज दिया और सीएम की कुर्सी दी माणिक साहा को।

मणिपुर में बीरेन का इस्तीफा

मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के 21 महीने बाद मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। बीरेन सिंह के खिलाफ सोमवार से शुरू होने वाले विधानसभा के बजट सत्र में अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी थी। प्रदेश बीजेपी में भी पिछले कुछ महीनों से सीएम बदलने को लेकर लामबंदी हो रही थी। बीजेपी के कुछ वरिष्ठ विधायकों ने दिल्ली जाकर केंद्रीय नेतृत्व के सामने कई बार यह मांग रखी थी।